Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09




खेल

**ईशान बोले-हमने परफेक्ट टीम चुनी थी, दूसरे टी-20 मुकाबले में हार के बाद...**



देश

**चंद्रिमा को एक महीने पहले ही बनाया था पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष वह भी बागियों से जा मिली!**


कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 06 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 214 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,34,500 | ₹ 2,50,000 |

## आज का इतिहास

**1892 :** दादाभाई नौरोजी पहले भारतीय ब्रिटेन में संसद सदस्य के रूप में चुने गए।

**2006 :** भारत और चीन को जोड़ने वाले हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा नाथू ला, जो चीन-भारतीय युद्ध के दौरान सील किया गया था, 40 से अधिक वर्षों के बाद व्यापार के लिए फिर से खुल गया।

## न्यूज बाइट्स

### मोतिहारी हवाई पट्टी से जल्द शुरू होगी उड़ान, 25 एकड़ में बनेगा रनवे

**पटना (नि.सं.)** । पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय स्थित मोतिहारी हवाई अड्डा मैदान से जल्द ही छोटे विमानों की उड़ान शुरू होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत मोतिहारी को हवाई नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रारंभिक प्रक्रिया के तहत विशेषज्ञों की टीम ने हवाई अड्डा परिसर का भौतिक निरीक्षण पूरा कर लिया है। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध भूमि, रनवे निर्माण की संभावनाओं और अन्य तकनीकी पहलुओं का आकलन किया गया। तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद उपलब्ध करीब 25 एकड़ भूमि पर रनवे निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद मोतिहारी से छोटे विमानों का परिचालन संभव हो सकेगा, जिससे क्षेत्र को बेहतर हवाई संपर्क मिलेगा।

### तीजन बाई का निधन दुखद : मुख्यमंत्री

**पटना (नि.सं.)** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपनी अद्वितीय कला, सशक्त स्वर और समर्पण से भारतीय लोक संस्कृति को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उनका अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके असंख्य प्रशंसकों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों से समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा

# जी राम जी योजना के लिए राज्यों को ₹25,863 करोड़ की पहली किस्त जारी

- योजना के तहत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई।
- देश के किसी भी राज्य में अब मजदूरी 300 प्रतिदिन से कम नहीं होगी।

**एजेंसी** | नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी–जी राम जी) के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजना के सफल संचालन के लिए राज्यों को 25,863 करोड़ की पहली किस्त (मदर सैंक्शन) जारी की। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प था कि एक जुलाई 2026 से विकसित भारत–जी राम जी योजना पूरे देश में बिना किसी व्यवधान के लागू हो। उन्होंने बताया कि योजना देशभर में सफलतापूर्वक लागू हो चुकी है और मनरेगा से विकसित भारत–जी राम जी में परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी तरह सहज एवं सुचारु रही है। अब तक योजना के संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गरीब मजदूर भाई-बहनों की सेवा ही भगवान की सेवा है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना, समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण करना है।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत–जी राम जी योजना के तहत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब देश के किसी भी राज्य में मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन से कम नहीं होगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण श्रमिकों की आय और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों को जारी की गई 25,863 करोड़ की पहली किस्त का उद्देश्य आवश्यक वित्तीय संसाधन समय पर उपलब्ध कराना है, ताकि श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अपनी हिस्सेदारी की राशि भी समय पर जारी करने का आग्रह किया, जिससे भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत–जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पहली किस्त राज्यों की मांग के आधार पर जारी की गई है और भविष्य में भी आवश्यकता के अनुसार धन उपलब्ध कराया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम सभाओं और ग्राम पंचायतों से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से गांवों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

### मनाली से लौटते समय भोजपुर में हुआ भीषण हादसा

# 120 की रफ्तार में कंटेनर से भिड़ी स्कॉर्पियो नवविवाहित दंपती समेत तीन की हुई मौत

## गेट काटकर निकाले गए शव, एक युवक गंभीर घायल





**निज संवाददाता** | आरा (भोजपुर)

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में रविवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में नवविवाहित दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए वाहन का गेट काटना पड़ा। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना रविवार सुबह करीब 5:30 बजे बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा के पास हुई। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि स्कॉर्पियो करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। तेज गति के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े कंटेनर (ट्रेलर) के पीछे जा भिड़ी।

हादसे में झारखंड के देवघर निवासी प्रकाश सिंह (32), उनकी पत्नी पल्लवी सिंह (28) तथा प्रकाश के फुफेरे देवर सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र निवासी सौरभ कुमार (24) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार एक अन्य युवक, जो मृतकों का मित्र बताया जा रहा है, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश सिंह मूल रूप से सारण जिले के रहने वाले थे, लेकिन लंबे समय से देवघर में परिवार के साथ रह रहे थे और जियो कंपनी में कार्यरत थे। उनकी शादी इसी वर्ष 12 फरवरी को पल्लवी सिंह से हुई थी। शादी के बाद दोनों पहले नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। इसके बाद कुल्लू-मनाली घूमने पहुंचे और फिर नोएडा स्थित अपने बहनोई के घर ठहरे। शनिवार को वे नोएडा से देवघर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। स्कॉर्पियो के आगे बैठे पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे दो युवकों में से एक ने दम तोड़ दिया। कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव दल को वाहन का दरवाजा काटना पड़ा।

स्थानीय निवासी मुन्ना राय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन से कुल 10 मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से आठ पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिले। सूचना मिलते ही बिहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि ओवरस्पीड के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

## रोहतास उद्योग की 208 डिसमिल जमीन की नीलामी पर हाईकोर्ट की रोक से इनकार

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** डालमियानगर स्थित बंद पड़े रोहतास उद्योग समूह की मथुरी स्थित 208 डिसमिल जमीन की नीलामी पर पटना हाईकोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि बिक्री (सेल) की प्रक्रिया को इस स्तर पर स्थगित नहीं किया जा सकता। इस फैसले के बाद 13.03 करोड़ रुपये में हुई जमीन की नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जानकारी के अनुसार, यह जमीन वर्ष 1959 में तत्कालीन भूमि अधिग्रहण कानून के तहत सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई थी। इसके बाद 28 जुलाई 1959 को इसे रोहतास उद्योग समूह, डालमियानगर को आवंटित कर दिया गया था। अधिग्रहण के समय संबंधित भू-स्वामियों को नियमानुसार मुआवजा भी दिया गया था। जमीन के मूल रैयत निहोरा सिंह सहित 27 अन्य लोगों ने अधिग्रहित भूमि वापस करने की मांग को लेकर पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका तर्क था कि कंपनी द्वारा जमीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है, इसलिए इसे मूल मालिकों को लौटाया जाए। हालांकि, हाईकोर्ट ने 6 सितंबर 2012 को इस याचिका को खारिज कर दिया था। अब नीलामी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग भी अदालत ने अस्वीकार कर दी है। कोर्ट के इस फैसले से स्पष्ट हो गया है कि जमीन की बिक्री की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित नियमों के अनुसार जारी रहेगी। लंबे समय से बंद पड़े रोहतास उद्योग समूह की परिसंपत्तियों के परिसमापन की प्रक्रिया पहले से ही चरणबद्ध तरीके से चल रही है और इसी क्रम में विभिन्न संपत्तियों की नीलामी की जा रही है।

**मूल रैयतों की मांग पहले ही हो चुकी है खारिज, 13.03 करोड़ रुपये में हुई जमीन की बिक्री प्रक्रिया जारी**

# वीबी जीराम जी में बिहार को मिले 1663 करोड़

**निज संवाददाता** | पटना

केंद्र सरकार ने बिहार के लिए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी-जी रामजी) योजना के तहत 1663.56 करोड़ जारी किया है। यह राशि ग्रमीण विकास के लिए है और इससे काम की गारंटी 125 दिन होगी। योजना का उद्देश्य अकुशल मजदूरों को रोजगार प्रदान करना और विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) योजना के तहत बिहार के लिए 1663.56 करोड़ जारी कर दिया है। यह राशि योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में पूर्व में राज्य के लिए निर्धारित 6715 करोड़ 83 लाख के अंतरिम बजट से जारी की गई है। राज्यों के लिए जारी इस राशि की जानकारी रविवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों के मंत्री और विभागीय पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक के माध्यम से दी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जारी यह राशि आगामी तीन महीने के लिए है। इस राशि में राज्य सरकार खुद का अंश मिलाकर पंचायतों में विकास के लिए नया अध्याय जोड़ेगी। केंद्र सरकार से इस राशि के जारी होने से योजनाओं के क्रियान्वयन में रफ्तार आएगी और मुख्य रूप से अकुशल मजदूरों को त्वरित रोजगार और भुगतान करने का रास्ता साफ होगा।

# छोटे स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों के लिए नई पंजीकरण नियमावली लागू

- 1 से 40 बेड वाले सभी छोटे अस्पताल, नर्सिंग होम, मैटरनिटी क्लीनिक और स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों के लिए पंजीकरण अनिवार्य।

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, मैटरनिटी क्लीनिक और छोटे निजी अस्पतालों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 'बिहार लघु और मध्यम स्वास्थ्य प्रतिष्ठान (स्थापना एवं पंजीकरण) नियमावली, 2026' को अधिसूचित कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत अब 1 से 40 बेड क्षमता वाले सभी छोटे अस्पतालों, नर्सिंग होम और क्लीनिकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा। इस नियमावली को लेकर पटना हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार की पहल की सराहना की है। न्यायमूर्ति राजीव राय की एकल पीठ ने भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की कार्रवाई को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सुनवाई के दौरान एक कथित अस्पताल की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि वह केवल दो कमरों का सेटअप था, जिसे अस्पताल नहीं माना जा सकता। इस मामले में कोर्ट की सहायता करने वाले राज्य सरकार के अधिवक्ता प्रशांत प्रताप के प्रयासों की भी न्यायालय ने विशेष रूप से प्रशंसा की। सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष ने अदालत को बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या 18/ आईएससी.-18/2025-555(18)/ स्वास्थ्य के तहत नई नियमावली को सख्ती से लागू किया जा रहा है। सरकार ने अदालत को आश्वस्त किया कि सभी छोटे स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों पर प्रभावी रोक लग सकेगी। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए मामले का निष्पादन कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि के हस्ताक्षर से जारी इस नियमावली के तहत प्रत्येक जिले में सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पंजीकरण प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। यह प्राधिकरण पंजीकरण, निरीक्षण और नियमों के अनुपालन की निगरानी करेगा। नई व्यवस्था में नियमों के उल्लंघन पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। सामान्य नियमों के प्रथम उल्लंघन पर 10 हजार रुपये, दूसरी बार 25 हजार रुपये और इसके बाद प्रत्येक उल्लंघन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। बिना पंजीकरण अस्पताल या क्लीनिक संचालित करने पर पहली बार 10 हजार रुपये तथा दूसरी बार 25 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

## टीआरई-3 में 18 माह के डीएलएड वाले शिक्षकों पर कार्रवाई तेज

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति (टीआरई-3) के तहत 18 माह के डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) के आधार पर नियुक्त शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक के निर्देश के बाद जिला शिक्षा विभागों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियुक्ति विज्ञापन में निर्धारित शर्तों के अनुसार 18 माह का डीएलएड विद्यालय अध्यापक पद के लिए मान्य नहीं है। शिक्षा विभाग के 7 दिसंबर 2023 के आदेश तथा शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन संख्या-22/2024 के अनुसार, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) से प्राप्त 18 माह का डीएलएड प्रमाणपत्र विद्यालय अध्यापक के पद पर नियुक्ति के लिए वैध योग्यता नहीं माना जाएगा।

# बांकीपुर उपचुनाव से पहले सम्राट चौधरी ने की नीतीश कुमार से मुलाकात

## प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद बढ़ी हलचल, एनडीए की रणनीति पर अटकलें

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार की चर्चित बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मियों के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी मौजूद रहे। आधिकारिक तौर पर इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को आगामी उपचुनाव की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। रविवार को ही जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बांकीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की। इसके कुछ ही समय बाद सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार की बैठक ने सियासी हलचल तेज कर दी। माना जा रहा है कि एनडीए इस हाई-प्रोफाइल सीट पर उम्मीदवार चयन और चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा जल्द ही बांकीपुर सीट से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकती है। हालांकि, भाजपा और जदयू की ओर से इस मुलाकात को लेकर कोई आधिकारिक राजनीतिक बयान नहीं दिया गया है। बांकीपुर विधानसभा सीट लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। वर्ष 1995 से इस सीट पर भाजपा का लगातार कब्जा रहा है।

हाल ही में भाजपा विधायक नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद यह सीट रिक्त हुई है, जिसके कारण उपचुनाव कराया जा रहा है। ऐसे में इस सीट को बरकरार रखना एनडीए के लिए प्रतिष्ठा का विषय माना जा रहा है। वहीं, प्रशांत किशोर के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला और अधिक रोचक हो गया है। जन सुराज इस चुनाव को अपने राजनीतिक विस्तार की बड़ी परीक्षा के रूप में देख रही है, जबकि भाजपा अपनी परंपरागत सीट बचाने की चुनौती का सामना करेगी।

## बिहार में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया अगस्त से और अधिक सख्त

# ड्राइविंग लाइसेंस के नियम होंगे सख्त, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट के बिना नहीं मिलेगा लर्निंग लाइसेंस

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया अगस्त 2026 से और अधिक सख्त होने जा रही है। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नए नियम लागू करने की तैयारी पूरी कर ली है। नए प्रावधान के तहत अब लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल से अनिवार्य प्रशिक्षण लेना होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जारी होने वाले ट्रेनिंग सर्टिफिकेट को एम-परिवहन पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक होगा। इसके सत्यापन के बाद ही लर्निंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। नए नियम के अनुसार कार एवं मोटरसाइकिल (नॉन-कॉमर्शियल) का लाइसेंस बनवाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 21 दिन, जबकि हैवी कॉमर्शियल वाहनों के लिए 30 दिन का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। यह प्रशिक्षण सरकारी या परिवहन विभाग से मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में लिया जा सकेगा।

ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन परीक्षा पास करने के बाद आवेदकों को जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) में दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। इसी दौरान ट्रेनिंग सर्टिफिकेट की भी जांच की जाएगी। प्रमाणपत्र सही पाए जाने पर ही लर्निंग लाइसेंस जारी होगा। यदि कोई अभ्यर्थी फर्जी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग का मानना है कि बिना उचित प्रशिक्षण के वाहन चलाना सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इसलिए अब केवल प्रशिक्षित चालकों को ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था लागू की जा रही है। विभाग द्वारा नए प्रावधान से संबंधित फाइल मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही राज्य के सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। परिवहन विभाग के अनुसार अनिवार्य प्रशिक्षण से अभ्यर्थियों को प्रोफेशनल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से वाहन चलाने का अभ्यास मिलेगा। साथ ही ट्रैफिक नियम, सड़क संकेत, लेन अनुशासन, डुअल कंट्रोल वाहनों पर सुरक्षित अभ्यास, ड्राइविंग टेस्ट की तैयारी तथा बारिश, रात और आपात परिस्थितियों में सुरक्षित ड्राइविंग की जानकारी भी दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार में 4.32 लाख स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए, जबकि 5.84 लाख लोगों को लर्निंग लाइसेंस मिला। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार पिछले पांच वर्षों में राज्य में 21.38 लाख ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं।

### राज्य में खुलेंगे 200 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल

नए नियम लागू होने के बाद प्रशिक्षण की मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए परिवहन विभाग राज्यभर में 200 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल खोलने की योजना पर कार्य कर रहा है। इनमें से 66 प्रशिक्षण स्कूलों को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

✆ 9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न थाना कांडों में वांछित तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के चमौथा, गागन खुर्द एवं सिरदला थाना क्षेत्र के खरौंध गांव से पुलिस बलों ने विभिन्न थाना कांडों में वांछित तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि घर में घुसकर मोबाइल,नगदी एवं इयरबड चोरी के मामले में चमौथा गांव निवासी अवधेश कुमार राज ने दो लोगों को नामजद करते हुए बीते वर्ष 2025 के मार्च माह में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे,जिसे शनिवार की देर रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चमौथा गांव निवासी मुसाफिर राजवंशी के पुत्र राजेश राजवंशी के रूप में हुई है। वहीं घर में घुसकर जानलेवा हमला एवं छिनतई को लेकर गागन खुर्द गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने 12 लोगों को नामजद करते हुए बीते वर्ष 2025 के जून माह में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के क्रम में फरार चल रहे अभियुक्त गागन खुर्द निवासी चंद्रिका दास के पुत्र भोला दास को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बीते वर्ष 2020 के सितम्बर माह में तत्कालीन थानाध्यक्ष के द्वार शराब भट्ठी विनष्ट करते हुए बाइक के साथ शराब बरामद किया गया था। उक्त मामले में 11 लोगों को नमाज़द करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। पुलिस बलों के द्वारा गुप्त सूचना के आलोक में वांछित अभियुक्त सिरदला थाना क्षेत्र के खरौंध गांव निवासी बालेश्वर राजवंशी के पुत्र नकुल उर्फ लवकुश राजवंशी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को रविवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### खनिज परिवहन से प्रभावित ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कें होंगी आरसीडी को हस्तांतरित

खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-3593, दिनांक 04.06.2026 के माध्यम से राज्य के सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि बालू एवं पत्थर खनन पट्टों से खनिजों का परिवहन मुख्यतः ट्रक, हाईवा एवं ट्रेलर जैसे भारी वाहनों द्वारा सड़क मार्ग से किया जाता है। ऐसे भारी वाहनों के लगातार परिचालन से ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है, जिसकी सूचना समय-समय पर विभिन्न जिलों से प्राप्त होती रही है। विभाग ने अपने निर्देश में स्पष्ट किया है कि बालू एवं पत्थर जैसे खनिजों का उत्खनन एवं परिवहन विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा सरकारी राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। खनिजों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि जिन ग्रामीण सड़कों से भारी खनिज वाहनों का नियमित परिचालन हो रहा है, उन्हें सुदृढ़ एवं परिवहन योग्य बनाया जाए। इसी उद्देश्य से ऐसे मार्गों को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) में स्थानांतरित किए जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन ने दर्जनों सड़को को खान एवं भूतत्व विभाग के निर्देशों के आलोक में उपर्युक्त सभी प्रभावित ग्रामीण सड़कों को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) में स्थानांतरित किए जाने हेतु विभाग को अनुशंसा भेज दी गई है। इस नीतिगत निर्णय से इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण, नियमित अनुरक्षण एवं बेहतर रखरखाव के साथ-साथ खनिज परिवहन को सुगम बनाने तथा आम नागरिकों के लिए सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

### भाजपा की मासिक बैठक में संगठन सशक्तीकरण पर जोर



बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता

**नरहट (नवादा)**। भाजपा प्रखंड इकाई की मासिक बैठक रविवार को मां तारा देवी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नरहट मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार एवं शेखपुरा मंडल अध्यक्ष अनिल राजवंशी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। साथ ही विकसित भारत प्रशिक्षण, 'मन की बात' कार्यक्रम तथा बूथ सशक्तीकरण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संजय कुमार उर्फ मांगो सिंह, मुरारी मनोहर, विवेकानंद, दीपक कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू कुमार, रोहित कुमार, प्रमोद सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कानून-व्यवस्था पर सांसद कौशलेंद्र बोले- 2005 से पहले का बिहार सबको याद है



**नालन्दा**। नालंदा से जदयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राज्य की कानून-व्यवस्था, आने वाले मानसून सत्र और लालू-राबड़ी की सुरक्षा वापसी सहित कई मुद्दों पर अपनी राय रखी है। दरअसल सासंद कौशलेंद्र कुमार डांस स्टूडियो के उद्घाटन पर आशानगर मोहल्ला पहुंचे थे। सांसद ने विपक्ष की ओर से अपराध बढ़ने के आरोपों पर उन्होंने कड़ा पलटवार करते हुए उन्हें 2005 से पहले के बिहार की याद दिलाई। साथ ही, जहानाबाद में पार्टी नेता पर हुए जानलेवा हमले में कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। विपक्ष की ओर से सरकार के वादों को खोखला बताने और क्राइम बढ़ने के आरोपों का जवाब देते हुए सांसद ने कहा कि सरकार किसी की भी हो, जो आज विपक्ष में हैं, पहले उनकी भी सरकार थी। 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, यह हम सब जानते हैं। आज एक-एक जनता कह रही है कि सरकार अच्छी चल रही है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्राथमिकता है और हमें उन पर पूरा भरोसा है। जहानाबाद में जदयू नेता मनीष कुमार पर चाकू से हुए जानलेवा हमले के सवाल पर सांसद ने स्पष्ट किया कि इस मामले में कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि अगर हमारे किसी कार्यकर्ता के साथ कोई अनहोनी हुई है, तो हम प्रयास करेंगे कि उसे न्याय मिले। घटना की निष्पक्ष जांच होगी और उसके बाद सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई करेगी। लालू यादव और राबड़ी देवी की ओर से Z सुरक्षा मिलने पर उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि सरकार सुरक्षा इसलिए देती है, ताकि भीड़भाड़ वाले इलाकों में कोई अप्रिय घटना न घट जाए। इसलिए सुरक्षा लेनी चाहिए, यह कोई खराब चीज नहीं है। लेकिन अगर वे इसे वापस कर रहे हैं, तो यह उनकी मर्जी है। 23 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र पर सांसद ने उम्मीद जताई कि इसमें देश की समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा होगी। सत्र के हंगामेदार होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह विपक्ष के रुख पर निर्भर करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के 12 साल के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष का काम सबको साथ लेकर सदन चलाना होता है। पीएम का प्रयास देशहित में रहता है और इस सत्र में भी जनता के लिए अहम काम होंगे। सबसे कम उम्र (15 साल) में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़कर इंडिया टीम में जगह बनाने वाले बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सांसद ने अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मैं सबसे पहले उनके माता-पिता को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने घर में बच्चे को इतने अच्छे संस्कार और सीख दिए। हम चाहेंगे कि बिहार के बच्चे देश और दुनिया में ऐसे ही नए रिकॉर्ड बनाएं।

# रजौली में धूमधाम से मनाया गया राजद का 30वां स्थापना दिवस

- कार्यकर्ताओं ने लालू यादव के योगदान को किया याद
- "सामाजिक न्याय की मशाल जलाए रखेंगे" - कार्यकर्ताओं ने दोहराई पार्टी की प्रतिबद्धता



स्थापना दिवस मनाते राजद कार्यकर्ता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को रजौली के ब्लॉक रोड स्थित पार्टी के प्रधान कार्यालय में उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख रामचंद्र यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद गीत-संगीत के बीच कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस का जश्न मनाया और पार्टी की विचारधारा तथा सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर वक्ताओं ने राजद के 30 साल के सफर को याद करते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना गरीबों, शोषितों, वंचितों एवं अनुसूचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से की गई थी। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने का अधिकार दिलाया। कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि राजद ने सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा दी और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि राजद ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जमीन से जुड़े मुद्दों पर लड़ाई लड़ती है। वहीं कार्यकर्ताओं ने वर्तमान एनडीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और गरीबों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आम लोगों की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। वक्ताओं ने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर राजद की नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में राज्य परिषद सदस्य नंदकिशोर यादव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, प्रो. शिव कुमार प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अशोक यादव, तनवीर खान, देवनंदन यादव, दिनेश चंद्रवंशी, अंधरवारी पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, शिवदानी यादव, कंचन कुमार, सरयू यादव, देवेंद्र यादव, रामबालक प्रसाद, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

### केवीके नवादा में फलदार पौधों की बिक्री का धमाकेदार आगाज, पहले ही दिन बिके 600 से अधिक पौधे



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा में रविवार से उन्नत किस्म के फलदार पौधों की बिक्री का शानदार आगाज हुआ।पहले ही दिन केंद्र पर नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान एवं बागवानी के इच्छुक लोग पहुंचे। किसानों में वैज्ञानिक तरीके से बागवानी करने और उन्नत किस्म के फलदार पौधे लगाने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।उद्यान विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह ने बताया कि पहले ही दिन किसानों ने रिकॉर्ड खरीदारी की। केंद्र से लगभग 500 आम के पौधे तथा 100 से अधिक अमरूद के पौधों की बिक्री हुई। इसके अलावा नींबू और अनार के पौधों की भी अच्छी मांग रही और किसानों ने इनकी भी जमकर खरीदारी की। डॉ. सिंह ने बताया कि केवीके द्वारा किसानों को प्रमाणित एवं उन्नत किस्म के फलदार पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं,ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन और अधिक आय सुनिश्चित हो सके। पौधों के साथ किसानों को उनके रोपण, देखभाल, सिंचाई, खाद प्रबंधन तथा रोग एवं कीट नियंत्रण संबंधी वैज्ञानिक जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि फलदार पौधों की बिक्री आगामी दिनों में भी जारी रहेगी। इच्छुक किसान कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचकर निर्धारित दरों पर पौधे प्राप्त कर सकते हैं। पहले ही दिन हुई रिकॉर्ड बिक्री से यह स्पष्ट है कि जिले में वैज्ञानिक बागवानी के प्रति किसानों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है।

## मुहर्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौकीदारों को मिला प्रशस्ति पत्र

**शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराने में चौकीदारों की भूमिका को वारिसलीगंज पुलिस ने सराहा**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)**। मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को सफलतापूर्वक संभालने वाले वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चौकीदारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा कि चौकीदार पुलिस और ग्रामीण समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनकी सतर्कता और मेहनत से पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुहर्रम पर्व के दौरान चौकीदारों की ड्यूटी बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी के लिए लगाई गई थी। उन्होंने दिन-रात पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। विशेष रूप से रात्रि में लगातार जागकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में उनकी भूमिका सराहनीय रही।

वारिसलीगंज थाना की ओर से कहा गया कि चौकीदारों की सक्रियता और जिम्मेदार कार्यशैली के कारण थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग मिला। उनके इसी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को सम्मान देते हुए वारिसलीगंज थाना एवं नवादा पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि यह सम्मान चौकीदारों का मनोबल बढ़ाएगा और भविष्य में भी वे इसी प्रतिबद्धता के साथ समाज की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।मौके पर कई चौकीदार मौजूद थे।

## कविता समाज में जागरूकता का सबसे प्रभावी माध्यम : डॉ. दिवाकर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- नवादा में सम्पन्न हुआ हिन्दी, उर्दू और मगही कवि सम्मेलन, साहित्यकारों ने सामाजिक सरोकारों पर रखे विचार

**नवादा**। हिन्दी, उर्दू और मगही साहित्यिक मंच 'शब्द साधक' के तत्वावधान में रविवार को सुमंगलम् सभागार में आयोजित कवि सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकार एवं केएलएस के पूर्व प्राचार्य *डॉ. दिवाकर ने कहा कि साहित्य समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य करता है तथा कविता जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने साहित्यकारों से अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में चेतना और सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संयोजक उदय भारती ने डॉ. दिवाकर के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नई पीढ़ी का प्रेरणास्रोत बताया। अध्यक्षता दीनबंधु ने की। इस अवसर पर अतिथियों ने डॉ. दिवाकर को शॉल, पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

सम्मेलन में हिन्दी, उर्दू और मगही के कवियों एवं कवयित्रियों ने सामाजिक, राष्ट्रीय और समसामयिक विषयों पर काव्य पाठ कर खूब वाहवाही बटोरी। साथ ही युवा रचनाकारों की कविताओं की समीक्षा भी की गई। कार्यक्रम में अशोक समदर्शी, शंभु विश्वकर्मा, ज्योति बरनवाल, अमृता सिन्हा, गौतम सरगम, रेजा तस्लीम, सिंधुकांत, ओंकार निराला, शफी जानी नादां, सबा रजौलवी सहित कई साहित्यकार उपस्थित रहे। अंत में शिक्षक नंद किशोर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कुत्ते की मौत पर बंद रहा विद्यालय, विभाग ने दे दी क्लीन चिट! अब सरकार की मंशा, शिक्षा विभाग की कार्यशैली और जवाबदेही पर उठे बड़े सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**नवादा**। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और शिक्षकों की जवाबदेही तय करने के सरकार के दावों के बीच नवादा जिले का एक मामला कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। एक विद्यालय के पूरे दिन बंद रहने की घटना पहले तो सामान्य प्रशासनिक लापरवाही प्रतीत हुई, लेकिन विभागीय कार्रवाई और उसके बाद सामने आए तथ्यों ने इसे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और जवाबदेही पर बहस का विषय बना दिया है। इस पूरे मामले का खुलासा सबसे पहले केवल सच न्यूज़ ने किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। स्थापना डीपीओ एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) ने संबंधित विद्यालय के सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा।

**स्पष्टीकरण में कुत्ते की मौत बना विद्यालय बंद करने का आधारः** शिक्षकों ने अपने लिखित जवाब में कहा कि विद्यालय परिसर में एक कुत्ते की मौत हो गई थी। इसी कारण पूरे दिन विद्यालय का संचालन नहीं किया गया।

हैरानी की बात यह रही कि इस स्पष्टीकरण को विभाग ने स्वीकार कर लिया और स्थापना डीपीओ ने आदेश जारी करते हुए कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अनुशंसा के आधार पर संबंधित शिक्षकों को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है। यानी जिस मामले में विद्यालय पूरे दिन बंद रहा, उसमें न तो किसी शिक्षक पर कार्रवाई हुई और न ही किसी प्रकार की जवाबदेही तय की गई।

**यहीं से शुरू हुआ सबसे बड़ा विवादः** मामला तब नया मोड़ लेता है जब सहयोग पोर्टल पर शिकायतकर्ता ने इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बातचीत की। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीईओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने शिक्षकों को स्पष्टीकरण से मुक्त करने के लिए कोई अनुशंसा नहीं की थी।यदि शिकायतकर्ता के अनुसार बीईओ का यह कथन सही है, तो सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि स्थापना डीपीओ ने अपने आधिकारिक आदेश में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अनुशंसा का उल्लेख किस आधार पर किया? क्या यह विभागीय अभिलेखों में तथ्यात्मक त्रुटि है, या फिर कहीं न कहीं जवाबदेही से बचाने का प्रयास?

यह मामला केवल एक विद्यालय के बंद रहने तक सीमित नहीं है। यह उस शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है, जहां बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, लेकिन जिम्मेदारी तय करने के बजाय औपचारिक स्पष्टीकरण के आधार पर मामला समाप्त कर दिया जाता है।

सरकार लगातार सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति और सख्त अनुशासन की बात करती है। मुख्यमंत्री से लेकर शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारी तक विद्यालयों के नियमित संचालन पर जोर देते रहे हैं। ऐसे में यदि एक विद्यालय पूरे दिन बंद रहता है और उसका कारण केवल "कुत्ते की मौत" बताया जाता है, तो यह प्रशासनिक गंभीरता पर भी प्रश्न खड़े करता है।

### कौआकोल में मनाई गई लोजपा सुप्रीमों रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की जयंती



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती रविवार को कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि रामविलास पासवान ने अपना पूरा जीवन गरीब, शोषित, दलित एवं वंचित वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष माहो पासवान, सोनू पासवान, दुखी पासवान, शलेस मंडल, तुषार कुमार पासवान, रणधीर पासवान, दीपक पासवान, योगेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समारोह पुर्वक मनाई गयी पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 80वीं जयंती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)**।प्रखंड स्थित जिला परिषद डाकबंगला परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास पासवान की 80वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रामविलास पासवान आजीवन गरीबों, दलितों, पिछड़ों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज बने रहे। उन्होंने सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया। केंद्र सरकार में विभिन्न मंत्रालयों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करते हुए उन्होंने जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचा। वक्ताओं ने कहा कि रामविलास पासवान का राजनीतिक जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रतीक था। वे दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर सर्वमान्य नेता के रूप में अपनी पहचान रखते थे। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के कमजोर वर्गों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया। मौके पर जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजय राय, भाजपा नेता मिथिलेश पासवान, विजय पासवान, शंभू पासवान, विजय कुमार राय,इंद्रदेव पासवान,कंचन साव, डॉ शिवकुमार सहित दर्जनों बुद्धिजीवी एवं लोजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शोकाकुल परिजनों से मिले भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



शोकाकुल स्वजन से मिलते जिलाध्यक्ष

**नरहट (नवादा)**: नरहट थाना क्षेत्र के नरहट–हिसुआ मार्ग पर मीनापुर के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार अमर कुमार की मौत की सूचना मिलने के बाद भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी दरगाही बिगहा गांव पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, अमर कुमार अपने मित्र विशाल कुमार के साथ तिलैया स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान सीमेंट से लदे एक अनियंत्रित एवं कथित ओवरलोड ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अमर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर मामले में निष्पक्ष एवं त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला महामंत्री राजेश दास, नरहट प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार तथा समाजसेवी मुकेश संगम भी मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस हृदयविदारक सड़क हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अमर कुमार के असामयिक निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'भामाशाह सम्मान समारोह' मनाया, 70 मेधावी छात्र सम्मानित

**समाज को संगठित-शिक्षित बनाने का लिया संकल्प**




**नालन्दा**। बिहारशरीफ में रविवार को 'भामाशाह सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। नालंदा जिला तैलिक महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के 70 मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा, "वैश्य समाज का गौरव लगातार बढ़ रहा है। सरकार की नीतियों के कारण आज समाज को राजनीति और प्रशासन में उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है।" मंत्री ने समाज को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रद्युम्न कुमार ने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन त्याग, राष्ट्रभक्ति और परोपकार का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब समाज संगठित होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने पर बल दिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि भामाशाह ने लोककल्याण के लिए जो मिसाल पेश की, वह आज भी प्रासंगिक है। वर्तमान पीढ़ी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के सचेतक संजीव चौरसिया ने समाज को नेतृत्व के लिए तैयार होने की सीख दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ राजनीति और प्रशासन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना आज की जरूरत है। वहीं, जदयू नेता संजय सर्राफ ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। समारोह का मुख्य आकर्षण बी.एससी. परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान रहा। उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित छात्रों ने इसे अपने लिए बड़ा प्रोत्साहन बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार और भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शैलेंद्र जी, अवधेश मुखिया, अरुण सैनी, विनोद वर्णवाल, डॉ. श्याम बिहारी, डॉ. सचिन, वार्ड पार्षद सोनू, विनीत चौधरी, राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, तीन बदमाश गिरफ्तार, 8 राउंड फायरिंग की थी



**नालन्दा**। नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में फायरिंग का का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रविवार को वायरल हुए इस वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस प्रकार बदमाश सरेआम गोलीबारी और रोड़ेबाजी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। घटना की शुरुआत शनिवार को रामपुर गांव निवासी जीतन यादव और उमेश यादव के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई कहासुनी से हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि उमेश यादव ने पिस्तौल निकालकर ताबड़तोड़ 8 राउंड गोलियां चला दीं। गनीमत रही कि इस गोलीबारी की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान घटनास्थल से 3 खोखा बरामद किए। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि पीड़ित जीतन यादव की ओर से 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने काजीचक रामपुर मोड़ के पास स्थित खेत में छिपे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उमेश यादव, कमलेश यादव और नरेश यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राजद का 30वां स्थापना दिवस समारोह, नेताओं ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया

**चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील**





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। शहर के गेवाल बीघा स्थित हरिदास सेमिनरी के आर्य गैलरी ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन राजिला अध्यक्ष निजाम मियां ने किया। समारोह की शुरुआत संगठन की विचारधारा, सामाजिक न्याय और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि राजद का 30 साल का सफर सामाजिक न्याय, समानता और गरीब, वंचित तथा पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई का इतिहास रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को पहुंचाने का आह्वान किया।

**38 जिलों में अपना 30वां स्थापना दिवस मना रही पार्टीः** जिला अध्यक्ष निजाम मियां ने अपने संबोधन में बताया कि राजद आज बिहार के सभी 38 जिलों में अपना 30वां स्थापना दिवस मना रहा है। पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों को लेकर पूरी तैयारी के साथ जुटने की अपील की। समारोह में मौजूद नेताओं ने संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता और जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दों पर राजद लगातार आवाज उठाता रहा है और आगे भी जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर टिकारी विधायक अजय दांगी, बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत, गुरुआ के पूर्व विधायक विनय यादव, अतरी के पूर्व विधायक रंजीत यादव, बाराचट्टी की पूर्व विधायक समता देवी, बेलागंज के पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथ यादव, साकेत यादव, जुगनू यादव, वीरेंद्र गोप, प्रभात रंजन, बालेश्वर यादव, सुभाष यादव सहित कई वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे।

**संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वानः** सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया। हालांकि समारोह का सबसे चर्चित क्षण तब आया, जब टिकारी राजद प्रखंड अध्यक्ष बंटी यादव ने मंच से ही संगठन की कार्यशैली और पार्टी की कमियों को लेकर खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाना है तो जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बंद करनी होगी। उन्होंने संगठन के भीतर बेहतर समन्वय, पारदर्शिता और कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की जरूरत पर जोर दिया। उनके संबोधन के दौरान सभागार में मौजूद कार्यकर्ता गंभीरता से उनकी बातें सुनते रहे और कार्यक्रम में मौजूद नेताओं का भी ध्यान इस ओर गया

समारोह में शामिल कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए आने वाले दिनों में जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में जोरदार नारे लगाए।

## हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार, कोंच पुलिस ने एसटीएफ के साथ मिल कर की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया**। गयाजी में अपराधियों और अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। जिले के कोंच थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई की है। कल देर रात एसटीएफ की टीम ने सिंदुआरी गांव में छापेमारी की। इस गुप्त ऑपरेशन के दौरान टीम ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

**गुप्त सूचना पर हुई छापेमारीः** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एसटीएफ को सिंदुआरी गांव में किसी संदिग्ध गतिविधि की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना बेहद सटीक थी। इसके तुरंत बाद गयाजी से आई एसटीएफ की विशेष टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रणनीति बनाई। शनिवार की देर रात टीम ने अचानक सिंदुआरी गांव में दबिश दी।


**संदिग्ध हालत में पकड़ा गया युवकः** तलाश के दौरान एसटीएफ की टीम को गांव में एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस बल को देखकर उसने भागने का प्रयास किया। लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी करके उसे मौके पर ही दबोच लिया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसकी सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध हथियार बरामद किया गया। पुलिस ने हथियार को तुरंत जब्त कर लिया और युवक को हिरासत में ले लिया।

**नेटवर्क को खंगालने में जुटी पुलिसः** गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम युवक को गुप्त स्थान पर ले गई है। वहां उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर जांच कर रही है। पहला यह कि इस अवैध हथियार का स्रोत क्या है और इसे कहां से लाया गया था। दूसरा, इस हथियार का उपयोग किस वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण यह कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन-कौन से अपराधी जुड़े हुए हैं।

**घेराबंदी कर दबोचा**

**कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरूः** कोंच थानाध्यक्ष ने आधिकारिक बयान दिया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान की पुख्ता प्रक्रिया चल रही है। युवक से सघन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन इस मामले के अन्य सभी संभावित पहलुओं की भी गहराई से जांच कर रहा है।

## शक्ति यादव बोले- पार्टी ने सत्ता के लिए कभी अपनी नीतियों से समझौता नहीं किया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस आज बिहारशरीफ स्थित आईएमए हॉल में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में राजद की विचारधारा और सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराया गया।

**सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रहेगी- शक्ति सिंह यादवः** प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने स्थापना काल से लेकर अब तक के संघर्षों को याद करते हुए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राजद की स्थापना का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना था। राजद ने सत्ता के लिए कभी अपनी नीतियों से समझौता नहीं किया और न ही भविष्य में करेगा। उन्होंने आर्थिक न्याय के प्रति तेजस्वी यादव की प्रतिबद्धता को पार्टी की प्राथमिकता बताया।

**बूथ स्तर तक पहुंचेगी पार्टी की नीतिः** कार्यक्रम के प्रभारी अरविंद साहनी और खुर्शीद आलम सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय होने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के बिना देश में व्यवस्था परिवर्तन असंभव है। पार्टी की नीतियों को हर बूथ तक पहुँचाना अब मुख्य लक्ष्य है।

समारोह के दौरान बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तेजस्वी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें देश विरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट रहना होगा।

देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, लेकिन वर्तमान सरकार के पास जनहित की कोई स्पष्ट योजना नहीं है। उन्होंने प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए वर्तमान सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। तेजस्वी ने लालू प्रसाद यादव की नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

**बड़ी संख्या में शामिल हुए दिग्गज नेताः** कार्यक्रम का संचालन युवा जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश कुमार रोशन, हुमायूं अख्तर तारीक, रवि रंजन छोटू मुखिया, सुनील यादव, दीपक कुमार, खुर्शीद अंसारी, प्रमोद गुप्ता, महफूज आलम, बलराम मिस्त्री, दयानंद सिंह, निधि शर्मा, जीतू यादव, नवल यादव, अनिल कुमार अकेला, नगीना यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या के एक महीने बाद भी आरोपी फरार, भाकपा (माले) के नेताओं ने परिजनों से की मुलाकात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया**। गयाजी शहर के पंचायती अखाड़ा मुहल्ला निवासी जमीन कारोबारी इश्तियाक अहमद की हत्या के एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। रविवार को इंसाफ मंच और भाकपा (माले) के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार की समस्याएं सुनीं और पुलिस जांच पर गंभीर सवाल उठाए। नेताओं ने वरीय अधिकारियों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। इश्तियाक अहमद की हत्या 24 मई 2026 को हुई थी। इस संबंध में मगध मेडिकल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

परिजनों का आरोप है कि घटना के एक महीने से अधिक समय बाद भी सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इसके अलावा, मृतक कारोबारी का मोबाइल फोन भी अब तक बरामद नहीं हुआ है, जिससे जांच की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

**पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोपः** भाकपा (माले) के नगर प्रभारी तारिक अनवर और इंसाफ मंच के जिला प्रभारी मोहम्मद शेरजहां ने मृतक के घर पहुंचकर उनके माता-पिता, पत्नी और भाई से मुलाकात की। परिजनों ने नेताओं को बताया कि इस घटना से परिवार में गहरा दुख है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद से पुलिस प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी उनसे मिलने या सांत्वना देने नहीं आया है। परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई अपेक्षित गति से नहीं हो रही है, जिससे न्याय मिलने की उम्मीद कम होती जा रही है।

मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में तारिक अनवर ने कहा कि इश्तियाक अहमद हत्याकांड ने पहले भी गया पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा कि अब जांच में हो रही कथित लापरवाही और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी ने लोगों का भरोसा और कमजोर किया है। पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि वरीय अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर जांच में तेजी लाएंगे और दोषियों को कानून के कठघरे तक पहुंचाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगे।

## सांसद ने घायल को पहुंचाया हॉस्पिटल, एक्सीडेंट के बाद सड़क किनारे पड़ा था जख्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा**। नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने एक बार फिर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। रविवार को एक कार्यक्रम से लौटने के दौरान उन्होंने सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने की कोशिश की।

नूरसराय थाना क्षेत्र के खरजमा निवासी 25 साल का सूरज कुमार सड़क दुर्घटना में दीपनगर थाना क्षेत्र के गोला पर घायल अवस्था मे पड़ा हुआ था। इसी दौरान सांसद कौशलेंद्र कुमार एकंगरसराय में उद्घाटन समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में भीड़ देख उन्होंने अपना काफिला रुकवाया। स्थानीय लोगों ने सांसद को बताया कि वे काफी देर से 102 एम्बुलेंस सेवा को फोन कर रहे हैं, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है।

घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए सांसद ने बिना देरी किए उसे अपनी गाड़ी में बैठाया। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए अपने साथ मौजूद एक सहयोगी को नीचे उतार दिया और युवक को लेकर तुरंत बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही सांसद ने स्वयं डीएम और सिविल सर्जन को फोन कर घायल के समुचित इलाज के लिए निर्देशित किया।

सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया है। डॉक्टरों के अनुसार, युवक के कान से खून निकल रहा था और अंदरूनी चोट की आशंका है, जिसके लिए बेहतर इलाज की आवश्यकता है।

**मानवता सबसे ऊपर- सांसदः** इस घटना पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने खेद जताते हुए कहा कि आज के समय में लोग अपने परिवार से बाहर सोचना भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में मानवता होनी चाहिए। हमें यह सोचना चाहिए कि यदि कल हमारे साथ ऐसा कुछ हो जाए, तो हमें भी मदद की जरूरत होगी। समाज में इस संवेदना की कमी है, जिसे दूर करने की आवश्यकता है। सांसद ने समय पर इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल प्रशासन की तत्परता की सराहना की और घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## गयाजी में समर कैंप, बच्चों ने फायरलेस कुकिंग सीखा, झालमुड़ी-नींबू पानी बनाना सीखा

**♦ 300 स्टूडेंट्स हुए शामिल**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**गया**। गयाजी में तीन दिवसीय समर कैंप समाप्त हो चुका है। शांति निकेतन एकेडमी का कैंप पूरी तरह से फ्री था। जिसमें 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लाभ उठाया। कैंप 3 से 5 जुलाई तक एकेडमी के सभी शखाओं में चला। जिसमें एपी कॉलोनी, कटारी हिल रोड और गोविंदपुरम शाखाएं शामिल हैं। कैंप में बच्चों को मजेदार खेल खिलाए जाते थे। 'द गुड मॉर्निंग बॉल टॉस', 'द साउंड डिटेक्टिव' और 'द मिसिंग स्टूडेंट गेम' बच्चों के मुख्य आकर्षण रहे। इन खेलों से बच्चों में एकाग्रता और आपसी तालमेल को बढ़ावा मिला। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। बौद्धिक विकास और कंप्यूटर की विशेष कक्षाएं 3 दिवसीय शिविर में बच्चों के भाषाई और बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके तहत अंग्रेजी टंग ट्विस्टर्स और स्पेलिंग बी जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों के ज्ञान को परखने के लिए सामान्य ज्ञान क्विज भी कराया गया। साथ ही हिंदी-अंग्रेजी के डिक्टेशन और हैंडराइटिंग सुधार सत्र भी चलाए गए। डिजिटल युग को देखते हुए बच्चों के लिए कंप्यूटर की विशेष कक्षाएं भी लगाई गईं।

खेल-खेल में सीखे विज्ञान के अनोखे प्रयोग कैंप का एक बड़ा उद्देश्य बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान सिखाना था। स्कूल के बच्चों ने 'ऑयल एंड वॉटर सेपरेशन', 'द ऑरेंज जैकेट' और 'जर्म एक्सपेरिमेंट' के माध्यम से विज्ञान को करीब से समझा। इसके अलावा 'कलेक्ट बॉल्स चैलेंज', 'ग्रैब कलर बॉल्स' और 'बुक रेस' जैसे शारीरिक खेलों से बच्चों में टीम वर्क की भावना को बढ़ाया गया। वहीं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कैंप में फायरलेस कुकिंग सिखाया गया। इसमें बच्चों ने सत्तू ड्रिंक, झालमुड़ी और नींबू पानी जैसी चीजें बनाना सीखा। रचनात्मकता बढ़ाने के लिए बच्चों को 'पेपर फैन मेकिंग' और 'बिट्स ऑफ पेपर' जैसी आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियां भी सिखाई गईं।

शांति निकेतन एकेडमी के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनमें नई ऊर्जा के संचार के लिए ऐसी गतिविधियां बेहद आवश्यक हैं। पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के आयोजन बच्चों की मानसिक थकान को दूर करते हैं। इससे बच्चे भविष्य के लिए और अधिक ऊर्जावान व बहुमुखी बनते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सांप के काटने से युवती हुई बीमार

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के डेबरिया गांव मे सांप के काटने से एक युवती बीमार हो गई, बीमार युवति ग्राम डेबरिया थाना कोचस निवासी शशिकांत की पुत्री किरण कुमारी बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती शनिवार के संध्या में घर में कार्य कर रही थी जहां सांप ने उसे काट लिया, परिवार वालो ने युवती के तबीयत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अजीत कुमार ने दो घंटे तक चली इलाज तथा स्थिति सामान्य होने के बाद उसे घर भेज दिया है।

### कंटिया पंचायतमें स्वास्थ्य जाँच एवं स्क्रीनिंग शिविर का सफल आयोजन

**कटिहार**। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कंटिया पंचायतमें स्वास्थ्य जाँच एवं स्क्रीनिंग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला नोडल पदाधिकारी,प्रखंड प्रमुख मंटू रविदास,प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार सिंह,बीसीएम सुनील कुमार,पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन कर किया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक रवि रश्मि ने बताया कि इस अवसर पर जीविका दीदी आंगनबाड़ी सेविका,आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षिका,आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों की टीबी स्क्रीनिंग एवं आवश्यक स्वास्थ्य जाँच की गई तथा आमजन को टीबी के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया।

### बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के 28वें स्थापना दिवस पर किया गया सम्मानित




**कटिहार**। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा एड्स नियंत्रण के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में एड्स ग्रसित मरीजों की पहचान और नियमित उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णिया जिले के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में संचालित एआरटी सेंटर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सौरभ कुमार और सहयोगी संस्था ऐडेन्ट पूर्णिया के कार्यक्रम प्रबंधक संजीत कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। दोनों स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी को बुधवार को पटना के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान सभागार, शेखपुरा में आयोजित सम्मान समारोह में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एआरटी सेंटर चिकित्सक डॉ सौरभ कुमार ने कहा कि असुरक्षित यौन संबंध या ग्रसित व्यक्ति के मेडिकल किट्स के संपर्क में आने से कोई भी सामान्य व्यक्ति एड्स संक्रमण का शिकार हो सकता है। खून जांच से ग्रसित व्यक्ति के ग्रसित होने की जानकारी प्राप्त होती है। इसके बाद ग्रसित व्यक्ति को चिकित्सक से संपर्क करते हुए उपलब्ध कराई जा रही दवा का नियमित उपयोग से एड्स बीमारी को नियंत्रित रखा जा सकता है और ग्रसित व्यक्ति स्वस्थ्य जीवन का लाभ उठा सकते हैं। डॉ सौरभ कुमार ने बताया कि एड्स बीमारी से सुरक्षा के लिए सामान्य लोगों को असुरक्षित यौन संबंध से सुरक्षित रहना चाहिए ताकि वे अपना जीवन स्वस्थ्य यापन कर सकें।

### जिला कांग्रेस कमेटी की राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित

**कटिहार**। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आज स्थानीय राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय मे एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। बैठक मे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सऊद मुखिया, मशरूर आलम भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कटिहार जिला मे नवनिर्वाचित सभी प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों के साथ पूरे जिले मे कांग्रेस के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष,वार्ड अध्यक्ष एवं अपने अपने प्रखंडों की कमिटी के गठन को निश्चित समय पर बनाने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने सभी अध्यक्षों को कहा कि आप सबो को जहां भी संगठन को लेकर मेरी जरूरत होगी वहां मै हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर आपलोगों के साथ चलूंगा। इस मौके पर राज आनंद सिंह, राजेश रंजन मिश्रा,मुकेश कुमार, अर्जुन ओरांव, मो वहाब, कैलाश कुमार मंडल, मो कमरूल होदा,मो शाहनवाज आलम,मो हसनैन, बबलू महतो, मो इमाम जफर,यशवंत कुमार सेठी,मो आज़म,नरेश मंडल, मो वसीम, मो सलीम आदि अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर डीएलएसए द्वारा जागरूकता अभियान आयोजित

**कटिहार**। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर अवर न्यायाधीश- सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार कमलेश सिंह देबू के नेतृत्व में रविवार को प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि विभाग के सभागार में नालसा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम, पीड़ितों के पुनर्वास, निःशुल्क विधिक सहायता एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में हुआ। मौके पर अवर न्यायाधीश- सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार कमलेश सिंह देबू ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित योजनाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम हैं। जिसका अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए, जिससे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। मौके पर प्रतिनियुक्त पैनल अधिवक्ता गुंजन कुमार सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून, पीड़ितों के संरक्षण, भरण-पोषण एवं पुनर्वास से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित सेविका-सहायिकाओं एवं प्रखंड कर्मियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। आयोजित कार्यक्रम में एलएडीसी विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में कानूनी जागरूकता का विस्तार ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली एवं उसके माध्यम से मिलने वाले त्वरित एवं सुलभ न्याय की भी जानकारी दी। मौके पर तटवासी समाज के सदस्य अमरेश कुमार सिन्हा एवं प्रदीप कुमार ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को पंचायत स्तर तक पहुंचाने पर जोर देते हुए लोगों से बाल विवाह के विरुद्ध आगे आने और समाज को कुरीतियों से मुक्त बनाने का आह्वान किया। पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार एवं अविनाश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कटिहार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा, पीड़ित प्रतिकर योजना आदि के बारे में बताया। अवर न्यायाधीश- सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार कमलेश सिंह देबू ने आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तृत जानकारी दी और सभी से।अपने सुहेलनीय लंबित मामलों के निष्पादन और आयोजित लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील कीया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएलएसए कार्यालय के सिंटू कुमार, संतोष कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवकों, सेविका-सहायिकाओं एवं प्रखंड कर्मियों की अहम भागीदारी रही।

# भरत तिवारी के हत्यारे को फांसी दिये जाने का किया मांग

- ब्राम्हण समुदाय ने बैठक कर बिलौटी घटना पर जताया विरोध
- शहीद का दर्जा प्रदान किये जाने की आवाज किया बुलंद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। भरत तिवारी हत्या कांड से आक्रोशित राजपुर प्रखंड के ब्राम्हण समुदाय का शनिवार को मंगलवलिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रविशंकर दुबे उर्फ सोनू दुबे के नेतृत्व में अमरपुर गांव स्थित भगवान जगन्नाथ जी मठ परिसर में बैठक हुआ.जहा लोगों ने हत्याकांड को लेकर भारी विरोध जताया. बिहार के मुख्यमंत्री को बदलने की मांग की.अमाडी गांव निवासी छोटन दुबे ने हत्यारे पुलिस वालों को फांसी दिये जाने की मांग की.

मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि जब जब ब्राम्हण बोला है,राज सिहासन डोला है.जनसंघ से बने भाजपा की स्थापना ब्राम्हण के बेटे ने किया है.

अटल बिहारी बाजपेई,मुरली मनोहर जोशी जैसे ब्राम्हण परिवार के लोगों ने अपने खुन पसीने से सिचकर पार्टी को इस बुलंदी तक पहुंचाया है.हमारा ब्राम्हण समुदाय आज की तारीख में भाजपा का सबसे बड़ा कोर वोटर है.

उन्होंने कहा कि आज के दौर में पार्टी का कमान संभाल रहे लोग ब्राम्हण की क्षमता को भूलने की कोशिश कर रहे हैं.भरत तिवारी हत्या मामले में अभी तक भाजपा का सबसे उपरी शीर्ष नेतृत्व मौन है ?

मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि भरत तिवारी एक क्रान्तिकारी नौजवान था.जो आज के दौर में भ्रष्ट सिस्टम से जुझ रहा था. भ्रष्ट सिस्टम ने उसे मजबूर करके हथियार थमा दिया था.वह कोई गुंडा, मवाली चोर,शराब माफिया, बालु माफिया अथवा अनपढ गवांर नहीं था.सरकार उसे शहीद का दर्जा प्रदान करे.

मौके पर बडन दुबे,ओंकार तिवारी उर्फ हाहाकार तिवारी, मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य, संजय पाण्डेय, बलिराम तिवारी, श्यामजी तिवारी,अंजनी तिवारी, मदनमोहन तिवारी भरत तिवारी,राजा तिवारी,सुनिल चौबे अतुल चौबे, राजगीर पाण्डेय, बसंत तिवारी, अंजय ब्रम्हचारी, ददन पाण्डेय, विजयकान्त तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे

## जगन्नाथ मठ परिसर में आद्रा नक्षत्र प्रकृति पूजा का हुआ आयोजन

### सत्य नारायण भगवान का कथा पूजन करके लोगों ने पाया भण्डारे का प्रसाद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। क्षेत्र के अमरपुर गांव स्थित भगवान जगन्नाथ जी मठ परिसर,पकड़ी बरदराज मंदिर एवं सुअरा श्रीराम जानकी दरबार में शुक्रवार को आद्रा नक्षत्र प्रकृति पूजा आयोजित हुआ.इस अवसर पर संत एवं भक्तों ने भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजन कर सत्य नारायण व्रत कथा का श्रवण किया.

हवन पूजन उपरांत भण्डारा आयोजित हुआ.जहा मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य एवं महंत सूर्यकांताचार्य के नेतृत्व में संतों एवं सैकड़ो भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया. आद्रा नक्षत्र प्रकृति पूजा को समझाते हुए पंडित अंजनी सवामी ने कहा कि मानसून अर्थात बरसात के आगमन होने पर आद्रा नक्षत्र में खीर पुरी व आम खाये जाने की अति प्राचीन परम्परा है.हमारा मानव जीवन पूर्व में भी प्रकृति पर आश्रित था और आज भी है.जब आसमान में बादल छाता है और बारिश शुरू होता है तो हम सभी इन्द्रदेव का धन्यवाद करते हैं. प्रकृति पूजा के लिए विशेष भोग तैयार करके भगवान को भोग लगाकर प्रसाद पवाने की हमारी परंपरा है.

मौके बडन दुबे, छोटन दुबे, ओंकार तिवारी, श्यामजी तिवारी,भाई जयराम सिंह अकेला, संजय पाण्डेय, निर्दोष पाण्डेय, बिजेंद्र सिंह सिपाही यादव,राजेश कुशवाहा,संतोष सोनी, शनि वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे.

# भाजपा कार्यकर्ता के नेतृत्व में गोडारी ग्रामीण मंडल बैठक का आयोजन

### भाजपा के ग्रामीण मंडल विस्तार से पार्टी संगठन होगा सशक्त : डॉ. मनीष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। भाजपा के सांगठनिक विस्तार और आगामी राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रम प्रारूप तैयार करने के उद्देश्य से रविवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र के गोडारी गांव में ग्रामीण मंडल की एक अहम बैठक मंडल प्रभारी डॉ.मनीष रंजन के अध्यक्षता में ग्रामीण मंडल कार्यालय अंतर्गत आयोजित की गई। जिसका संचालक मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए गोडारी मंडल प्रभारी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष ने कहा कि इसका मुख्य उद्येश्य भाजपा के सांगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना है। इसके लिए ग्रामीण समागम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को अपनी अहम भागीदारी निभानी होगी। साथ ही हरित अभियान टास्क तहत विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के उपलक्ष्य में अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले हर बूथ पर व्यापक स्तर पर काराकाट विधानसभा में सभी कार्यकर्ता संकल्प के साथ पौधा रोपण अवश्य सुनिश्चित करें। दूसरी तरफ मंडल प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व काल की उपलब्धियों को लेकर बताया कि विशेष अभियान चलाकर गोडारी गांव मंडल में शक्ति केंद्रों पर सघन बैठक के साथ एकजुट होकर केंद्र और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं से जुड़ी आयुष्मान भारत, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि,पीएम मन की बात,पर्यावरण संरक्षण सहित योजनाओं से जुड़ी जानकारियां गांव के सभी आमजन तक सरकार के सफल सेवा काल की उपलब्धियों को हर हाल में साझा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता संकल्पित रहेंगे। उक्त बैठक में दिनेश कांत तिवारी, मनमोहन तिवारी, हरेंद्र हरियाली, अजीत सिंह, हलचल कुमार, संगीता कुमारी, मीना कुमारी, हरिनाथ साह, शिवजी भारती, विमल साह, बैद्यनाथ राम, रामचंद्र प्रसाद सहित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

# परसथुआ बाजार से चोरी हुई सामान को पुलिस ने की बरामद

### चोरी के सामान और कंटेनर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ पुलिस ने बाज़ार स्थित 31 मई को दो दुकानों मे हुई लाखो रुपए की चोरी मामले मे पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले मे पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कंटेनर व मोबाइल को बरामद कर सफलता हासिल कर लिया है। पुलिस पदाधिकारियों ने परसथुआ थाने में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त बातें कही। आपको बताते चले कि चोरों ने 31 मई को परसथुआ चौक बाजार स्थित कंटेनर लगाकर दो दुकानों में घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें दोनों ब्यवसायियों द्वारा थाने मे लिखित आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। जिसमें एक लाख 25 हजार रुपए और सिगरेट, काजू पिस्ता किसमिस सहित अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली गयी थी। जबकि दूसरी दुकान लियाकत अंसारी के कुरकुरे का दुकान का शटर का ताला काट कर 60 हजार रुपए नगर सिगरेट, गुटका सहित अन्य सामान की चोरी कर ली गई थी। वही पुलिस द्वारा इस घटना को गंभीरता से लिया गया था। जिसमें थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर इस दिशा में पुलिस सक्रिय हो गयी व जिला पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग से अनुसंधान को आगे बढ़ाया गया। दुकानों के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज खंगाले गये जिसके आधार पर पुलिस आगे बढ़ी।ट्रक को बरामद कर अन्य सामग्रियां पुलिस ने बरामद कर लिया है। जिसमें मामले मे सम्मिलित आरोपी मो अजीम की गिरफ्तारी की गयी है। उसके निशानदेही पर चार चोरों को गिरफ्तार करने का प्रयास पुलिस कर रही है। जिसका परिणाम शीघ्र निकल कर सामने आयेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तार आरोपी से गिरोह के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता मैत्री क्रिकेट मैच में पुलिस टीम विजेता





- रोमांचक मुकाबले में पत्रकार टीम को 3 विकेट से हराया, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने किया पुरस्कार वितरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)**। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नगर पंचायत काराकाट के उपमुख्य पार्षद रविश रंजन के सौजन्य से रविवार को काराकाट थाना के बगल स्थित राम रूप स्टेडियम, गोडारी में पुलिस एवं पत्रकारों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने पिच पर फीता काटकर किया। मैच शुरू होने से पहले काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार (पुलिस टीम) एवं राहुल कुमार मिश्रा (पत्रकार टीम) के बीच टॉस हुआ। टॉस जीतकर पुलिस टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पत्रकार टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार टीम 14 ओवर का मैच पूरा नहीं खेल सकी और 68 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस टीम की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज रोहन कुमार ने आकर्षक बल्लेबाजी करते हुए कई शानदार चौके-छक्के लगाए। हालांकि एक समय पुलिस टीम का स्कोर 54 रन पर 7 विकेट हो गया, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। इसके बाद आठवें विकेट की महत्वपूर्ण साझेदारी ने मैच का रुख बदल दिया और पुलिस टीम ने 3 विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच के समापन पर उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने विजेता पुलिस टीम एवं उपविजेता पत्रकार टीम को ट्रॉफी प्रदान की। जीत के बाद पुलिस टीम के खिलाड़ियों ने चमचमाती ट्रॉफी के साथ जीत का जश्न मनाया।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में एसआई निशांत कुमार को मैन ऑफ द मैच, कांस्टेबल रोहन कुमार को बेस्ट बैट्समैन तथा मनु कुमार को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान पुलिस पदाधिकारी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापक ने सर्वश्रेष्ठ अभिभावक पुरस्कार चंदा देवी एवं चंदन कुमार साह को दिया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत कदवा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय वृन्दावाडी में एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह का अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने सर्वश्रेष्ठ अभिभावक पुरस्कार चंदा देवी एवं चंदन कुमार साह को दिया गया। प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने बताया कि शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में सर्वाधिक बैठक दिवस में चंदा देवी एवं चंदन कुमार साह उपस्थित होकर विद्यालय के गतिविधि में शामिल हुए हैं। इनका विद्यालय के प्रति जो लगाव है अति सराहनीय है। जिसके कारण चंदा देवी एवं चंदन कुमार साह को सर्वश्रेष्ठ अभिभावक पुरस्कार दिया गया। उधर सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार वर्ग 3 के मीनू कुमारी को माह जून महीने के लिए दिया गया। प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने कहा कि जून माह में वर्ग 3 की छात्रा मीनू कुमारी सबसे अधिक उपस्थित विद्यालय में उपस्थित हुई है। विद्यालय में इनका अनुशासन एवं पठन-पाठन के प्रति अभिरुचि को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

समारोह में शिक्षक शेखर कुमार सुमन,किसन गुप्ता, शिक्षा सेवक शंभूनाथ राम, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य गुंजा देवी, शकुंतला देवी सहित ग्रामीण मिली देवी, पूनम देवी, मलिका कायना,ललिता देवी,शांति देवी, सुलोचना देवी, नूतन कुमारी, द्रोपदी देवी,चिमनी देवी, राजू विश्वास,चंदन कुमार साह, चंदा देवी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला जीत का मंत्र, मंत्री डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी बोले- जनकल्याण ही सबसे बड़ी सेवा है



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। भारतीय जनता पार्टी, नालंदा की ओर से दीपनगर स्थित नालंदा हेरिटेज होटल में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के खान, भूतत्व एवं कला संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी शामिल हुए।

**"एक देश में दो निशान-दो संविधान नहीं हो सकते"**: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान और विचारधारा का ही परिणाम है कि आज पूरा भारत एकजुट है। डॉ. मुखर्जी का स्पष्ट मानना था कि एक देश में दो निशान, दो संविधान और दो प्रधान नहीं हो सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को खत्म कर उनके सपनों को साकार किया है। यदि डॉ. मुखर्जी न होते, तो आज भारत का कोई भी नागरिक बिना परमिट के न तो माता वैष्णो देवी की यात्रा कर पाता और न ही कश्मीर में प्रवेश कर पाता।

**कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह**: सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रीती शेखर ने नालंदा के कार्यकर्ताओं की कर्मठता की सराहना की और पार्टी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी बलराम मंडल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां एक बूथ कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है।

**जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं- संजय मुन्ना**: प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना ने कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया कि वे जनसहयोग की भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करें, इससे समाज में कार्यकर्ताओं का मान बढ़ेगा। पूर्व मंत्री सह बिहार शरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने केंद्र व राज्य सरकार की विकास योजनाओं की विस्तृत चर्चा करते हुए इसे देशवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने वाला बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 जुलाई को रोजगार शिविर

**बांका।** बांका जिला नियोजनालय द्वारा 8 जुलाई 2026 को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से एक दिवसीय नियोजन सह रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई परिसर, तेलिया स्थित जिला नियोजनालय में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इस रोजगार शिविर के माध्यम से विकास प्रबंधक, जीवन मित्र और विक्रय पदाधिकारी के कुल 55 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 25 से 35 वर्ष तय की गई है।

**व्यय सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगीः** चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 20 हजार से 25 हजार रुपये का वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पेट्रोल और मोबाइल व्यय सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। चयनित उम्मीदवारों का कार्यस्थल बांका जिला ही रहेगा।

**रोजगार शिविर में भाग लेने की अपील कीः** जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के योग्य एवं इच्छुक युवाओं से इस रोजगार शिविर में भाग लेने की अपील की है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां, आधार कार्ड तथा रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो लेकर निर्धारित तिथि और समय पर शिविर स्थल पर पहुंचने को कहा गया है। यह शिविर बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे जिले के शिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

### गिरफ्तारी का वीडियो वायरल, घटनास्थल पर पहुंचे डीआईजी

**बेगूसराय।** बेगूसराय के बलिया थाना क्षेत्र के वरियारपुर गांव से कुख्यात बदमाश सोनू-मोनू की गिरफ्तारी के दौरान वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में आज डीआईजी शैलेश कुमार सिन्हा वरियारपुर गांव पहुंचे और वहां स्थानीय लोगों से घटनाक्रम की जानकारी ली। डीआईजी ने गिरफ्तार सोनू-मोनू से भी पूछताछ की। डीआईजी सबसे पहले अपनी टीम के साथ बलिया थाना पहुंचे। यहां उन्होंने गिरफ्तार सोनू-मोनू से पूछताछ की। इसके बाद थानाध्यक्ष से भी घटनाक्रम की जानकारी ली। थाना के बाद डीआईजी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने डीएसपी सुबोध कुमार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

**लोग बोले- बदमाश के पास नहीं था हथियारः** डीआईजी वरियारपुर गांव पहुंचे और जहां से सोनू-मोनू की गिरफ्तारी हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों का स्पष्ट रूप से कहना था कि सोनू मोनू बदमाश था। लेकिन कल उसके पास कोई हथियार नहीं था। पुलिस ने यह हथियार उसके कमर में रखा। वह तो संयोग था कि कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। यहां पूरी जानकारी लेने के बाद डीआईजी ने आगे कार्रवाई करने की बात कही है। इधर, पुलिस ने सोनू-मोनू के पास हथियार बेचने वाले एक युवक को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। दरअसल, गिरफ्तारी के दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिस और अपराधी के बीच हाथापाई भी हो रही है और पुलिस की ओर से पिस्तौल बदमाश के कमर में रखने की तस्वीर दिख रही है।

**बदमाशों को खींचकर पुलिसकर्मी ने गाड़ी में बैठायाः** वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कई पुलिसकर्मी और बिना वर्दी के दो युवक को पकड़े हुए है, एक पुलिसकर्मी के हाथ में पिस्तौल है, जो बदमाश के कमर में रखने का प्रयास कर रहा है। लोग बोल रहे हैं कि पिस्तौल कमर में मत खोसिए। इस दौरान दोनों बदमाशों को खींचकर पुलिसकर्मी ने गाड़ी में बैठाया गया है। दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास है, सोनू सिंह पर बलिया थाना में 11 मामले दर्ज हैं। जबकि उसके भाई मोनू सिंह पर बलिया थाना में ही 9 मामले दर्ज हैं। इन लोगों के पास से एक पिस्तौल, नौ गोली, दो चाकू और 3000 रुपया बरामद किया गया है। इस मामले ने काफी तूल पकड़ लिया है। मामला सामने आने के बाद आज डीआईजी मामले की जांच करने बलिया थाना और घटनास्थल पर पहुंचे। इधर, घटनाक्रम को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल है।

### वैभव सूर्यवंशी बिहार ही नहीं, पूरे भारत का लाल है

**बेगूसराय।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और जम्मू-कश्मीर के पुस्तकालय में बांटी गई एक आतंकी से जुड़ी किताब को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ बिहार का नहीं, बल्कि पूरे भारत का लाल बताया। वहीं, कश्मीर मामले को लेकर राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया।

**'वैभव सूर्यवंशी अद्भुत क्षमता वाला क्रिकेटर'**: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर गिरिराज सिंह ने जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मैं ही नहीं, बल्कि देश के बड़े-बड़े क्रिकेट महारथी, चाहे सचिन तेंदुलकर हों, रवि शास्त्री या सुनील गावस्कर, सबने वैभव सूर्यवंशी को एक अद्भुत क्षमता वाला क्रिकेटर माना है। इन दिग्गजों का मानना है कि वैभव जैसा खिलाड़ी कभी-कभी ही पैदा होता है। वैभव ने बेगूसराय में करीब 5-6 साल तक क्रिकेट की प्रैक्टिस की है। वैभव सूर्यवंशी केवल बेगूसराय, समस्तीपुर या बिहार का बेटा नहीं है, वह भारत का लाल है। हमारी शुभकामनाएं उसके साथ हैं और वह पूरी दुनिया में क्रिकेट के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करेगा।

**कश्मीर में आतंकी की किताब पर विपक्ष को घेराः** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जम्मू-कश्मीर के लाइब्रेरी में कथित तौर पर हाफिज सईद जैसे आतंकी की गाथा से संबंधित किताबें बांटे जाने और बाद में विरोध के चलते सरकार द्वारा वापस लिए जाने पर विपक्ष पर हमलावर दिखे। दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि लोग सत्ता के लालच में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गए हैं। अगर आज देश में कांग्रेस की सरकार होती, तो यह किताबें न सिर्फ लाइब्रेरी में बल्कि स्कूलों के मुख्य सिलेबस में भी चल रही होतीं। लेकिन जनता के भारी विरोध के कारण इन्हें वापस लेना पड़ा। उन्होंने साफ किया कि उनकी सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में विश्वास नहीं रखती।

**राहुल और अखिलेश पर साधा निशानाः** केंद्रीय मंत्री ने आतंकी से जुड़ी किताबों के प्रचार-प्रसार की आलोचना करते हुए विपक्षी नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हाफिज सईद जैसे खूंखार आतंकवादी को अगर महान बताया जाए, तो इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर भी अखिलेश यादव और राहुल गांधी जैसे नेताओं की जुबान पूरी तरह से बंद रहेगी।

### चर्चित राहुल गुप्ता हत्याकांड का फरार आरोपी मनीष शर्मा गिरफ्तार

**अररिया।** वर्ष 2021 के चर्चित राहुल गुप्ता हत्याकांड में फरार चल रहे दस हजार रूपये के इनामी मनीष कुमार शर्मा को बथनाहा थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बथनाहा थाना कांड संख्या 55/2021 में फरार चल रहा था।जानकारी रविवार को फारबिसगंज एसडीपीओ राजकिशोर प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2021 को बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर स्थित सड़क पर राहुल कुमार गुप्ता और उनके साथी अमन गुप्ता पर अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की थी। इस घटना में इलाज के दौरान अमन गुप्ता की मौत हो गई थी। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के दौरान इस मामले में कुल नौ अभियुक्तों की संलिप्तता सामने आई थी। घटना के बाद सभी आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर फरार चल रहे थे।एसपी जितेन्द्र कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम एवं तकनीकी सेल की मदद से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान फरार आरोपी मनीष कुमार शर्मा, पिता स्व. मोहन शर्मा को डीडी रोड फारबिसगंज से गिरफ्तार किया गया है।

# मैं मर रहा, मेरे बच्चों को 1-1 रुपए भेजकर मदद करें

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** 'मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। इसका कारण मेरी मां, बहन और बहनोई है। मुझे अपराधी बनाया। मैं तो इस दुनिया में नहीं रहूंगा, पर मेरा एक बेटा और दो बेटियां हैं। सबसे बड़ा बेटा साढ़े 5 साल का है। मेरा सभी से अनुरोध है कि आप सभी मेरे बताए मोबाइल नंबर पर 1-1 रुपए भेजकर मदद कर दीजिए, ताकि 18 साल तक मेरे बच्चों को कोई परेशानी न हो।' ये बातें अमित (32) ने मरने से पहले वीडियो का बनाकर कही है। सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर उसने जगर खाकर सुसाइड कर लिया।



**दोस्त की मौत का अफसोसः** अमित कजरैली थाना के रहने वाले सत्येंद्र सिंह का बेटा था। वर्तमान में वो सुल्तानगंज के चिचरौन में किराए के मकान में रहता था। अमित सिंह की शादी बोकारो के रहने वाली मोनिका से साल 2017 में हुई थी। तीन बच्चे भी हैं। अमित का कहना है कि वो मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया था। एक तरफ पुलिस पीछे पड़ी थी। दूसरी तरफ जिगरी दोस्त गुंजन की बीमारी से मौत हो गई, उसे बचा नहीं सका। इसके अलावा साली की शादी बहन ने गलत जगह करवा दी। मैं सभी तरफ से घिरा हुआ था।

**बड़े भाई को मंगलसूत्र बेचकर पिस्टल खरीदवाईः** मरने से पहले अमित ने 14 मिनट का वीडियो बनाया है। सबसे पहले उसने अपनी बहन सरिता के बारे में कहा। अमित ने कहा बहन ने मुझे और मेरे भाई को बर्बाद कर दिया। साल 2004 की बात है जब बहन ने बड़े भाई विनय को क्रिमिनल बनाया था। चोरी-लूट करने के लिए अपना मंगलसूत्र बेचकर उसे 18 हजार में एक पिस्टल खरीदवाया। आज भी मेरे घर पर चोरी के सामान पड़े हैं। चोरी से जो भी मुनाफा होता था वो बहन रख लेती थी।

**पैसे कमाने के लिए ट्रक खरीदाः** अमित ने कहा कि झाल-मूढ़ी बेचकर अपना गुजारा करता था। रुपए की किल्लत हमेशा बनी रहती थी। पैतृक संपत्ति 2 बीघा जमीन थी, मगर मां मीना देवी शादीशुदा बेटी सरिता को ज्यादा मानती थी। उसे ही सारी संपत्ति देनी चाहती थी। मुझे कहा जाता था कि तुम साढ़े 5 कट्टा रख लो। आर्थिक परेशानी से काफी परेशान रहने लगा था। इसी दौरान 2013 में मैंने अपने बोकारो के रहने वाले दोस्त रवि के साथ पार्टनरशिप में ट्रक खरीदा। रवि ने कहा था कि मैं ट्रक खरीदा हूं, तुम चलाना है। हमलोग पार्टनर रहेंगे। ट्रक खरीदने में अमित ने 40 हजार रुपए लगाए थे। ट्रक खरीदने की जानकारी सरिता को पता चली तो वो अमित से रुपए मांगने लगी। कहने लगी मुझे रुपयों की बहुत जरूरत है। घर में कर्जा है तुमने ट्रक में 40 हजार लगा दिया। तुम मुझे कहीं से लाकर दो।

# बाढ़ से पहले अलर्ट मोड में जल संसाधन विभाग




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार सरकार ने मानसून के बीच गंगा के बढ़ते जलस्तर और संभावित कटाव के मद्देनजर बाढ़ सुरक्षा तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने शनिवार को भागलपुर के गंगा तटीय क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने इस्माईलपुर-बिंदटोली तटबंध और झल्लूदास-ज्ञानीदास में चल रहे कटाव निरोधक काम का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सभी सुरक्षा काम गुणवत्ता के साथ पूरे करने का निर्देश दिया। सचिव ने सबसे पहले रंगरा प्रखंड के झल्लूदास-ज्ञानीदास गांव में गंगा के बाएं तट पर चल रहे कटाव निरोधक काम का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यस्थल पर पर्याप्त मात्रा में बोल्डर और क्रेट उपलब्ध रहें और अभियंता लगातार निगरानी करें। इस स्थान पर 1394 मीटर लंबाई में बोल्डर एप्रन और स्लोप पिचिंग का काम किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य गांव को गंगा के कटाव से स्थायी सुरक्षा देना है।

**मजदूरों की संख्या बढ़ाने का आदेशः** इसके बाद डॉ. सिंह गोपालपुर प्रखंड स्थित इस्माईलपुर-बिंदटोली तटबंध पहुंचे।

# मुर्गा दुकानदार की हत्या,चेहरे-शरीर पर 10 से ज्यादा कट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर।** मुंगेर में रविवार को एक मुर्गा दुकानदार का अर्धनग्न अवस्था में शव झाड़ियों से मिला। युवक के चेहरे पर 10 से ज्यादा कट के निशान मिले हैं। साथ ही शरीर के 2 से 3 हड्डियों को भी तोड़ने की बात परिजन बता रहे हैं। मृतक की पहचान अंकित कुमार (26) के रूप में हुई है। वह खोजा बाजार निवासी भीम यादव का बेटा था। मनियां चौराहा पर मुर्गा की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक के भाई ज्ञान विकास ने बताया, 4 दिन पहले ही हमारे दुकान के बगल में चला रहे कपड़ा दुकानदार से अंकित की लड़ाई हुई थी। उनलोगों का कहना था, मेरे दुकान के बगल में मुर्गा मत काटा करो। हमारे कपड़ों के स्टॉक में उसकी गंध चली जाती है। हमने उन्हें बहुत समझाने की कोशिश की, ये दुकान हमारी जमीन पर है। हम अपना शॉप कहां शिफ्ट कर दें। इससे वो नाराज हो गया और मारपीट शुरू कर दिया। मामला कासिम बाजार थाना क्षेत्र के खोजा बाजार स्थित मनियां चौराहा की है। घटना की जानकारी मिलते ही कासिम बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को हत्या से जोड़कर जांच कर रही है।

**गर्मी लगने पर रात में घूमने गया था बाहरः** मृतक अंकित कुमार के भाई विकास कुमार ने बताया, शनिवार की रात हमलोग खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे। रात 12 बजे अंकित ने मुझसे कहा, बहुत गर्मी लग रही है इसलिए थोड़ा बाहर घूमकर आता हूं। वो बाहर गया, हमलोग सो गए। सुबह जब हमलोग घर के अंदर देखे तो वो कहीं नहीं मिला। हमलोगों को लगा काम से वो घर से बाहर चला गया होगा। करीब 11 बजे हमें जानकारी मिली की मेरे भाई का शव झाड़ी में मिला है। हमलोग तुरंत घटनास्थल के लिए निकल गए।

**सिर मोड़ा, चेहरे पर धारदार हथियार से कटः** स्थानीय लोग के अनुसार रविवार सुबह कुछ लोगों की नजर मनियां चौराहा के पास झाड़ियों में पड़े एक शव पर पड़ी। सूचना फैलते ही आसपास के लोग वहां पहुंचने लगे। बाद में मृतक की पहचान अंकित कुमार के रूप में हुई। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने देखा कि अंकित के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे। उसका सिर मोड़ दिया गया था। शरीर पर खून के निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि उस पर धारदार हथियार से हमला किया गया। शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और मजबूत हो गई है।

**मुर्गा के कटने से कपड़ा खरीदने ग्राहक नहीं आ रहेः** विकास कुमार ने बताया, अंकित का पिछले कुछ दिनों से कई लोगों के साथ विवाद चल रहा था। करीब चार दिन पहले पड़ोस में कपड़े की दुकान चलाने वाली सरिता कुमारी उर्फ निशा, उसके पति और उसके भाई संजय कुमार के साथ कहासुनी और गाली-गलौज हुई थी। विवाद का कारण अंकित की मुर्गा दुकान से निकलने वाली गंदगी और दुर्गंध को बताया गया था। पड़ोसी पक्ष का कहना था कि मुर्गा दुकान के कारण उनके कपड़े के व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। ग्राहकों को परेशानी हो रही है। इसी दौरान उन्होंने अंकित को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था, अगर तुमने दुकान नहीं हटाया तो इसका अंजाम तुमको भुगतना पड़ेगा। विकास कुमार ने आगे बताया, शनिवार की रात भी अंकित का दूसरे व्यक्ति से विवाद हुआ था। घर में पाली गई बकरियां यादव दिनेश अरविंद साव के यहां पहुंच गई थीं और वहां रखा अनाज खा लिया था। इसी बात को लेकर अरविंद साव और उनके बेटे के साथ कहासुनी और गाली-गलौज हुई थी। विकास का आरोप है कि विवाद के दौरान दोनों ने अंकित को धमकी देते हुए कहा था, तुमको देख लेंगे।

# राष्ट्रीय जनता दल ने 30वां वर्षगांठ मनाया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को हबीबपुर स्थित जिला प्रधान कार्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया। जिला राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले आयोजित इस समारोह का शुभारंभ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और पार्टी की मजबूती, संगठन विस्तार और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह में जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। पार्टी कार्यालय को राजद के झंडों, बैनरों और पोस्टरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर पार्टी नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेता हसन ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने पिछले 30 साल में सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाया है। पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनकर खड़ी रही है। नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत बनाकर जनता के बीच पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाया जाएगा।

**कार्यकर्ता के लोगों को उपलब्धि बताने की अपील कीः** आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचकर पार्टी की उपलब्धियों, नीतियों और जनहित से जुड़े मुद्दों को लोगों के बीच ले जाना होगा। संगठन की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और इसी आधार पर आने वाले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। इस अवसर पर नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक प्रत्याशी जेड हसन सहित कई वरिष्ठ नेताओं, जिला पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने समारोह में भाग लिया। सभी नेताओं ने संयुक्त रूप से स्थापना दिवस का केक काटकर पार्टी की एकता और मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पार्टी की निरंतर प्रगति एवं सफलता की कामना की।

# गर्भवती महिला की सांप काटने से मौत

- परिजन ने झाड़-फूंक में गंवाया समय, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत किया घोषित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका में शनिवार शाम सांप काटने से गर्भवती महिला की मौत हो गई। घटना कटोरिया प्रखंड के कागेसार गांव की है। मृतका की पहचान अशोक यादव की पत्नी संगीता देवी(30) के रूप में हुई है। संगीता देवी के घर में उनकी ननद की शादी और विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। शादी की थकान के बाद परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो गए। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने संगीता देवी को डस लिया। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों को घटना का पता चला।

**झाड़-फूंक कराने में परिजन ने टाइम किया बर्बादः** सांप के काटने के बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने के लिए स्थानीय ओझा के पास ले गए। हालांकि, झाड़-फूंक के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और वह लगातार बिगड़ती चली गई। शनिवार को जब संगीता देवी की स्थिति गंभीर हो गई, तब उन्हें इलाज के लिए कटोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉ. बिनोद कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि संगीता देवी गर्भवती थीं। उनका एक तीन वर्षीय बेटा भी है। उनके पति अशोक यादव दिव्यांग हैं। संगीता की असामयिक मौत से परिवार पर गहरा दुख पड़ा है। स्थानीय लोगों और चिकित्सकों का मानना है कि यदि सर्पदंश के तुरंत बाद झाड़-फूंक में समय न गंवाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया जाता, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। चिकित्सकों ने सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए मरीज को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र ले जाने को सबसे प्रभावी उपाय बताया है।

# बच्ची-महिला की मौत, एक दिन में दो सड़क हादसे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक 8 वर्षीय बच्ची और एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। इन घटनाओं के बाद मृतकों के परिजनों में शोक का माहौल है। वहीं, स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पहली घटना सफियाबाद थाना क्षेत्र के फरदा पूर्वी टोला स्थित एनएच-80 पर हुई। यहां फरदा गांव निवासी राजेश कुमार मंडल की 8 वर्षीय पुत्री डोली कुमारी तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में बच्ची के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

**इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल ले जाया गयाः** स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल बच्ची को इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुंगेर-लखीसराय राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-80) को करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया। सूचना मिलने पर सफियाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। मृतका के पिता राजेश कुमार मंडल ने बताया कि घटना के समय वह मजदूरी करने गए थे। उन्हें ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनकी बेटी घर के पास सड़क किनारे खड़ी थी।

**बाइक ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित हो गईः** इसी दौरान लखीसराय की ओर से मुंगेर आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित हो गई और बच्ची को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो



गया। डोली कुमारी दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी तथा चौथी कक्षा की छात्रा थी। उसकी मौत के बाद माता उषा कुमारी, भाई विकास कुमार, बहन रिया कुमारी समेत पूरे परिवार में गहरा सदमा है।

**इलाज मिलता तो बच्ची की जान बच सकती थीः** परिजनों ने सदर अस्पताल की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि बच्ची को अस्पताल लाने के समय ड्यूटी पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था और केवल नर्सें थीं, जिससे इलाज में देरी हुई। परिजनों का कहना है कि समय पर समुचित इलाज मिलता तो शायद बच्ची की जान बच सकती थी। सफियाबाद थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दुर्घटना में शामिल बाइक को जब्त कर लिया गया है और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**ई-रिक्शा की टक्कर से सब्जी विक्रेता वृद्ध महिला की मौतः** दूसरी घटना ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के आशिकपुर रेलवे 212 नंबर पुल के समीप हुई। यहां तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से 65 वर्षीय गीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें पहले ईस्ट कॉलोनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान नया रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी राघवेंद्र प्रसाद की पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। उनके पुत्र सिकंदर कुमार और प्रत्यक्षदर्शी प्रवीण कुमार ने बताया कि गीता देवी सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करती थीं। वह अक्सर आशिकपुर पुल के पास सब्जी बेचती थीं। रविवार को वह पानी लेने के लिए सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने परिजनों के फर्द बयान के आधार पर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

**तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांगः** एक ही दिन जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक मासूम बच्ची और एक वृद्ध महिला की मौत से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**आरा(** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर ट्रेन से गिरकर एक शख्स की मौत हो गई। दिमागी हालत ठीक नहीं थी, घर से बिना बताए ही निकले थे। मृतक अजय कुमार सिंह(44) बक्सर जिला के सोआं गांव के रहने वाले थे। घटना करीसाथ रेलवे स्टेशन के पास की है। मृतक के भाई ने बताया कि दिमागी हालत ठीक नहीं होने के कारण उनकी शादी नहीं हुई थी। अचानक घर से निकल गए, किसी को कुछ बताया भी नहीं। खोजबीन के दौरान पता चला कि ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जीआरपी ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम**: सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। चार भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर थे। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### यह जाति नहीं, पुलिस बर्बरता का मामला

**आरा**। भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। इस पूरे मामले को जातीय रंग देने का विरोध करते हुए कहा कि यह किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि पुलिस बर्बरता का मामला है। उन्होंने राज्य सरकार से मामले की CBI जांच कराने, दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई करने और पूरे प्रकरण को जातीय राजनीति से दूर रखने की अपील की है। आरके सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा कि 17 जून को स्थानीय पुलिस द्वारा दिनदहाड़े भरत तिवारी की हत्या कर दी गई। इस पूरी घटना को हजारों लोगों ने लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से देखा। भरत तिवारी बाढ़ विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उनकी मांग थी कि विस्थापितों को जिस स्थान पर बसाया जा रहा है, वहां मौजूद बड़े गड्ढों को भरकर रहने योग्य बनाया जाए या फिर सरकार उन्हें दूसरा उपयुक्त पुनर्वास स्थल उपलब्ध कराए। भरत तिवारी कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे। कोविड-19 महामारी के दौरान भी जरूरतमंद लोगों की सेवा में आगे रहे। भाजपा कहती है कि 'सबका साथ, सबका विकास', सरकार को अपने सिद्धांतों के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।

**'पिस्तौल फेंककर सरेंडर किया था'**: आरके सिंह ने दावा किया कि घटना से कुछ समय पहले उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उन्होंने दो दिन पहले ही एक पिस्तौल खरीदी थी। एनकाउंटर वाले दिन पुलिस अधिकारियों ने भरत तिवारी से कहा था कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और वे हथियार डाल दें। इस पर भरत तिवारी ने सबके सामने अपनी पिस्तौल फेंककर आत्मसमर्पण कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधीक्षक ने व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज भेजकर बताया था कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं इलाज के लिए मेंटल अस्पताल भेजा जा रहा है। इसी प्रकार का बयान प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी दिया था, जिसकी जानकारी लोगों के पास उपलब्ध है। इसके बावजूद बाद में पुलिस ने गोली मार दी। भरत तिवारी को पांच गोलियां लगीं, जबकि उन्होंने पहले ही हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में परिजनों को अचानक उनकी मौत की सूचना मिली।

**'परिवार की मांग मान लेनी चाहिए'**: आरके सिंह ने आगे कहा कि भरत तिवारी के माता-पिता और बाढ़ विस्थापित परिवार लगातार इस पूरे मामले की CBI जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराना पर्याप्त नहीं है।

**'जातीय राजनीति नहीं करनी चाहिए'**: आर.के. सिंह ने आरोप लगाया कि परिवार की इस मांग को स्वीकार करने के बजाय सत्तारूढ़ दल के कुछ नेता इस पूरे मामले को जातीय रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोग यह कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री एक विशेष जाति से आते हैं, इसलिए उन पर निशाना साधा जा रहा है। सरकार जात-पात के आधार पर नहीं चलती और सत्ता में बैठे लोगों को ऐसे संवेदनशील मामले में जातीय राजनीति नहीं करनी चाहिए। जो सरकार में उनका स्तर गिर गया है।

**'गोली मारना निंदनीय है'**: पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जनता से भी करते हुए कहा कि इस मामले को जातीय दृष्टिकोण से न देखा जाए। भरत किसी भी जाति के हो सकते थे यादव, कुशवाहा, हलवाई या किसी अन्य समाज से। समाज के लिए आवाज उठाने वाले व्यक्ति को दिनदहाड़े गोली मार देना निंदनीय है। ऐसी घटना किसी भी परिवार के साथ हो सकती है। यदि कोई युवक सिनेमा देखकर घर लौट रहा हो और पूछताछ के दौरान पुलिस से कहासुनी हो जाए, तो क्या उसे भी गोली मार दी जाएगी? इसका जवाब कौन देगा? इस घटना को पुलिस बर्बरता का उदाहरण बताते हुए कहा कि सरकार को मृतक के परिजनों की CBI जांच की मांग स्वीकार करनी चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सनोज गुमशुदगी केस में एक और गिरफ्तारी

**आरा**। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित अनुसूचित जाति टोला में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की छापेमारी के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हुए सनोज कुमार मामले में हाईकोर्ट की सख्ती का असर दिख रहा है। शुक्रवार को भोजपुर पुलिस ने उत्पाद विभाग के एक और निजी चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके साथ ही इस मामले में अब तक सात गैर-नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि लगातार पूछताछ और कार्रवाई के बावजूद 13 अगस्त 2025 से लापता सनोज कुमार का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पूरे मामले की निगरानी पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं।

**अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी**: पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार निजी चालक सुरेंद्र सिंह चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव का रहने वाला है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने उत्पाद विभाग से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के पकड़ी डीह गांव निवासी एएसआई वीरेंद्र कुमार सिंह, रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी एएसआई राजकुमार, बिहिया थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी सिपाही राजू सिंह, समरदह गांव निवासी सिपाही धर्मेंद्र पासवान, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी सिपाही उमेश यादव तथा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी निजी चालक विकास सिंह शामिल हैं।

**हाईकोर्ट ने जताई थी नाराजगी**: दो दिन पूर्व पटना हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान भोजपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ा था। सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए पुलिस को कार्रवाई तेज करने और दो जुलाई तक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को भोजपुर एसपी ने प्रगति रिपोर्ट दाखिल की। मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई को निर्धारित है। जानकारी के अनुसार, बिहिया थाना क्षेत्र के गंज गांव निवासी गौरी शंकर राम के 30 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार राजमिस्त्री का काम करते थे। परिजन का आरोप है कि 13 अगस्त 2025 की शाम जगदीशपुर उत्पाद विभाग की टीम ने धरहरा अनुसूचित जाति टोला में शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान उन्हें हिरासत में लिया था। हिरासत में लेने के बाद सनोज ने अपने पिता को फोन कर बताया था कि उत्पाद विभाग की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया है। इसके कुछ देर बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और तब से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजन ने 14 अगस्त 2025 को बिहिया थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उत्पाद विभाग पर सनोज को गायब करने का आरोप लगाया था। बाद में धरहरा अनुसूचित जाति टोला के पास उनकी बाइक बरामद हुई। स्वजनों का यह भी आरोप है कि स्थानीय पुलिस के दबाव के बाद उत्पाद विभाग की टीम से सनोज का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया, लेकिन युवक अब तक लापता है। इसी वजह से अदालत और पुलिस, दोनों की जांच का केंद्र अब उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की भूमिका बनी हुई है।

### भोजपुर में रोड एक्सिडेंट में 4 युवक घायल

**आरा**। भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, प्राथमिक इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पहली घटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पेट्रोल पंप के पास की है। जहां अज्ञात वाहन ने शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

# 120 की स्पीड में ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो,3 की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत गई। एक युवक की हालत गंभीर है। मृतकों में पति-पत्नी और देवर शामिल हैं। ये सभी मृतक झारखंड के देवघर के रहने वाले थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के समय कार की रफ्तार 120Kmph होगी। टक्कर इतनी जोरदार थी स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी का अगल हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। कार में फंसे दंपती और दोनों युवक को को गाड़ी काटकर निकाला गया। तीनों मृतकों की पहचान प्रकाश सिंह(32), उनकी पत्नी पल्लवी सिंह(28) और फुफेरे देवर सारण जिले के इस्माईला थाना दिघवारा निवासी सौरभ कुमार(24) के तौर पर हुई है। प्रकाश और पल्लवी की शादी 12 फरवरी को हुई थी। कुछ दिन पहले नेपाल के पशुपति पारस दर्शन के लिए गए थे। उसके बाद कुल्लू मनाली घूमने चले गए। वहां से प्रकाश अपने बहनोई के पास नोएडा गए। शनिवार को नोएडा से देवघर जाने के लिए निकले थे। प्रकाश मूल रूप से सारण जिले के ही रहने



वाले हैं, लेकिन काफी समय पहले देवघर में बस गए थे। प्रकाश जिओ कंपनी में काम करते था। प्रकाश गाड़ी चला रहा था और पल्लवी बगल की सीट पर बैठ थी। जबकि प्रकाश का भाई और उसका दोस्त पिछली सीट पर बैठे थे।

**देवघर के रहने वाले थे सभी**: मृतकों की पहचान झारखंड के देवघर निवासी प्रकाश सिंह (32) और उनकी पत्नी पल्लवी सिंह (27) के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि सभी लोग मनाली घूमकर नोएडा के रास्ते अपने घर देवघर लौट रहे थे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, ओवरस्पीड के कारण चालक ने बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा के पास वाहन से संतुलन खो दिया। इसके बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। स्थानीय निवासी मुन्ना राय ने बताया, 'हादसा रविवार सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो लोगों को स्कॉर्पियो का दरवाजा काटकर बाहर निकालना पड़ा। हादसे में एक महिला, उसके पति और उसके देवर की मौत हुई है। वहीं, घायल व्यक्ति मृतकों का दोस्त बताया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन से कुल 10 मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से 8 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रत्यक्षदर्शी शैलेश कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो ने पीछे से ट्रेलर में टक्कर मारी है। बम फटने जैसी आवाज आई।

# भरत एनकाउंटर के दौरान एसडीएम वहां क्या कर रहे थे



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी रविवार को एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के घर पहुंचे। भरत तिवारी को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद वो भरत तिवारी का जहां एनकाउंटर हुआ था वहां पहुंचे। लोगों ने कहा कि, भरत तिवारी को हमारी आंखों के सामने मार दिया गया। अशोक चौधरी ने कहा कि भक्षक अगर रक्षक बनेगा तो महादेव उसका इलाज करेंगे। अशोक चौधरी ने कहा कि 13वीं खत्म होने के बाद आज परिवार से मिला। उनके पिता-मां से बात की। सब बातों से सीएम से अवगत कराएंगे। आज मैं मंत्री हूं, यहां आया हूं। कोई घटना कर दूं तो इसके लिए सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार जिम्मेदार नहीं हो सकते हैं। मैं खुद जिम्मेदार हो सकता हूं। उसके लिए मुझे सजा मिलेगी। एक तो है कि गलत तरीके से प्रचार किया जा रहा है कि डीएसपी का प्रमोशन कर दिया। मैं बता दूं कि डीएसपी का कोई प्रमोशन नहीं हुआ है। उनके बारे में तो सरकार ने माना कि उनके कार्यप्रणाली से लोग संतुष्ट नहीं हैं। इसलिए उनका तबादला यहां से किया गया। यहां डीएसपी रहते न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित नहीं कर सके, इसलिए उनको हटाया गया है। ये तो सरकार ने अच्छा काम किया।

**अशोक चौधरी बोले- भरत के परिवार को न्याय मिलेगा**: अशोक चौधरी ने कहा कि पुलिस वालों की गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि यहां ईरान शासन नहीं है। न्यायिक व्यवस्था है। आपको कसाब के मामले में याद है ना, कितना लंबा प्रोसेस चला। उसको तो फांसी की सजा हुई थी। आपलोगों को आश्वसत करता हूं कि परिवार को न्याय मिलेगा। मैं मानता हूं, पहले भी कहा हूं पुलिस ने यहां पर ओवर एक्ट किया है। जिसकी आवश्यकता नहीं थी, वो काम को यहां पर किया है। ओवरऑल हम देखकर रहे परिवार के कैसे न्याय मिले।

**महापंचायत को फिलहाल स्थगित**: इधर, भोजपुर के जगदीशपुर में आज प्रस्तावित बहुजन महापंचायत को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल के आसपास प्रशासन की ओर से धारा- 144 लागू कर दी गई है। साथ ही थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी की ओर से प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर भरत तिवारी की मां आशा देवी ने अनशन का ऐलान किया है। आशा देवी का कहना है कि बेटे को न्याय दिलाने के लिए वो 9 जुलाई से आमरण अनशन करेंगी। उन्हें असुरक्षा महसूस हो रही है। इसलिए कोई अधिकारी गांव आए, तो पहले से जानकारी देकर ही आएं। इधर, भरत तिवारी एनकाउंटर के बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वाले 12 कंटेंट क्रिएटर्स के खिलाफ पटना साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का आरोप है कि ये लोग अफवाह फैलाकर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर रहे थे।

**महापंचायत की प्रशासन ने नहीं दी अनुमति**: महापंचायत के आयोजन समिति की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी हुआ है। इसमें कहा गया है कि प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने और कार्यक्रम स्थल पर धारा- 144 लागू होने के कारण तत्काल प्रभाव से बहुजन महापंचायत को स्थगित किया जाता है। समिति ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय सभी सदस्यों की सहमति से लिया गया है।

# सीसीटीवी और डंप डाटा से हत्यारों की तलाश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र में कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे चाचा-भतीजे पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चाचा सूरज राय की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि भतीजा दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल है। दीपक के बयान पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी समेत तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। टीम विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी



कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके लिए धर्मपुर-बभनौली मार्ग पर स्थित मकानों, प्रतिष्ठानों और अन्य स्थानों पर लगे कैमरों की तलाश की जा रही है, ताकि हमलावरों की गतिविधियों का सुराग मिल सके। पुलिस तकनीकी जांच पर भी विशेष जोर दे रही है। घटनास्थल के डंप डाटा का विश्लेषण कर वारदात के समय सक्रिय रहे मोबाइल नंबरों और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। जांच अधिकारियों का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है।

**गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापेमारी**: थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल इस मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि लगातार छापेमारी की जा रही है। तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। जांच में तेजी लाई गई है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**घर लौटते समय मारी गोली**: बुधवार देर शाम बबुरा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव निवासी सूरज राय और उनके भतीजे दीपक कुमार आरा कोर्ट से गवाही देकर पैदल अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोईलवर थाना क्षेत्र के धर्मपुर-बभनौली बधार के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में सूरज राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक कुमार के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज आरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे पुराने जमीन विवाद और अपहरण मामले में गवाही को कारण माना जा रहा है।

# मेरा फोन उठा लो, नहीं तो मरा हुआ मुंह देखोगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा के रहने वाले 26 साल के युवक ने पंजाब के लुधियाना में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसने कहा- फोन उठा लो, नहीं तो मेरा मरा हुआ मुंह देखोगे। हालांकि, उसने यह वीडियो किसके लिए बनाया, किसे भेजा और आत्महत्या क्यों की, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि सुसाइड से पहले मृतक ने अपने चाचा को फोन कर तुरंत घर आने को कहा। जब उसका चचेरा भाई घर पहुंचा तो युवक फंदे पर लटका मिला। फिलहाल लुधियाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही सुसाइड के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

**3 बहनों का इकलौता भाई था मृतक**: मामला लुधियाना के ग्यासपुरा स्थित हरि गोबिंद नगर की गली नंबर-9 का है। मृतक की पहचान बिहार के आरा निवासी 26 वर्षीय दीपक कुमार के रूप में हुई है। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसके माता-पिता आरा में रहते हैं, जबकि दीपक लुधियाना में किराए के कमरे में अकेले रहता था। वह ग्यासपुरा स्थित ओसवाल धागा प्लांट में काम करता था।

**चाचा को फोन कर बुलाया**: मृतक के चाचा प्रमोद शर्मा ने बताया कि शनिवार को वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान उनके भतीजे दीपक कुमार का फोन आया। फोन पर दीपक ने कहा, "चाचा, आधे घंटे या एक घंटे में आ जाइए, नहीं तो फिर मेरा मुंह नहीं देख पाएंगे।" प्रमोद शर्मा के अनुसार, दीपक पहले भी शराब के नशे में इस तरह की बातें कर चुका था, इसलिए उन्होंने शुरुआत में उसकी बात को गंभीरता से नहीं



लिया। हालांकि, मन में शंका होने पर उन्होंने अपने बड़े बेटे सनी कुमार को तुरंत बाइक से दीपक के किराए के कमरे पर भेजा। जब सनी कुमार ग्यासपुरा स्थित कमरे पर पहुंचा तो वहां अंधेरा था। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 10 मिनट पहले तक दीपक उनसे बातचीत कर रहा था। चाचा प्रमोद के अनुसार, "दीपक ने फंदा लगाने से ठीक पहले अपने मोबाइल में एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। उसका मोबाइल पास ही पड़ा था। हालांकि, उसने यह वीडियो किसे भेजा या वह किसे फोन करने की बात कर रहा था, इस बात का हमें कोई अंदाजा नहीं है। हमने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसका रिकॉर्ड किया वीडियो वाला फोन भी हमने पुलिस को सौंप दिया।" चाचा प्रमोद शर्मा ने यह भी बताया कि शनिवार सुबह ही भतीजा दीपक उनके पास आया था और खाना खाकर गया। वह थोड़ा बीमार था और उसने बताया था कि वह ग्लूकोज चढ़वा कर आया है। इस पर चाचा ने उसे फल और दवाइयों के लिए 500 रुपये भी दिए थे। चाचा का कहना है कि दीपक का किसी के साथ कोई लड़ाई-झगड़ा या विवाद नहीं था। उसने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इस बारे में उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

# राष्ट्रीय जनता दल का 30वां स्थापना दिवस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को नई बाजार स्थित एक मैरिज हॉल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने, सामाजिक न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का एकजुट होकर सामना करने का संकल्प लिया गया।

**सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जा सकता**: उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल डॉ. राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव की उस वैचारिक विरासत को आगे बढ़ा रहा है, जिसकी बुनियाद लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता पर आधारित है। सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में सांप्रदायिक और पूंजीवादी ताकतें लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की



मूल भावना पर हमला कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजद का गठन ही इन विचारों की रक्षा के लिए हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए सुधाकर सिंह ने कहा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जा सकता।

**राजद ने हमेशा अपने मूल सिद्धांतों को प्राथमिकता दी**: उन्होंने तर्क दिया कि यदि सत्ता ही सब कुछ होती तो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव भी भाजपा से समझौता कर लेते, लेकिन राजद ने हमेशा अपने मूल सिद्धांतों को प्राथमिकता दी है। सांसद ने कहा कि बिहार और देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियां सामान्य नहीं हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जुलाई और अगस्त के महीनों को याद रखने की अपील करते हुए कहा कि देश में ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था, लेकिन जनता ने उसे पूर्ण बहुमत से नीचे रोक दिया।

**गरीबों के सम्मान के उद्देश्य से राजद की स्थापना की थी**: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुदाय यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय, समानता और गरीबों के सम्मान के उद्देश्य से राजद की स्थापना की थी। आज भी पार्टी उसी विचारधारा पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। वहीं, ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव ने मंडल आयोग की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लागू होने से सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को अधिकार, सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि राजद हमेशा वंचित और पिछड़े समाज के हितों की आवाज उठाती रही है। कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं सामाजिक न्याय की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# भाई की टीसी बनवाने के लिए बक्सर पहुंचा था ओम, रात में दोस्तों ने गर्लफ्रेंड के घर छोड़ा था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के शिवपुरी मोहल्ले में खाली प्लॉट से मिले भोजपुर निवासी युवक ओम पाण्डेय के शव मामले में नए तथ्य सामने आए हैं। मृतक के पिता कमलेश पाण्डेय ने नगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पिता कमलेश पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा ओम पाण्डेय 2 जुलाई की दोपहर आरा से बक्सर आया था। वह अपने बड़े भाई अमर पाण्डेय का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) बनवाने के लिए बक्सर कॉलेज जा रहा था। शाम को ओम ने फोन पर बताया कि कागजी प्रक्रिया में समय लगेगा और आंख दिखाने के बाद ही घर लौटेगा। वह बक्सर के नई बाजार स्थित अपने मित्र अभिषेक पाण्डेय के यहां रुका था। पिता के अनुसार, 4 जुलाई की सुबह उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके बेटे की हत्या कर शव फेंक दिया गया है।

**दोस्त ने आखिरी बार गर्लफ्रेंड के घर छोड़ा था**: मृतक के दोस्त अभिषेक पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे ओम ने उससे शिवपुरी मोहल्ले में रहने वाली अपनी एक गर्लफ्रेंड के घर छोड़ने को कहा था। अभिषेक उसे संजीत कुमार श्रीवास्तव के घर के पास छोड़कर वापस लौट आया। देर



**♦ पिता ने अज्ञात पर हत्या का एफ आई आर कराया दर्ज**

रात तक ओम के वापस नहीं आने पर अभिषेक अपने एक अन्य दोस्त हिमांशु के साथ उसकी तलाश में शिवपुरी पहुंचा। खोजबीन के दौरान एक खाली प्लॉट में ओम का शव पड़ा मिला। हालांकि, अभिषेक ने कहा कि उसे ओम के प्रेम संबंध के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**: नगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के आवेदन के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस फिलहाल मौत के कारणों और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में रामविलास पासवान की 80वीं जयंती, प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, हजारों कार्यकर्ता जुटे, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**हाजीपुर**। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पद्म भूषण से सम्मानित रामविलास पासवान की 80वीं जयंती रविवार को हाजीपुर में मनाई गई। पासवान चौक स्थित सर्किट हाउस के पास आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हजारों से अधिक लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह और बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक अवधेश सिंह ने इस दौरान कहा कि रामविलास पासवान का जन्म 5 जुलाई 1946 को हुआ था और उन्होंने हमेशा गरीब, दलित तथा वंचितों की आवाज उठाई। हाजीपुर के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रामविलास पासवान द्वारा स्थापित राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उल्लेखनीय है कि रामविलास पासवान हाजीपुर से नौ बार सांसद रहे थे और उनका निधन 8 अक्टूबर 2020 को हुआ था। कार्यक्रम में लोजपा के प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों सहित 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भी पासवान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान कई अन्य मंत्री और विधायक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल कैंप लगाए गए और लोगों के बीच लड्डू भी बांटे गए।



### मुजफ्फरपुर मदरसा से हाजीपुर का छात्र लापता, परिजन ने जताई अपहरण की आशंका

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के माईल गांव निवासी 15 साल के छात्र मो.इरफान के मुजफ्फरपुर स्थित एक मदरसे से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। छात्र के परिजन ने मदरसा प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस से शीघ्र बरामदगी की मांग की है। इधर, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजन के अनुसार, माईल गांव निवासी मो.कलाम ने अपने बेटे मो.इरफान का नामांकन 30 मार्च 2026 को मुजफ्फरपुर के फकुली स्थित जामिया मदीनतुल उलूम खानकाह कादरी मदरसा में कराया था। मोहर्रम के दौरान इरफान छुट्टी लेकर घर आया था। 27 जून की शाम करीब चार बजे उसके पिता उसे दोबारा मदरसे छोड़ने पहुंचे और वहां के मुदर्रिस को सौंपकर लौट आए। छात्र की मां ने आरोप लगाया कि जब उनके पति बेटे को मदरसे छोड़ने पहुंचे तो वहां मौजूद मौलाना ने उन्हें जल्द घर लौट जाने की सलाह दी। जबकि बच्चे की कक्षाएं शाम सात बजे से शुरू होती थीं। मां का कहना है कि अगर पढ़ाई का समय सात बजे था तो बच्चे को तीन घंटे पहले मदरसे में अकेला क्यों छोड़ दिया गया और उसकी निगरानी क्यों नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मदरसा प्रशासन की लापरवाही या मिलीभगत के कारण ही उनका बेटा गायब हुआ है। परिजनों का कहना है कि 28 जून की सुबह करीब 11 बजे मदरसा से फोन आया कि इरफान वहां नहीं है। यह सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों के होश उड़ गए और वे तत्काल मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो गए। मो. कलाम ने बताया कि बेटे के लापता होने की सूचना मिलते ही वे मदरसा पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्हें अगले दिन आने को कहा गया। 29 जून को दोबारा मदरसा पहुंचने पर हेड मुदर्रिस ने कहा कि बच्चे की तलाश में परिजन और मदरसा दोनों को प्रयास करना चाहिए। पिता का आरोप है कि घटना के बाद मदरसा प्रबंधन की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई गई। यदि बच्चा मदरसे के परिसर से गायब हुआ है तो इसकी जिम्मेदारी वहां के प्रबंधन की बनती है।



### पर्यटन मंत्री ने गणिनाथ धाम के विकास का किया एलान

**हाजीपुर**। बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने वैशाली स्थित बिदुपुर के गणिनाथ धाम के विकास की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इस धाम का विकास हसनपुर के पलवैया धाम की तर्ज पर किया जाएगा। मंत्री ने यह ऐलान शनिवार को बिदुपुर दौरे के दौरान एक नागरिक अभिनंदन समारोह में किया। इस घोषणा से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। अपने दौरे के दौरान मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने गणिनाथ धाम परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पलवैया धाम के सफल विकास मॉडल को गणिनाथ धाम में भी लागू किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम में धर्मशाला, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, तोरणद्वार, सीढ़ी घाट, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को भी बेहतर बनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक रामानंद गुप्ता ने जानकारी दी कि बाबा गणिनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार से संबंधित सभी कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। आगामी 26 जुलाई को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का अभिनंदन किया जाएगा, और इसी दौरान गणिनाथ धाम के शिलान्यास की औपचारिक घोषणा की जाएगी। मंत्री ने भी इस जानकारी की पुष्टि की। स्थानीय लोगों का मानना है कि गणिनाथ धाम वैशाली का एक महत्वपूर्ण आस्था केंद्र है। इसके विकास से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। नागरिक अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता रामानंद गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अवधेश साह (PMCH पटना), पूर्व मुखिया कौशल किशोर, पूर्व मुखिया मोहन साह, जय प्रकाश साह, जिला पार्षद आशुतोष कुमार दीपू, क्रांति कुमार, विद्या नन्द साह, शशि भूषण प्रसाद, धनंजय गुप्ता और बसंत गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




### दहेज हत्या-शव जलाने के मामले में 2 आरोपी अरेस्ट, बाइक नहीं मिलने पर मर्डर का आरोप

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई और सबूत मिटाने के लिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना से तीन दिन पहले युवती ने अपनी मां को फोन कर जान का खतरा होने की बात भी बताई थी। कच्ची पक्की ओपी के जमहरुआ गांव में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर शव जला देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में मृतका के ससुर लखीन्द्र राय और भैसुर रमेश राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मृतका की पहचान कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के रतवारा गांव निवासी जुली देवी के रूप में हुई है। उनकी मां रंजू देवी के आवेदन पर पति उमेश राय, सास ललिता देवी, ससुर लखीन्द्र राय, जेठ गणेश राय, रमेश राय और दिनेश राय समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या, प्रताड़ना और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में रंजू देवी ने बताया है कि जुली की शादी 18 अप्रैल 2018 को जमहरुआ गांव निवासी उमेश राय से हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी में तीन लाख रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी, बाली सहित अन्य जेवर और घरेलू सामान दिए गए थे। शादी के बाद जुली ने एक बेटी और दो बेटों को जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले दहेज में बाइक की मांग को लेकर लगातार उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे।

# मेट्रो के कारण राजवंशी नगर का एक लेन किया जाएगा बंद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




❑ **पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बना रहे नया डिवाइडर, रेडियो भवन की दीवार तोड़कर सड़क करेंगे चौड़ी**

**पटना**। पटना मेट्रो निर्माण के कारण बेली रोड पर यातायात में बदलाव किया जाएगा। राजवंशी नगर के पास एक लेन ब्लॉक होगा। जाम से बचने के लिए पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे रेडियो भवन की दीवार तोड़कर सड़क चौड़ी की जा रही है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नया डिवाइडर बनाया जा रहा है, ताकि पटेल भवन से डाकबंगला की ओर आने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

**पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बना रहे नया डिवाइडर**: राजवंशी नगर के पास जल्द ही मेट्रो की बड़ी मशीनें लगाई जाएगी। मेट्रो मशीन लगने के कारण एक लेन पूरी तरह से ब्लॉक हो जाएगा। इस कारण पंचमुखी हनुमान मंदिर के ठीक पीछे स्थित रेडियो भवन की दीवार को तोड़ा जाएगा। दीवार हटने के बाद मिलने वाली जमीन का इस्तेमाल सड़क को चौड़ा करने के लिए किया जाएगा। पटेल भवन की ओर से आने वाली गाड़ियां मंदिर के पिछले हिस्से से तैयार होने वाले नए रास्ते से होकर गुजरेंगी। वहीं, आगे जाकर गाड़ियां फिर से दो लेन में चलने लगेंगी।

**दीवार टूटने के तुरंत बाद सड़क का होगा निर्माण**: प्रशासन का मुख्य उद्देश्य ये है कि दीवार टूटने के तुरंत बाद सड़क का निर्माण करा दिया जाए, जिससे वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा या जाम का सामना न करना पड़े। वैकल्पिक मार्ग को जल्द से जल्द चालू करने के लिए शनिवार को प्रशासनिक टीम द्वारा संबंधित स्थल की मापी की गई। इस सर्वे में यह तय किया गया कि दीवार को कितना अंदर तक तोड़ा जाना है, ताकि सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त जगह मिल सके।

**सात भवनों की बाउंड्री तोड़ चौड़ी होगी सड़क**: पटना बेली रोड पर मेट्रो निर्माण के दौरान ट्रैफिक को सुगम रखने के लिए बड़ी कवायद की जा रही है। इस मार्ग की दोनों तरफ के सात प्रमुख सरकारी भवनों और परिसरों की बाउंड्री वॉल को तोड़ने की प्लानिंग की जा रही है। इससे सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी और वाहनों के परिचालन के लिए पर्याप्त वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा। इसके तहत पटना जू के गेट नंबर-1 से लेकर आयकर गोलंबर तक दोनों लेन में सड़क चौड़ी की जाएगी। बेली रोड पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों का निर्माण होना है और इस काम में कम से कम दो-तीन साल का समय लगेगा, इसलिए हैवी ट्रैफिक को देखते हुए सड़क का चौड़ीकरण अनिवार्य माना गया है।

## अज्ञात वाहन ने मां-बेटी को कुचला, 8 वर्षीय बच्ची की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना के दानापुर में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात गाड़ी घर के बाहर सड़क किनारे सो रही मां-बेटी को कुचलते हुए फरार हो गया। इस घटना में 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृत बच्ची की पहचान दिव्या कुमारी (8) के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला की पहचान 50 वर्षीय लक्ष्मीनिया देवी के रूप में की गई है। मामला दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र की है।

**सोते समय हुआ हादसा, PMCH रेफर**: घायल महिला के दामाद अनिल पासवान ने बताया, 'लक्ष्मीनिया देवी अपनी बेटी दिव्या के साथ शनिवार रात घर के बाहर सड़क किनारे सो रही थीं। रात करीब 11:45 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन वहां से गुजरा और दोनों को कुचलते हुए फरार हो गया। इस दौरान गाड़ी का पहिया दिव्या के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**मां की हालत गंभीर**: हादसे में लक्ष्मीनिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना के PMCH रेफर कर दिया। फिलहाल, उनका इलाज जारी है और हालत नाजुक बनी हुई है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**: घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया, अज्ञात वाहन और ड्राइवर की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## रेलवे ट्रैक पर महिला की लाश मिली ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**1 दिन पहले विवाद हुआ था**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र में बुढरा गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव मिला है। मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। विवाहिता की पहचान अंबा गांव निवासी खुशी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पिता कौशल पासवान ने बताया कि एक दिन पहले खुशी कुमारी का ससुराल में विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह बहादुरपुर गांव में अपनी मौसी के घर चली गई थी।

पिता के अनुसार, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था, जिसमें लड़के पक्ष ने अपनी गलती स्वीकार की थी। कौशल पासवान ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।

**बख्तियारपुर रेल थाना में दिया आवेदन**: उन्हें बुढरा गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी मिली थी। खुशी कुमारी की शादी बुढरा गांव के वाल्मीकि पासवान से हुई थी। पिता ने आशंका जताई है कि हत्या के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। उन्होंने इस संबंध में बख्तियारपुर रेल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने जानकारी दी कि यह मामला पति-पत्नी के विवाद से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दानापुर में विवाहिता की संदिग्ध मौत, गले पर निशान, भाई का शिक्षक पति पर हत्या का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



❑ **हिरासत में पूछताछ जारी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

**पटना**। पटना के दानापुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के गले पर गहरे काले निशान मिलने के बाद मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका की पहचान हाथीखाना रोड निवासी बिरजू कुमार राय की 30 वर्षीय पत्नी चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर दानापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामला दानापुर थाना क्षेत्र स्थित हाथीखाना आनंद बाजार रोड का है।

**चारपहिया वाहन की मांग को लेकर प्रताड़ना का आरोप**: मृतका के भाई सूरज कुमार सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र के लतरहिया गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि चांदनी की शादी वर्ष 2022 में दानापुर निवासी और एक निजी स्कूल में शिक्षक बिरजू कुमार राय से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उनकी बहन को दहेज में चारपहिया वाहन लाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

**एक साल पहले भी की थी शिकायत**: सूरज कुमार ने बताया, 'करीब एक वर्ष पहले भी उनकी बहन ने दानापुर थाना में ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय ससुराल वालों ने भविष्य में ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया था, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था।'

**फोन कटने के बाद हुई मौत की जानकारी**: सूरज ने बताया, '4 जुलाई की दोपहर उनकी बहन से तीन-चार मिनट तक फोन पर सामान्य बातचीत हुई थी। उसी दिन वह किसी काम से पटना आए हुए थे। इसी दौरान उनकी बहन की सास के मोबाइल से उनके पास कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर उन्हें रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने "हैलो" कहा तो तुरंत फोन काट दिया गया।' इसके बाद उन्होंने बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को कई बार फोन किया, लेकिन हर बार कॉल काट दिया गया और बाद में सभी मोबाइल बंद हो गए। शाम करीब 7 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन की मौत हो गई है।

**गले पर चोट के निशान, गला घोंटकर हत्या का आरोप**: मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उनकी बहन के गले पर चोट के स्पष्ट निशान थे और उसके पति बिरजू कुमार राय, सास सीता देवी तथा अन्य ससुराल वालों ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया, कि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। महिला के गले पर गहरे निशान पाए गए हैं। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## हर जिले में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नियुक्त हों

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। नई दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रोफेसर डॉ. रकीब आलम ने रविवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने राज्य के प्रत्येक जिले और प्रमुख सरकारी संस्थानों में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट की नियुक्ति पर जोर दिया। डॉ. आलम ने केंद्र सरकार के डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम (DMHP) को बिहार में प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता भी बताई। डॉ. आलम ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूर्व उन्होंने बिहार के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें इस संबंध में एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा था। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य अब केवल एक चिकित्सीय विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक शांति, न्याय और मानवीयता से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस दिशा में समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर और दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।डॉ. आलम ने समाज में नैतिक मूल्यों के क्षरण के साथ-साथ बढ़ती मानसिक और व्यवहारिक समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर (NPD) का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इस विकार से ग्रस्त व्यक्ति अपने व्यवहार से परिवार और समाज दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। उनके अनुसार, ऐसे मामलों की समय पर पहचान और विशेषज्ञों द्वारा उपचार अत्यंत आवश्यक है। डॉ. आलम ने बताया कि NPD जैसे व्यवहार से प्रभावित लोगों के संपर्क में आने वाले कई व्यक्ति गंभीर मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, हीन भावना और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण ऐसे पीड़ितों को समय पर उचित परामर्श और उपचार नहीं मिल पाता है, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ सकती है। डॉ. आलम ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के पोर्टल पर भी शिकायत और सुझाव दर्ज कराया था। इसके जवाब में उन्हें जानकारी मिली कि देश के 767 जिलों में डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम को मंजूरी दी जा चुकी है। बिहार सरकार से आग्रह किया कि इस योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए इसे राज्य के सभी जिलों में प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

### लावारिस कार से 1026 बोतल अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी**। गौरीचक थाना पुलिस ने फैजलचक सड़क मार्ग पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़ी एक लावारिस कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही तस्कर कार छोड़कर फरार हो गए।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कार के जरिए अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक तस्कर वाहन छोड़कर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिसमें विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब और बीयर से भरे कई कार्टन मिले।गौरीचक थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि कार से कुल 1026 बोतल अंग्रेजी शराब और बीयर, जिसकी कुल मात्रा 476.5 लीटर है, जब्त की गई है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही शराब की खेप कहां से लाई गई थी और कहां पहुंचाई जानी थी, इसकी भी जांच की जा रही है।

# स्त्री-चेतना और मनोगत भावों की नैसर्गिक अभिव्यक्ति है राज प्रिया रानी की काव्य-कृति 'आँगन के फूल'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। 05/07/26 । स्त्री-चेतना और नारी-मन के आंतरिक भावों की नैसर्गिक अभिव्यक्ति है कवयित्री राज प्रिया रानी का काव्य-संग्रह 'आँगन के फूल' इस संग्रह की कविताएँ स्त्री-विमर्श का आह्वान तो करती ही हैं, साथ ही मन की अनेक गाँठों को भी खोलती हैं। ये बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने संस्कृत के महान आचार्य पं. आद्याचरण झा तथा तपस्विनी कवयित्री डॉ. शांति जैन की जयंती के अवसर पर आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आद्या बाबू ने अपना संपूर्ण जीवन संस्कृत भाषा के संरक्षण और उन्नयन के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. शांति जैन ऐसी काव्य-तपस्विनी थीं जिन्होंने आजीवन अविवाहित रहकर साहित्य-साधना को ही अपना जीवन बना लिया। समारोह का उद्घाटन करते हुए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल *गंगा प्रसाद* ने कहा कि पं. आद्याचरण झा और डॉ. शांति जैन, दोनों ने ही भाषा और साहित्य की अमूल्य सेवा की है।

पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समारोह के मुख्य वक्ता, चर्चित कवि एवं चित्रकार सिद्धेश्वर ने कहा कि राज प्रिया रानी की कविताओं में भाषा की सहजता, अभिव्यक्ति की मौलिकता और जीवन का यथार्थ उपस्थित है। उनकी रचनाएँ यह सिद्ध करती हैं कि साहित्य में परिपक्वता केवल अनुभव की आयु से नहीं, बल्कि संवेदना की गहराई से आती है। उन्होंने संग्रह में प्रकाशित कविताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज प्रिया रानी की कविताओं में कल्पना से अधिक यथार्थ का साक्षात्कार होता है। वे अत्यंत सहज और सरल शब्दों में अपनी बात पाठकों तक पहुँचाने में सफल रही हैं। इतना ही नहीं, जहाँ मुक्तछंद लिखने में अनेक मुख्यधारा के कवि असमर्थ दिखाई देते हैं और पद्य के स्थान पर गद्यात्मक सपाटबयानी को ही कविता मान लेते हैं, वहीं राज प्रिया रानी जैसी युवा रचनाकार इस चुनौती को समझते हुए छंद का सफल निर्वाह भी करती हैं।

उन्होंने पुस्तक में प्रकाशित अपने रेखाचित्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पुस्तक के आवरण पर प्रकाशित कलाकृति तथा भीतर के अनेक रेखाचित्र भी उनके द्वारा निर्मित हैं। उन्हें प्रसन्नता है कि राज प्रिया रानी ने इस दायित्व के लिए उन पर विश्वास किया। किसी रचनाकार की कल्पना को अपनी रेखाओं और रंगों के माध्यम से अभिव्यक्ति देना भी अपने आप में एक सृजनात्मक आनंद है। वरिष्ठ कवि आचार्य विजय गुंजन ने पुस्तक पर समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि राज प्रिया रानी की रचनाओं में अनेक विविधताएँ दृष्टिगोचर होती हैं। उनमें बालमन की किलकारियाँ भी हैं, किशोर-मन की जिज्ञासाएँ भी और युवावस्था की संवेदनाएँ भी। उनकी कविताएँ जीवन के लगभग सभी पक्षों का स्पर्श करती हैं।



वरिष्ठ लेखिका एवं समीक्षक ऋचा वर्मा ने कहा, "राज प्रिया रानी मधुर स्वर वाली एक संवेदनशील एवं स्नेहमयी व्यक्तित्व हैं। जब कोई संवेदनशील व्यक्ति कविता लिखता है, तो उसकी रचना स्वाभाविक रूप से पाठकों के हृदय को स्पर्श करती है। 'आँगन के फूल' में संकलित कविताएँ जीवन के हर पहलू, हर रिश्ते, हर उम्र, हर तेवर और हर मौसम को स्पर्श करती हैं। उन्हें हार्दिक बधाई।"* भारतीय रेल में राजभाषा अधिकारी रहे साहित्यकार *राजेश रंजन* ने कहा कि उनकी बहन राज प्रिया रानी ने इस पुस्तक में कविता के कई नए प्रतिमान गढ़े हैं, जो उनकी सशक्त काव्य-प्रतिभा का परिचय देते हैं।

*प्रो. जंगबहादुर पाण्डेय* ने राज प्रिया रानी को समकालीन कविता की एक सशक्त हस्ताक्षर बताते हुए कहा कि इस संकलन में उनकी कोमल भावनाओं का अत्यंत प्रभावी चित्रण हुआ है। *विभारानी श्रीवास्तव, **शमा कौसर शमा, **कल्पना जैन* आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का शुभारंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि डॉ. रत्नेश्वर सिंह , *प्रो. सुनील कुमार उपाध्याय, **कुमार अनुपम, **इं. अशोक कुमार, **ए. आर. आज़ाद, **डॉ. प्रतिभा रानी, **शमा कौसर शमा, **डॉ. सुषमा कुमारी, **मोईन गिरीडीहवी, **डॉ. शमा नसरीन नाज़ाँ, **चित्तरंजन लाल भारती, **बाँके बिहारी साव, **इन्दुभूषण सहाय, **सूर्य प्रकाश उपाध्याय, **नन्दन कुमार, **डॉ. अंकेश कुमार* आदि कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से समारोह को गरिमा और मधुरता प्रदान की।

मंच का प्रभावशाली संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने किया तथा कृष्ण रंजन सिंह ने धन्यवाद-ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज गोवर्द्धनपुरी,डॉ. चंद्रशेखर आज़ाद**, बीना गुप्ता, विमलेन्दु भूषण कुमार, रंजन कुमार अमृतनिधि,अश्विनी कविराज, सुनीता सोनी,राजीव कृष्णन,आर्याश्री, अंजनी कुमार, तृप्ति नारायण झा सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### संत अरविंदो अकादमी में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, राखी मिश्रा बनीं नई प्रधानाचार्या




**रांची।** संत अरविंदो अकादमी में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन को लेकर रविवार को पूर्व समिति सदस्यों, अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी विद्यालय प्रबंधन समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर नई एसएमसी का गठन किया गया। इसके बाद सभी सदस्यों की सहमति से राखी मिश्रा को विद्यालय की नई प्रधानाचार्या नियुक्त किया गया। नई प्रधानाचार्या के चयन के साथ ही विद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों को नई दिशा देने की उम्मीद जताई गई। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि नए नेतृत्व में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को और अधिक मजबूती मिलेगी। विद्यालय के अध्यक्ष अनुज कुमार साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राखी मिश्रा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्हें विश्वास है कि नई प्रधानाचार्या के नेतृत्व में विद्यालय नई उपलब्धियां हासिल करेगा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। बैठक के दौरान विद्यालय के समग्र विकास में अभिभावकों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय की प्रगति तभी संभव है, जब प्रबंधन, शिक्षक और अभिभावक आपसी समन्वय के साथ विद्यार्थियों के हित में कार्य करें। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक, नवनियुक्त पदाधिकारी, अभिभावक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवगठित समिति से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल विकसित करने की उम्मीद व्यक्त की।

### वन महोत्सव पर महिला कॉलेज की बीएड इकाई ने लगाए पौधे



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला स्थित महिला कॉलेज चाईबासा की राष्ट्रीय सेवा योजना (बीएड इकाई) की ओर से वन महोत्सव के अवसर पर गोद लिए गए गांव दुम्बीसाई स्थित अर्जुन हॉल परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 51 पौधों का रोपण किया गया, जबकि 50 पौधे वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना और लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना था। रविवार को आयोजित कार्यक्रम समन्वयक डॉ अर्पित सुमन ने कहा कि महिला कॉलेज चाईबासा की ओर से प्रत्येक वर्ष वन महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान काजू, आम, आंवला, कटहल, सहजन और कुसुम के फलदार पौधों के साथ-साथ साल, सागवान, शीशम और महोगनी जैसे बहुमूल्य और औद्योगिक महत्व के पौधों का भी रोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी डॉ अमरजीत कुजूर ने कहा कि वृक्ष मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने, जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में बीएड विभागाध्यक्ष मोबारक करीम ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी अभिषेक आनंद, सहायक प्राध्यापक धनंजय कुमार, पंकज, गिरीश देवगम, प्रभु सहाय देवगम, कानू लाल, चमरू देवगम, किरण देवगम, अर्जुन देवगम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### रौनियार वैश्य समिति की बैठक में शिक्षा और सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर



**खूंटी ।** रौनियार वैश्य समिति की बैठक रविवार को समिति के जिलाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक सहयोग और संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कोई भी छात्र आर्थिक अभाव के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके अलावा शादी-विवाह और अन्य सामाजिक अवसरों पर समाज के सदस्यों के बीच आपसी सहयोग और एकजुटता को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। जिलाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि समाज की एकता और सेवा भावना उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ऐसे कार्य करने का आह्वान किया, जिनसे खूंटी जिले में रौनियार वैश्य समाज की सकारात्मक पहचान स्थापित हो। समिति के सचिव अशोक गुप्ता ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। बैठक में सत्यनारायण गुप्ता, संतोष गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, दिलीप गुप्ता (मोहना टोली), अनूप गुप्ता, हीरा गुप्ता, राजन गुप्ता सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### दीवार ढहने से दिव्यांग युवती की मौत




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र के बामेहुटुब गांव में लगातार हो रही बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। कच्चे मिट्टी के घर की दीवार अचानक ढह जाने से उसके मलबे में दबकर 34 वर्षीय दिव्यांग युवती सुखमती बानरा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब सात बजे सुखमती बानरा अपने घर के बाहर दीवार के पास बैठकर दातून कर रही थीं। तभी बारिश से कमजोर हो चुकी कच्ची मिट्टी की दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। दीवार का पूरा मलबा सुखमती पर आ गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से दब गईं। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर उनकी छोटी बहन मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर सुखमती को बाहर निकाला। परिजन उन्हें तत्काल सदर अस्पताल चाईबासा लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता कुशनू बानरा ने बताया कि सुखमती उनकी पांच बेटियों में सबसे बड़ी थीं और बचपन से ही दोनों पैरों से दिव्यांग थीं। उन्हें सरकार की ओर से प्रतिमाह एक हजार रुपये की दिव्यांग पेंशन मिलती थी। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी, जिससे मिट्टी पूरी तरह भीग गई और कच्ची दीवार कमजोर होकर ढह गई।

# रांची पुलिस ने सड़क पर शराब पीने वालों और नियम तोड़ने वाले पब-बार पर की कार्रवाई

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने शनिवार देर रात विशेष अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे शराब पीने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वाले पब-बार के खिलाफ एक साथ कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शराब दुकानों के बाहर लोग वाहन खड़े कर खुलेआम शराब पीते हैं और हुड़दंग करते हैं। इससे राहगीरों, विशेषकर महिलाओं और परिवारों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित शराब दुकानों के बाहर औचक जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा करने वाले कई लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। इसी अभियान के तहत पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात शहर के करीब एक दर्जन पब और बार में भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठानों के संचालन समय, लाइसेंस की शर्तों तथा अन्य वैधानिक नियमों के अनुपालन की जांच की गई। पुलिस ने कहा कि जिन पब और बार में नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## बाबूलाल मरांडी ने नितिन नवीन से की मुलाकात, संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा



**एजेंसी। रांची**

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन को मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक रणनीति और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। रविवार को बयान जारी कर बाबूलाल मरांडी ने बताया कि शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हुई मुलाकात सकारात्मक और सार्थक रही। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों के साथ-साथ वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस चर्चा से संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी। राजनीतिक दृष्टि से इस मुलाकात को झारखंड भाजपा की आगामी संगठनात्मक रणनीति और कार्यक्रमों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## झारखंड में नौ जुलाई तक बारिश, वज्रपात और तेज हवा की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में नौ जुलाई तक बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में एक जून से पांच जुलाई तक सामान्य 236.1 मिलीमीटर वर्षा के मुकाबले 129 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य से लगभग 45 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में सबसे अधिक 50.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसी अवधि में राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 35.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम में 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार सुबह रांची और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.5 डिग्री और न्यूनतम 27.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.1 डिग्री और न्यूनतम 27.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 31.4 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एसआईआर अभियान के तहत रांची में घर-घर पहुंच रहे बीएलओ, इन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण-डिजिटाइजेशन जारी

**एजेंसी। रांची**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत रांची जिले में इन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) रविवार सुबह से ही घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच इन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण और संग्रहण कर रहे हैं। उपायुक्त ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि वे प्रतिदिन सुबह अधिक से अधिक घरों तक पहुंचकर फॉर्म का वितरण और संग्रहण सुनिश्चित करें, क्योंकि इस समय अधिकांश मतदाता अपने घरों पर उपलब्ध रहते हैं। इससे पात्र मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित होने के साथ अभियान को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि दोपहर बाद बीएलओ द्वारा संग्रहित इन्यूमरेशन फॉर्म का समयबद्ध डिजिटाइजेशन किया जाए, ताकि वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया समानांतर रूप से प्रभावी ढंग से संचालित हो सके तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समयसीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। अभियान के तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया। इस दौरान उन्हें इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराने के साथ उसकी प्रक्रिया संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। जिला प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएलओ के साथ पूरा सहयोग करें और इन्यूमरेशन फॉर्म सही एवं पूर्ण रूप से भरकर निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## लिंक रेक में देरी के कारण तीन प्रमुख ट्रेनें री-शेड्यूल, बदला प्रस्थान समय

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



रेलवे ने लिंक रेक के विलंब से पहुंचने के कारण रविवार 5 जुलाई 2026 को तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव किया है। रेलवे के अनुसार संबंधित ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय से देरी से किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे स्टेशन के लिए रवाना होने से पहले अपनी ट्रेन का अद्यतन समय अवश्य जांच लें। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 12022 बरबिल–हावड़ा एक्सप्रेस को बरबिल स्टेशन से निर्धारित समय दोपहर 1:45 बजे के बजाय शाम 5:15 बजे रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन अपने लिंक रेक 12021 के 190 मिनट री-शेड्यूल होने और 234 मिनट की देरी से चलने के कारण विलंबित की गई है। इसी प्रकार 20835 राउरकेला–पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस अब अपने निर्धारित समय दोपहर 2:00 बजे के बजाय शाम 4:30 बजे राउरकेला से प्रस्थान करेगी। रेलवे ने बताया कि इस ट्रेन का लिंक रेक 20836 भी 150 मिनट री-शेड्यूल है तथा 236 मिनट की देरी से चल रहा है, जिसके कारण यह बदलाव किया गया है। वहीं 20897 हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रस्थान समय भी बदला गया है। यह ट्रेन अब हावड़ा से निर्धारित समय दोपहर 2:35 बजे के बजाय शाम 4:00 बजे रवाना होगी। रेलवे के अनुसार डाउन लिंक ट्रेन 20898 के विलंब से चलने के कारण इस ट्रेन को री-शेड्यूल किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए रेलवे की आधिकारिक सूचना के अनुसार ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## राजद का 30वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई की ओर से रविवार को एनएच-33 स्थित डॉल्फिन क्लब एंड रिसॉर्ट में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। पूरे आयोजन में संगठन की मजबूती, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के संकल्प को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 30 पाउंड का केक काटकर पार्टी की तीन दशक की राजनीतिक यात्रा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम स्थल को राजद के झंडों, बैनरों और पोस्टरों से सजाया गया था। इसके साथ ही जमशेदपुर के विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर भी स्थापना दिवस के बैनर एवं झंडे लगाए गए, जिससे पूरे शहर में आयोजन की चर्चा रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की रक्षा के उद्देश्य से हुई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पिछले 30 वर्षों में गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों की लड़ाई को निरंतर मजबूती से उठाया है और आगे भी इसी विचारधारा के साथ कार्य करती रहेगी। जिला अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय जनता दल केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का जनआंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी। समारोह की एक प्रमुख उपलब्धि यह रही कि मानगो, जुगसलाई और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी ने सभी नए सदस्यों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और विश्वास जताया कि युवाओं की भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेश बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जनार्दन कुमार, प्रदेश नेता नसीम अंसारी, राजेश यादव, सलीम, जावेद, कनहैया यादव, परवेज अहमद, तनवीर अहमद, स्वपन दे, बिरेंद्र बर्मा, ब्रह्मदेव मंडल, तौसीक अहमद, अविनाश ठाकुर, नवीन कुमार, बिरेंद्र सिंह, बैजनाथ पंडित सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने संगठन के विस्तार, झारखंड में पार्टी को और मजबूत बनाने तथा सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## ट्रैक मेंटेनरों को आवास भत्ता नहीं मिलने से हो रहा आर्थिक नुकसान : चांद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चांद मोहम्मद के टाटानगर पहुंचने पर ट्रैक मेंटेनरों ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ट्रैक मेंटेनरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया। चांद मोहम्मद ने कहा कि चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत कार्यरत कई ट्रैक मेंटेनरों को अब तक मकान किराया भत्ता नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें हर महीने आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में यूनियन की ओर से कई बार रेल प्रशासन को लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर ट्रैक मेंटेनरों के लिए रेलवे आवास उपलब्ध नहीं हैं, वहां कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल मकान किराया भत्ता दिया जाना चाहिए। वहीं जिन स्थानों पर रेलवे आवास हैं, वहां भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

कई आवास जर्जर स्थिति में हैं तथा वहां शुद्ध पेयजल और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। चांद मोहम्मद ने बताया कि चंपाझरन, पतासाही, गगनपोश और बंदूकडेरा सेक्शन में कर्मचारियों के लिए न तो रहने योग्य रेलवे क्वार्टर हैं और न ही बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन क्षेत्रों में कार्यरत ट्रैक मेंटेनरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन ने रेल प्रशासन से मांग की है कि जिन स्थानों पर कर्मचारियों के लिए आवास उपलब्ध नहीं हैं या जहां आवास रहने योग्य नहीं हैं, वहां कार्यरत ट्रैक मेंटेनरों को जल्द से जल्द मकान किराया भत्ता का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## जमशेदपुर बंद की प्राथमिकी पर भाजपा ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**





जमशेदपुर बंद के दौरान टेल्को थाना में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को लेकर पार्टी ने प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा और पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को राजनीतिक विद्वेष और पूर्वाग्रह से प्रेरित बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। रविवार को जारी बयान में संजीव सिन्हा ने कहा कि भाजपा द्वारा आहूत जमशेदपुर बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। उनके अनुसार बंद के दौरान शहर में कहीं भी तोड़फोड़, आगजनी, जबरन दुकानें बंद कराने या हिंसा की कोई शिकायत सामने नहीं आई। इसके बावजूद देर रात टेल्को मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, घोड़ाबांधा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, जिला महामंत्री जितेंद्र राय समेत कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया, जो कई सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन स्पष्ट करे कि बंद के दौरान ऐसा कौन-सा सरकारी कार्य किया जा रहा था, जिसमें कथित रूप से बाधा पहुंचाई गई। भाजपा नेताओं का आरोप है कि यह कार्रवाई पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने और लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने प्रशासन से अपराध नियंत्रण पर ध्यान देने और राजनीतिक पूर्वाग्रह से बचने की अपील की। वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है।

उन्होंने कहा कि उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार बंद के दौरान किसी प्रकार की हिंसा या जबरन बंद कराने की घटना सामने नहीं आई। ऐसे में प्राथमिकी दर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष, तथ्यात्मक और विवेकपूर्ण जांच कर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पीएम की डिग्री मामले में केजरीवाल की पुनर्विचार याचिका खारिज

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के सत्र न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। इसमें उन्होंने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षिक डिग्री से जुड़े दस्तावेज मांगने की अर्जी खारिज की गई थी। केजरीवाल ने अपने और पार्टी सांसद संजय सिंह के खिलाफ चल रहे मानहानि मुकदमे के हिस्से के तौर पर अदालत में याचिका दायर की थी। मानहानि का मुकदमा गुजरात



विश्वविद्यालय ने दायर किया है। आरोप है कि दोनों नेताओं ने कहा था कि विश्वविद्यालय से जारी प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री फर्जी हो सकती है। केजरीवाल और सिंह ने प्रधानमंत्री की डिग्री के दस्तावेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिसे मंजिस्ट्रेट अदालत ने 10 मार्च को खारिज कर दिया था। इसे चुनौती देते हुए सत्र न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की गई। सत्र न्यायाधीश पीबी पटेल की अदालत में गुजरात विश्वविद्यालय की ओर से अधिवक्ता अमित नायर ने तर्क दिया कि केजरीवाल और सिंह पहले से मानहानि के मुकदमे का सामना कर रहे हैं। पुनर्विचार याचिका बिना ठोस आधार के जानकारी जुटाने और अपने बयानों को सही ठहराने की कोशिश है। कानून के तहत इसकी अनुमति नहीं है। अदालत ने सुनवाई के बाद पुनर्विचार याचिका को खारिज दिया।

### केरल कांग्रेस में गुटबाजी तेज, मुख्यमंत्री वीडी सतीशन की कार्यशैली पर उठे सवाल

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में सत्तारूढ़ कांग्रेस एक बार फिर आंतरिक गुटबाजी के दौर से गुजरती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन की कार्यशैली और सरकार पर बढ़ते प्रभाव को लेकर पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है, जिससे यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) सरकार के शुरुआती कार्यकाल पर ही राजनीतिक दबाव बढ़ गया है। ताजा विवाद इस आरोप को लेकर है कि राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण नीतिगत और प्रशासनिक फैसले पार्टी संगठन से पर्याप्त परामर्श किए बिना ले रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल के समर्थक नेताओं ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) नेतृत्व की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है। उनका कहना है कि हाल ही में संपन्न विधानसभा सत्र के दौरान कई ऐसे मुद्दे सामने आए, जिन पर पार्टी स्तर पर चर्चा जरूरी है। केरल कांग्रेस में गुटीय संघर्ष कोई नई बात नहीं है। समय के साथ नेतृत्व बदलता रहा है, लेकिन आंतरिक खींचतान लगातार बनी रही है। वर्तमान में पार्टी के दो प्रमुख शक्ति केंद्र मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन और के.सी. वेणुगोपाल माने जाते हैं, जबकि वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला का भी एक स्वतंत्र समर्थन आधार मौजूद है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री पद की दौड़ में वेणुगोपाल पर बढ़त हासिल करने के बाद सतीशन की स्थिति और मजबूत हुई है। सरकार के संचालन में दिखाई गई आत्मविश्वासपूर्ण भूमिका ने उनकी राजनीतिक साख को और बढ़ाया है। हालांकि, सतीशन की बढ़ती लोकप्रियता और प्रभाव ने वेणुगोपाल खेमे की चिंता बढ़ा दी है। इस गुट को आशंका है कि यदि समय रहते संतुलन नहीं बनाया गया तो सतीशन राज्य सरकार और कांग्रेस

## पारिवारिक कलह का खूनी अंतः सुपारी किलर से महिला ने पति की कराई हत्या, पुलिस के हत्थे चढ़ी

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर पुलिस की क्राइम ब्रांच ने घरेलू झगड़ों के बाद सुपारी किलर से अपने पति की हत्या कराने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक और आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित 45 वर्षीय गणेश बोरकर पर दो जुलाई की रात भंडवाड़ी के पास चाय की दुकान से घर लौटते समय धारदार हथियारों से हमला किया गया था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित की मां की शिकायत के आधार पर भंडवाड़ी पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान क्राइम ब्रांच ने भंडवाड़ी पुलिस के साथ मिलकर काम किया और तकनीकी सुबूतों, स्थानीय खुफिया जानकारी और परिवार के सदस्यों के बयानों का विश्लेषण किया। पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं को परिवार में अक्सर होने वाले झगड़ों के बारे में पता चला। इसके बाद पीड़ित की पत्नी पर शक हुआ। पुलिस ने आरोपित की पहचान 37 वर्षीय मनीषा बोरकर के रूप में की। पूछताछ के दौरान उसने हत्या कराने की बात कुबूल कर ली। जांचकर्ताओं के अनुसार, वह घरेलू झगड़ों के बाद अपने बच्चों के साथ अलग रह रही थी।

# चंद्रिमा को एक महीने पहले ही बनाया था पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष वह भी बागियों से जा मिली !

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बाद से ममता बनर्जी की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। ममता बनर्जी जिस तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो कही जाती थी, आज वो ही ममता अपनी पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न के लिए लड़ रही हैं।

ममता बनर्जी का साथ एक-एक करके पार्टी के कई नेता छोड़ते जा रहे हैं। यहां तक कि ममता बनर्जी ने जहां चंद्रिमा भट्टाचार्य को एक महीने पहले तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया था, उन्होंने भी ममता का साथ छोड़ दिया।

ममता बनर्जी ने 3 जून को पार्टी की सभी कमेटियों को भंग कर दिया था और संगठन का पुनर्गठन किया था। उसी दौरान ममता ने सुब्रता बख्शी की जगह चंद्रिमा भट्टाचार्य को टीएमसी बंगाल अध्यक्ष पद पर बैठाया था।

वहीं चंद्रिमा भट्टाचार्य को इसके ठीक एक महीने बाद बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता के चैंबर में बागी गुट



के साथ बैठकर मुस्कुराते हुए देखा गया।

चंद्रिमा भट्टाचार्य ने आज शानिवार, 4 जुलाई को पद से इस्तीफा देने के बाद कहा, 'जहां भरोसा न हो, जहां विश्वास न हो, वहां काम करना मुमकिन नहीं है। इसीलिए हमने इस्तीफा दिया।'

चंद्रिमा भट्टाचार्य लंबे समय से ममता बनर्जी की सबसे करीबी सहयोगियों में से एक मानी जाती रही हैं और तृणमूल सरकार में वित्त, स्वास्थ्य, और पंचायत एवं ग्रामीण विकास जैसे कई महत्वपूर्ण विभाग संभाल चुकी हैं, लेकिन आज उन्होंने भी ममता का साथ छोड़ने का फैसला ले लिया।

पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने के बाद चंद्रिमा भट्टाचार्य बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी गुट के कमरे में गईं। ऋतब्रत बनर्जी ने ही ममता बनर्जी के खिलाफ बगावत शुरू की थी और अब वे बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं।

चंद्रिमा भट्टाचार्य से पहले ममता बनर्जी की एक और करीबी सहयोगी काकोली घोष दस्तीदार ने कई पार्टी सांसदों के साथ बगावत का नेतृत्व करते हुए ममता बनर्जी का साथ छोड़ा था। भट्टाचार्य का यह कदम पार्टी सांसद सायनी घोष जैसा ही है, जो ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस की युवा शाखा का प्रमुख फिर से बनाए जाने के कुछ ही दिनों बाद बागी गुट में शामिल हो गईं। भट्टाचार्य के इस्तीफा देने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए, ममता बनर्जी खेमे के विधायक कुणाल घोष ने पूछा कि उन्होंने तब इस्तीफा क्यों नहीं दिया जब वे ममता बनर्जी की सरकार के दौरान मिले अहम विभागों का मजा ले रही थीं।

### मौसम विभाग ने भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया

# मानसून का रौद्र रूपः मुंबई-गुजरात में जमकर बरस रहे बादल, पहाड़ी राज्यों में भारी वर्षा का रेड अलर्ट

**मुंबई, अहमदाबाद, एजेंसी।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में मौसम को लेकर विभाग की ओर से अलर्ट जारी किए गए हैं। समुद्र किनारे वाले राज्य ओडिशा और बंगाल को लेकर मौसम विभाग ने भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। जम्मू के कई हिस्सों में बारिश जारी है। बादलों के छाए रहने से कटड़ा-सांझीछत चापर सेवा लगातार प्रभावित रही है। प्रदेश में पांच और छह जुलाई को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। एक तरफ जहां मायानगरी मुंबई, गुजरात और केरलम जैसे राज्य भारी और 'रिकॉर्डतोड़' बारिश से बेहाल हैं, वहीं दूसरी तरफ उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में बरखा रानी की बेरुखी ने किसानों और आम जनमानस को निराश



किया है। उधर, शनिवार को हिमाचल में सुबह हल्का हिमपात और कई स्थानों पर वर्षा हुई। जिले में 25 सड़कें बंद है, जिन्हें बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मौसम विभाग ने रविवार को कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में शनिवार को जोरदार वर्षा हुई। पिथौरागढ़ के धारचूला में 82 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में चीन सीमा को जोड़ने वाले टनकपुर-तवाघाट-लिपुलेख राजमार्ग पांच स्थानों पर मलबा आने से अवरुद्ध हो गया है। आदि कैलास यात्रा स्थगित चल रही है। मौसम विभाग ने रविवार को नैनीताल और बागेश्वर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शनिवार को बालटाल और पहलगाम से 20,145 श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। दो दिनों में अब तक 32,313 श्रद्धालु बाबा के दरबार में नतमस्तक हो चुके हैं। इस बीच आधार शिविर जम्मू से तड़के 259 वाहनों में 4812 श्रद्धालुओं का जत्था यात्रा के लिए रवाना हुआ। देश के बड़े हिस्से में मानसून की चाल सुस्त है मौसम विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, देश के बड़े हिस्से में मानसून की चाल सुस्त है।

## अयोध्या चढ़ावा चोरी पर अखिलेश यादव का तंज, बोले- 'क्या फिर से चले गए वनवास'

**लखनऊ, एजेंसी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर निशाना साधा है। सपा प्रमुख ने 4.39 मिनट का अयोध्या पर बना वीडियो एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'क्या फिर से चले गए वनवास'। वहीं एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, आखिरकार सुरंगजीवियों को बाहर आना ही पड़ा, क्योंकि अब अपयश का पानी सुरंग में गले तक भर गया है। सपा प्रमुख द्वारा शनिवार को पोस्ट किए गए गीत के बोल हैं, 'क्यों तेरी नगरी है उदास, क्या फिर से चले गए वनवास। यही है प्रार्थना, फिर वापस आओ दशरथ के लाल।' वहीं दूसरे पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा, चंदा-दान देने वाले सनातनी पूछ रहे हैं कि हर काम में आगे रहने वाले, इस गंभीर मसले पर खुद सामने क्यों नहीं आए, क्या इसमें भी साजिश की गई है कि 'महापाप' के दोष से खुद को बचा लो और दूसरे को फंसाकर सफाई दिलवा दो। 'असली पापी' याद रखें, 'सत्य' उनके पापों की सजा देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। इन्हें न अयोध्या क्षमा करेगा, न देश, न वो परम प्रभु, जिसके खजाने को इन्होंने लूटा है। वहीं पार्टी मुख्यालय पर मुंबई के में रहने वाले प्रवासी प्रदेशवासियों से मुलाकात में आरोप



लगाया कि चढ़ावे में डकैती भाजपा-आरएसएस धर्म के नाम पर कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की मौजूदगी में राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज लोधी ने अपने समर्थकों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण की। सपा ने अपने एक्स हैंडल पर पेपर लीक के मुद्दे पर पीडीए आडिट भाग तीन जारी किया। इसमें भाजपा सरकार पर भर्ती का अष्ट चरण माडल अपनाने का आरोप लगाया गया है, जिसमें पेपर धांधली भी शामिल है। 20 परीक्षाओं को उदाहरण के तौर दिया गया है।

## हिमाचल के सीबीएसई स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति में उलझी सरकार, छात्र कटवा रहे नाम; चौंकाने वाले आंकड़े आए सामने

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति का मामला अब भी अधर में है। चयन परीक्षा की मेरिट के आधार पर भर्ती हो या कोई अन्य व्यवस्था अपनाई जाए, इस पर राज्य सरकार अभी अंतिम निर्णय नहीं ले पाई है। इस बीच 158 सीबीएसई स्कूलों से 2217 विद्यार्थियों ने नाम वापस लेकर अन्य सरकारी या निजी स्कूलों में दाखिला ले लिया है। शिक्षा निदेशालय ने पूरी स्थिति की रिपोर्ट सचिव शिक्षा राकेश कंवर को भेजी है। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद सरकार नियुक्ति प्रक्रिया पर निर्णय नहीं कर सकी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित कैबिनेट सब कमेटी, जिसमें शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी शामिल हैं, ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने चयन परीक्षा की मेरिट के आधार पर नियुक्तियां करने की सिफारिश की है। मामला सरकार के पास पहुंचा है, लेकिन अभी नियुक्ति पर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।



शिक्षा विभाग का दावा है कि अंग्रेजी और गणित विषय के 400-400 शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। हाल ही में 21 अन्य शिक्षकों की भी इन स्कूलों में तैनाती की गई है, जिससे रिक्त पद लगभग भर गए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 158 सीबीएसई स्कूलों में 82,717 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, जबकि पहले यह संख्या 78,474 थी। इनमें 11,721 विद्यार्थी निजी स्कूलों से आए थे, लेकिन अब 2217 छात्र दोबारा स्कूल छोड़ चुके हैं। शिमला के पोर्टमोर स्कूल से 100 से अधिक, जबकि सरकाघाट और बद्दी से लगभग 40-40 विद्यार्थियों ने नामांकन वापस लिया है।

### भारत मंडपम में सजी भविष्य के एआई बेस्ड खिलौनों की दुनिया

# खेल-खेल में सिखाएंगे कोडिंग और साइंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिभावकों की बड़ी चिंता बच्चों में खिलौनों से दूरी तथा मोबाइल फोन की लत है, लेकिन अब चिंता कि बात नहीं। ऐसे खिलौने भी आ गए हैं जो न सिर्फ डिजिटल है, बल्कि एआइ आधारित खिलौने खेल-खेल में विज्ञान व तकनीक के रहस्यों को सुलझा रहे हैं। भारत मंडपम में शनिवार से शुरू अंतरराष्ट्रीय खिलौना प्रदर्शनी बदलते और दिलचस्प होते खिलौना बाजार की तस्वीर रखी है। एक और जहां परंपरागत खिलौने हैं तो दूसरी ओर एआइ आधारित खिलौने हैं। जो बच्चों को आकर्षित करेंगे।




इस प्रदर्शनी में 400 से अधिक भारतीय ब्रांड और 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है। यह प्रदर्शनी मंगलवार तक चलेगी।

**खिलौना उद्योग में देश की बढ़ती धमक**-प्रदर्शनी में रोबोटिक खिलौने, एआइ आधारित खिलौने समेत अन्य अत्याधुनिक उत्पाद खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी खिलौना उद्योग में देश की बढ़ती धमक को प्रदर्शित कर रहा है। बड़े स्तर पर स्टार्टटप व खिलौना कंपनियां रोबोट आधारित खिलौने बनाए हैं, जो बच्चों को कोडिंग, गणित और विज्ञान के बुनियादी सिद्धांत खेल-खेल में सिखाते हैं।इसी तरह संवादात्मक खिलौने भी प्रदर्शनी में हैं जो बच्चों की बातें सुनते हैं, उनके सवालों के जवाब दे रहे हैं। इसी तरह वीआर आधारित गेम्स हैं, आगमेंटेड रियलिटी वाले खिलौने मोबाइल या टैबलेट स्क्रीन के जरिए वर्चुअल दुनिया को असली दुनिया से जोड़ रहे हैं।

**पूरे विश्व को लुभा रही खिलौनों की दुनिया**- बीसीए एड्यूवेंचर के संदीप शर्मा ने बताया कि आज के बच्चे जो मोबाइल फोन पर डूबे हुए हैं। उनकी इस आभासी दुनिया का इस्तेमाल खिलौनों के जरिए इनोवेशन की तरफ उनका रूझान बढ़ाने में किया गया है। जिसमें वह खेल-खेल में तकनीक व विज्ञान में भी रूचि ले सके। विशेष बात कि यह बोझिल नहीं बल्कि रोचक हैं। द ट्वाय एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि अपने आयोजन के 17वें पड़ाव पर यह खिलौनों की दुनिया काफी दिलचस्प और आकर्षक हो गई है। जो पूरे विश्व को लुभा रही है।

# चंडीगढ़ बिल्डिंग हादसाः मलबे में दबे दो युवकों को देर रात बाहर निकाला गया, यूपी के दो लोगों की मौत

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** इंडस्ट्रियल एरिया फेज 2 में शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया, करीब 54 साल पुरानी दो मंजिला व्यावसायिक इमारत अचानक भरभराकर गिर गई. हादसे में मलबे के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. सेना, एनडीआरएफ, पुलिस, फायर ब्रिगेड और चंडीगढ़ प्रशासन की टीमों ने करीब 6 घंटे तक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर फंसे लोगों को बाहर निकाला.

मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी तरुण जैन (45) और तरुण कौशिश (48) के रूप में हुई है. वहीं कुलदीप सिंह, कुलबीर सिंह, उमेश, राहुल और अजीत को मलबे से सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

हादसा शनिवार शाम करीब 4:20 बजे हुआ. सूचना मिलते ही पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया. बाद में सेना और एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू में शामिल हुई. जेसीबी की मदद से सबसे पहले छत के भारी लेंटर को



सावधानी से हटाया गया ताकि मलबे के अंदर फंसे लोगों तक हवा पहुंचती रहे और उन्हें सुरक्षित निकाला जा सके. एनडीआरएफ अधिकारी संजीव कोहली ने बताया कि 'अंतिम चरण में दो लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया. इनमें एक व्यक्ति बेहोश था, जबकि दूसरा होश में था और बात कर रहा था. पूरी कार्रवाई के दौरान लेंटर को सुरक्षित तरीके से हटाया गया ताकि कोई और दुर्घटना ना हो. '

मलबे से निकला शख्स बोला- 'भूकंप जैसा लगा झटका': मलबे से जिंदा निकले रमेश कुमार ने बताया कि 'हादसे के समय इमारत के अंदर करीब 20 से 25 लोग मौजूद थे. अचानक तेज झटका महसूस हुआ, मानो भूकंप आया हो, और देखते ही देखते पूरी इमारत गिर गई. इसके बाद सभी लोग मलबे के नीचे दब गए और आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. '

इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एमपीएस चावला के अनुसार 'इंडस्ट्रियल एरिया के प्लॉट नंबर 28/9 पर बनी यह इमारत काफी पुरानी थी और यहां स्क्रैप का कारोबार चल रहा था. जानकारी के मुताबिक यह बिल्डिंग वर्ष 1972 में अलॉट हुई थी और उसी समय इसका निर्माण हुआ था. करीब 15 दिन पहले ही इसे किराए पर दिया गया था, जहां काम शुरू हुआ था.' बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण इमारत में सीलन आ गई थी. शुरुआती आशंका है कि पुरानी संरचना और बारिश की वजह से इमारत कमजोर होकर ढह गई.

हादसे के तुरंत बाद पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन एनडीआरएफ को करीब ढाई घंटे बाद, शाम लगभग पौने सात बजे सूचना दी गई. इसके बाद एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाली. सूचना देने में हुई देरी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं.

चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने बताया कि 'हादसे के समय इमारत में कुछ लोग मौजूद थे और यह पुरानी बिल्डिंग होने के कारण इसमें मरम्मत और रेनोवेशन का काम चल रहा था. हालांकि जब उनसे पूछा गया कि एनडीआरएफ को देर से सूचना क्यों दी गई, तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की. ' हादसे के बाद चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर की पुरानी और जर्जर इमारतों का सर्वे कराने का फैसला लिया है. रविवार को एस्टेट ऑफिस और सीएफएसएल की टीमें घटनास्थल का निरीक्षण करेंगी और इमारत गिरने के वास्तविक कारणों की जांच करेंगी.

**दो दिनों में दूसरा बड़ा हादसाः** मानसून की शुरुआत के साथ चंडीगढ़ में यह दो दिनों के भीतर दूसरा बड़ा हादसा है. इससे पहले 3 जुलाई को बारिश के दौरान सीसीईटी के पुराने मल्टीपर्पज हॉल की छत गिर गई थी. उस इमारत को पहले ही असुरक्षित घोषित कर खाली करा लिया गया था,

## बहादुरगढ़ में पुलिस मुठभेड़ः लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 2 शूटर ढेर, हांसी जिम ट्रेनर हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई

**हांसी , एजेंसी।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर ढेर कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक एसटीएफ विक्रांत भूषण ने इसकी जानकारी दी। हांसी में जिम ट्रेनर की हत्या मामले में स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस की एसटीएफ के ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया गया था। जॉइंट ऑपरेशन में, स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस की एसटीएफने हिसार के रहने वाले दो वॉन्टेड अपराधियों, प्रवेश और हिमांशु को मार गिराया। ये दोनों हांसी में जिम ट्रेनर की सनसनीखेज हत्या के मामले में आरोपी थे। दोनों पर 1-1 लाख का इनाम घोषित था। खुफिया जानकारी मिलने पर टीम ने हरियाणा में उनकी मौजूदगी का पता लगाया और उन्हें पकड़ने के लिए आगे बढ़ी। पूरी तरह से घिर जाने पर आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की। दोनों को गोली लगी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सीनियर अधिकारियों ने फोरेंसिक और क्राइम टीमों के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। बहादुरगढ़ के सदर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।' एसपी एसटीएफ विक्रांत भूषण ने बताया, पिछले महीने हांसी में दो अज्ञात लोगों ने कपिल नाम के एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। कपिल हांसी में जिम चलाते थे। इस मामले में हांसी सिटी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान, दो मुख्य शूटरों प्रवेश और हिमांशु की पहचान की गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत-जापान की दोस्ती का नया अध्याय, दोनों देशों की एक जैसी चुनौती

एनर्जी सिक्योरिटी और सप्लाई चेन आज जिस अनिश्चित स्थिति में हैं, उसे देखते हुए भारत-जापान के बीच तमाम क्षेत्रों में हुआ समझौता भविष्य की जरूरतों के लिए अहम है। पहली बार जॉइंट डिफेंस को-डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट के लिए एग्रीमेंट होना दिखाता है कि दोनों देश दोस्ती को नए मकाम पर ले जाना चाहते हैं।जापान की पीएम सनाए तकाइची तीन दिन के दौरे पर भारत में हैं। पिछले साल अगस्त में 15वें भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी तोक्यो गए थे। दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर सहयोग लगातार बढ़ा है। इनके बीच का भरोसा तकाइची के इस दौरे में भी दिख रहा है, जहां पीएम मोदी ने उन्हें छोटी बहन कहकर संबोधित किया। दोनों देशों ने आर्थिक सुरक्षा का रोडमैप तैयार किया है, जो बदली वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए बेहद जरूरी है। अब केवल सस्ती आपूर्ति या कुछ देशों पर अत्यधिक निर्भरता से काम नहीं चलेगा। कोविड से लेकर यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया संकट तक ने ग्लोबल सप्लाई चेन की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उस पर चीन की अपनी मनमानी है, जो रेयर अर्थ पर एकाधिकार को हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। जापान और भारत, दोनों ही इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस लिहाज से, सेमीकंडक्टर, बायोगैस और क्रिटिकल टेक्नॉलजी में हुआ मेमोरेंडम ऑफ कोऑपरेशन बेहद अहम है। भारत और जापान ने रक्षा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाया है। दोनों देश मिलकर नेवल रेडियो एंटीना यूनिकॉर्न बनाएंगे। इससे डिफेंस टेक्नॉलजी में साझेदारी के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। क्षेत्रीय स्थिरता और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इन दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग अहम है। दोनों देश क्वाड के सदस्य हैं और उस मंच की भी चिंता चीन की बढ़ती आक्रामकता है। चूंकि अब अमेरिका की प्राथमिकताएं बदलती दिख रही हैं, तो पेइचिंग की नीतियों से प्रभावित होने वाले दूसरे देशों को आगे आने की जरूरत है। हालांकि नई दिल्ली-तोक्यो की दोस्ती को किसी तीसरे के खिलाफ नहीं देखा जाना चाहिए।जापान लंबे समय से भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोगी रहा है, और यह दौरा उस सहयोग का और विस्तार करेगा। पिछले एक साल में करीब 120 व्यापारिक समझौते हुए हैं और इनसे 10 अरब डॉलर से ज्यादा का जापानी निवेश भारत आएगा। सरकार चाहती है कि अगले एक दशक में भारत में जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी हो जाए। यह लक्ष्य बिल्कुल पाया जा सकता है। जापान को बाजार और मैन पावर चाहिए, जबकि भारत को तकनीक। दोनों एक-दूसरे के काम आ सकते हैं।

### पृथ्वी पर नया संकट, स्टेलाइट्स के बीच बढ़ रहा अंतरिक्ष कचरा

चिंता की बात यह है कि कई निजी कंपनियां भी व्यावसायिक उपग्रह अंतरिक्ष में भेज रही हैं, लेकिन इस समस्या को लेकर उनके पास भी कोई ठोस योजना नहीं है। इनमें 10 हजार उपग्रह तो स्पेस एक्स कंपनी के हैं। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष कचरे की मात्रा बेतहाशा बढ़ेगी। ये इसलिए खतरनाक बताए जा रहे हैं, क्योंकि ये करीब सात किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से घूम रहे हैं। पृथ्वी की कक्षा में जिस रफ्तार से अंतरिक्ष कचरा बढ़ रहा है, उसका अनुमान उन देशों ने नहीं लगाया होगा, जो संचार संबंधी जरूरतों और सामरिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वर्षों से उपग्रह भेजते रहे हैं। इन कचरों की वजह से फिलहाल पृथ्वी के लिए जोखिम पैदा होने की आशंका नहीं है, लेकिन आने वाले वर्षों में खतरा नहीं बढ़ेगा, यह भी नहीं कहा जा सकता।दरअसल, अंतरिक्ष मलबे को साफ करने में न तो किसी की रुचि है और न ही इस संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया कारगर साबित हुई है। खबरों के मुताबिक, अंतरिक्ष में दस सेंटीमीटर से बड़े 36 हजार टुकड़े तैर रहे हैं, जबकि इसके कणों की संख्या करोड़ों में है। इस पूरे मलबे का वजन 13 हजार टन से अधिक है। विचित्र बात है कि तमाम देश सैन्य, संचार, कृषि, मौसम और खुफिया जरूरतों के लिए अंतरिक्ष में अपने उपग्रह तो भेजते हैं, लेकिन उनकी मियाद खत्म होने के बाद उनके निपटान की कोई तैयारी नहीं करते। कचरे की समस्या इसी वजह से बढ़ी है।चिंता की बात यह है कि कई निजी कंपनियां भी व्यावसायिक उपग्रह अंतरिक्ष में भेज रही हैं।

*जब भी दुनिया के उस संवेदनशील हिस्से में अशांति होती है, जहां से पूरी दुनिया को कच्चा तेल मिलता है, तो ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल विदेश से ही खरीदता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल ने भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर दिया है।*

## थोक महंगाई ने दी खतरे की घंटी, क्या अर्थव्यवस्था पर गहराने वाला है नया संकट?

**(रंजना मिश्रा)**

केंद्र सरकार ने हाल ही में महंगाई को मापने के इस पारंपरिक तरीके में एक बड़ा बदलाव किया है। लगभग 14 वर्षों बाद थोक महंगाई सूचकांक के आधार वर्ष को पूरी तरह बदल दिया गया है।केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से हाल में जारी एक रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि मई 2026 में थोक महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया और यह 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई है। अगर हम इसकी तुलना अप्रैल 2026 से करें, तो तब यह दर लगभग 8.3 प्रतिशत के करीब थी। केवल एक महीने के भीतर महंगाई का इतनी तेजी से ऊपर जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की अर्थव्यवस्था में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है। यह आंकड़ा देश के हर एक नागरिक, हर छोटे-बड़े व्यापारी और हर उद्योग पर पड़ने वाले सीधे असर की ओर इशारा करता है। महंगाई ने न केवल देश के शीर्ष नीति-निर्माताओं और अर्थशास्त्रियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, बल्कि आम जनता के घर के बजट को भी पूरी तरह बिगाड़ दिया है। दरअसल, थोक महंगाई मुख्य रूप से वह दर है, जिस पर थोक बाजार में चीजों की बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री होती है। यानी जब कोई बड़ा कारखाना या उत्पादक अपना तैयार माल थोक विक्रेताओं या वितरकों को बेचता है, तो वस्तुओं की कीमतों में जो बदलाव आता है, उसे इसी दर से मापा जाता है। हालांकि, आम आदमी सीधे तौर पर थोक बाजार से सामान नहीं खरीदता है, लेकिन अर्थशास्त्र का यह नियम है कि जब थोक में सामान महंगा होता है, तो कुछ ही समय बाद खुदरा बाजार में भी उसी अनुपात में दाम बढ़ जाते हैं। थोक महंगाई आज की कड़वी सच्चाई है, जिसकी आंच कल आम आदमी की रसोई और जेब तक तेजी से पहुंचने वाली है। केंद्र सरकार ने हाल ही में महंगाई को मापने के इस पारंपरिक तरीके में एक बड़ा बदलाव किया है। लगभग 14 वर्षों बाद थोक महंगाई सूचकांक के आधार वर्ष को पूरी तरह बदल दिया गया है। पहले यह आधार वर्ष 2011-12 हुआ करता था, लेकिन अब इसे अद्यतन कर वर्ष 2022-23 कर दिया गया है। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य आज की बदलती अर्थव्यवस्था की असली तस्वीर को सामने लाना है। इतना ही नहीं, पहले के सूचकांक में सिर्फ 697 वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखी जाती थी, लेकिन अब नई प्रणाली में 957 अलग-अलग वस्तुओं को शामिल कर लिया गया है। इस नए सूचकांक में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और परमाणु बिजली को पहली बार शामिल किया गया है। इसके साथ ही, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी से हटाकर 'ईंधन और ऊर्जा' के समूह में डाल दिया गया है। सरकार ने इस मूल्य निर्धारण प्रणाली को दुनिया के विकसित देशों के मानकों के अनुरूप बनाने के लिए और अधिक पारदर्शी तरीके से 'प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स' (पीपीआई) की शुरुआत भी की है। सवाल है कि थोक महंगाई ने अचानक इतनी तेज छलांग क्यों लगाई? दरअसल, थोक महंगाई की इस आग में सबसे ज्यादा घी डालने का काम ईंधन की कीमतों ने किया है। नई रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि मई 2026 में ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की महंगाई दर 30.33 प्रतिशत के चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 24.89 प्रतिशत थी। इसका प्रमुख कारण पश्चिम एशिया में चल रहा भू-राजनीतिक तनाव और देशों के बीच का संघर्ष है। जब भी दुनिया के उस संवेदनशील हिस्से में अशांति होती है, जहां से पूरी दुनिया को कच्चा तेल मिलता है, तो ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल विदेश से ही खरीदता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल ने भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर दिया है। दूसरी ओर, खाद्य महंगाई हमेशा से भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में संवेदनशील मुद्दा रही है, क्योंकि एक आम भारतीय परिवार की आय का बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ खाने-पीने की बुनियादी चीजों पर ही खर्च होता है। रिपोर्ट के अनुसार, मई 2026 में खाने-पीने की चीजों की थोक महंगाई दर भी तेजी से उछलकर 4.49 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो अप्रैल में 3.11 प्रतिशत के स्तर पर थी। अगर हम सिर्फ प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के सूचकांक को देखें, तो यह दर 3.60 प्रतिशत तक जा पहुंची है। यानी अनाज, फल और दूध जैसी बुनियादी चीजों के दाम भी थोक मंडियों में तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से तिलहन और मसालों की कीमतों में भारी उछाल देश भर में चिंता का विषय बना हुआ है। इसके पीछे मुख्य रूप से दो बड़े कारण जिम्मेदार हैं। पहला, माल ढुलाई का महंगा होना, क्योंकि किसानों के खेतों से निकलकर मंडियों और फिर दुकानों तक अनाज पहुंचाने में डीजल का भारी मात्रा में इस्तेमाल होता है। दूसरा बड़ा कारण मौसम की अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन है। पिछले कुछ समय में कम बारिश, बेमौसम बरसात और बढ़ते तापमान ने कृषि उत्पादन पर काफी बुरा असर डाला है। इस महंगाई का एक और बेहद गंभीर पहलू हमारे देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से सीधे तौर पर जुड़ा है। ये छोटे उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं और सबसे अधिक रोजगार इन्हीं क्षेत्रों से पैदा होता है। जब बड़े कारखानों में महंगाई बढ़ती है, तो उनके पास अक्सर इतना पैसा और बाजार की शक्ति होती है कि वे उस झटके को सह सकें या उसे आसानी से ग्राहकों तक पहुंचा सकें, लेकिन छोटे उद्योगों के पास यह सुविधा नहीं होती। जब किसी छोटे कारखाने को कच्चे माल के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है और साथ ही उसे परिवहन और बिजली का भी भारी बिल चुकाना पड़ता है, तो उसका थोड़ा-बहुत मुनाफा भी खत्म हो जाता है। अगर वह अपनी चीजों की कीमत बहुत बढ़ा देता है, तो आम ग्राहक उसे खरीदना बंद कर देते हैं और बड़ी कंपनियों के उत्पाद खरीदने लगते हैं। इस दोहरी मार से कई छोटे कारखाने बंद होने के कगार पर पहुंच जाते हैं। जब ये बंद होते हैं, तो वहां काम करने वाले श्रमिकों का रोजगार भी छिन जाता है। किसी व्यक्ति का रोजगार जाने का मतलब है कि उस पूरे परिवार की सामान खरीदने की क्षमता खत्म हो जाना। जब लोग बाजार से सामान खरीदना कम कर देते हैं, तो मांग तेजी से घट जाती है और जब मांग घटती है, तो अर्थव्यवस्था की रफ्तार स्वाभाविक रूप से धीमी पड़ने लगती है। थोक महंगाई की यह नई रिपोर्ट केवल बढ़ती कीमतों का एक साधारण संकेत नहीं है, बल्कि यह हमारे उद्योग जगत के सामने खड़े एक बड़े आर्थिक संकट की चेतावनी भी है। जब तक ऊर्जा की अपनी जरूरतों के लिए भारत की निर्भरता दूसरे देशों के कच्चे तेल पर ज्यादा बनी रहेगी, तब तक देश की अर्थव्यवस्था इसी तरह विदेशी झटकों का शिकार होती रहेगी। इस समस्या का एकमात्र स्थायी समाधान यही है कि भारत को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक एवं स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की तरफ अपने कदम मजबूती से बढ़ाने होंगे, ताकि वह ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

## तेल के खेल में भारत के लिए अवसर, कीमतों में नरमी से मिलेगी ऊर्जा

**(जयंतीलाल भंडारी)**

होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दी है, मगर विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए सुधारों की गति बढ़ानी होगी। यकीनन अल नीनो और कमजोर मानसून की चुनौतियों के बीच अमेरिका-ईरान शांति समझौते और होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अधिकांश रिपोर्टें भारत की विकास दर पिछले वर्ष से कम रहने का अनुमान लगा रही हैं, पर 26 जून को प्रकाशित गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल की कम कीमतों और नए आर्थिक उपायों के दम पर भारत 6.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर सकता है। चूंकि, भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, अतः सस्ते कच्चे तेल से उसे कई लाभ होंगे। महंगाई नियंत्रित होगी, देश का आयात बिल कम होगा, विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी होगी और रुपया भी मजबूत होगा। साथ ही, सरकारी तेल कंपनियों पर यह भी दबाव होगा कि वह कच्चे तेल की कम होती कीमत का कुछ फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाए। हाल ही में, जारी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट और भारतीय रिजर्व बैंक, दोनों ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। वहीं, विश्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में वैश्विक विकास दर घटकर 2.5 प्रतिशत रह जाएगी, जबकि भारत 6.6 प्रतिशत विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वैश्विक आर्थिक झटकों के बीच सरकार तेजी से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्रों के साथ संरचनात्मक सुधारों को गति देते हुए अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 में पूरी दुनिया के साथ-साथ भारत के सामने भी आर्थिक चुनौतियां और बढ़ेंगी, अतएव भारत को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए नए उपाय भी करने होंगे। सरकार को 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार के लिए प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना होगा। कच्चे तेल की घटी कीमत, व्यापार समझौतों, नए श्रम कानूनों और बजट प्रावधानों को देश की आर्थिक शक्ति बनाते हुए देश की विकास दर को सात प्रतिशत से अधिक स्तर पर पहुंचाने के प्रयास करने होंगे। हाल ही में, भारत व अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता हुई, जबकि ओमान, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और एफ्टा देशों के साथ हुए समझौते व्यापार व निवेश को गति देंगे। नए श्रम कानून भारत के घरेलू बाजार को मजबूत करने और निर्यात बढ़ाने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते दिखाई दे रहे हैं। ये कानून सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और नारी व युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के रूप में एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगे। उम्मीद करें कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में अर्थव्यवस्था के समक्ष दिखाई दे रही कमजोर मानसून, सूखे की आशंका, महंगाई, मांग में कमी तथा सख्त वित्तीय चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे बढ़ेगी। साथ ही, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार विनिवेश लक्ष्य, एफडीआई बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन और व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन पर तेजी से काम करेगी।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक-6143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली 6143



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. सन् 2000 में यह भारत का 28 वां राज्य बना (4)
4. तुल्यता, बराबरी, संतुलन (3)
7. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. जिससे काम निकल जाए (5)
9. प्रथा, रिवाज, रस्म (3)
12. संगीत का एक अंग जिसमें कलात्मक ढंग से अंगों का संचालन करना, नृत्य (2)
14. जंगल, अरण्य, वन (3)
15. उतनी वस्तु जितनी एक बार में तली य सेकी जाए (2)
16. अंतत, अवश्वमेव, अंत (3)
18. कुटिलता, धोखा या छल करने का भाव (4)
20. अंगहीन, अशक्त (3)
21. महाशय, श्रीमान, महोदय (3)
22. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. चटटा टोकरा, पिटारा (2)
2. आंख आना, ओशाबे चश्म, आई हुई आंख (3)
3. पश्चिमी अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की राजधानी, उर्ध्ववायु (3)
4. यथार्थत, ठीक-ठीक (4)
5. मुझे (मराठी)(2)
6. जो रिश्तें में पिता के बड़े भाई हो (2)
10. स्तूप के आकार का (4)
11. इस वृक्ष के छोटे फलों से मदिरा का निर्माण होता है (3)
12. सिख धर्वावलंबी, खालसा (5)
13. अवाम, पब्लिक (3)
15. ढलवां तट, पर्वत ढाल (2)
17. क्रीड़नक, इस फिल्म में संजीव कुमार ने एक पागल की यादगार भूमिका की थी (1970) (3)
19. पैर, पांव, डग, कदम (2)

### वर्ग पहेली 6142 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | | क | ला | ध | र |
| ज | ल | ज | | ल | | र्म | |
| | र | फ | बु | क | | वी | र |
| पा | | | डा | क | दा | र | |
| | ता | इ | पे | | ना | | सा |
| बो | ल | | स्ट | डी | | घ | र |
| | के | ला | | न | ज | रा | ना |
| च | तु | र | ता | | | ना | थ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दोस्तों, नए संपर्कों और सामूहिक कामों के जरिए धन कमाने के अच्छे मौके मिल सकते हैं। आपका कोई पुराना रुका हुआ पैसा आगे बढ़ सकता है। हालांकि, बुध देव के असर से थोड़ा समय लग सकता है। बिना सोचे-समझे कहीं भी पैसा लगाने से बचें और पूरा ध्यान धन को सुरक्षित करने पर रखें। शाम के समय धन लाभ का कोई अच्छा समाचार मिल सकता है।

### वृष
आर्थिक मामलों में आज धीरे-धीरे अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। घर-परिवार की जरूरतों पर थोड़ा धन खर्च हो सकता है। किसी करीबी पर भरोसा होने के बाद भी बिना पक्के कागजी काम के धन का लेन-देन बिल्कुल न करें। तुरंत मिलने वाले बड़े लाभ के जाल में फंसने के बजाय नियम से चलना ही सही रहेगा।

### मिथुन
आज व्यापारिक साझेदारों या जीवनसाथी के साथ धन को लेकर होने वाली बातचीत बहुत महत्वपूर्ण रहेगी। जब तक हर एक छोटी बात पूरी तरह साफ न हो जाए, तब तक धन से जुड़ा कोई बड़ा वादा न करें। शाम को शुक्र देव आपकी ही राशि में आ रहे हैं।

### तुला
आज सांझा धन, टैक्स, कर्ज या बीमे से जुड़े मामलों में बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। किसी भी कागज पर आगे बढ़ने से पहले उसकी हर एक लाइन को खुद अच्छे से पढ़ लें। पैसों को लेकर आपका नियम से चलना ही आपको हर तरह के तनाव से दूर रखेगा। रुके हुए आर्थिक मामले अब धीरे-धीरे सही दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### वृश्चिक
आज रोज के खर्चों में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन आपका सही बजट सब कुछ आपके नियंत्रण में रखेगा। केवल आराम या दिखावे के लिए फालतू की चीजें खरीदने से पूरी तरह बचें। अपनी धन की योजनाओं को एक बार फिर से देख लेना आज आपके हक में रहेगा। आपकी सूझबूझ आज पुराने रुके हुए कामों को समय पर पूरा करने में मदद करेगी, जिससे दफ्तर के तौर-तरीके सुधरेंगे।

### धनु
आज आपके रचनात्मक कामों और पुरानी योजनाओं से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। मन में उत्साह होने के बाद भी बिना सोचे-समझे धन का जोखिम लेने से बचें। शाम को शुक्र देव के राशि बदलने से नए संपर्कों के जरिए धन लाभ के अच्छे योग बनेंगे। आपका नियम से चलना ही आपको बड़ा फायदा देगा। आपके नए और अच्छे विचार आज कार्यस्थल पर सभी को बेहद पसंद आएंगे।

### कर्क
आज यात्रा, नई शिक्षा या अपने हुनर को निखारने के लिए धन खर्च हो सकता है, जो आगे चलकर आपके बड़े काम आएगा। भावनाओं में बहकर पैसों से जुड़ा कोई भी गलत निर्णय न लें। शाम के बाद शुक्र देव की स्थिति आपके नए संपर्कों और आज आपको अपने ज्ञान को बढ़ाने और नए अवसरों को तलाशने का पूरा मौका मिलेगा।

### सिंह
आज आपकी ही राशि में आ रहे हैं, जिससे आर्थिक मामलों को लेकर नई सोच जागेगी। इसके बाद भी बिना सोचे-समझे कोई बड़ा कदम उठाने से पूरी तरह बचें। कहीं भी धन लगाने से पहले हर एक पहलू को अच्छे से समझ लें। दोस्तों और पुराने संपर्कों से मिलने वाला सहयोग आपकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाएगा।

### कन्या
आज छोटी यात्राओं, कुछ नया सीखने या संचार के साधनों पर धन खर्च होने के योग हैं। समझदारी से खर्च करें और फालतू की चीजें खरीदने से बचें। डिजिटल प्लेटफॉर्म या लिखने-पढ़ने के काम से जुड़े लोगों को धन लाभ के अच्छे मौके मिल सकते हैं।

### मकर
आज घर-परिवार या जमीन से जुड़े मामलों में आज बहुत ही सोच-समझकर प्लानिंग करने की जरूरत होगी। मन के बहकावे में आकर फालतू का खर्च न करें। जब आप अपने बनाए बजट पर टिके रहेंगे, शाम का समय तुरंत कोई कदम उठाने के बजाय आगे के निवेश की योजना बनाने के लिए बेहतर है। आज दफ्तर और घर की जिम्मेदारियां एक साथ आपका समय मांग सकती है।

### कुंभ
आर्थिक मामलों में आज अचानक किसी लाभ के बजाय धीरे-धीरे और सही प्लानिंग के जरिए ही सुधार देखने को मिलेगा। अनचाहे खर्चों से बचें और अपनी बचत को मजबूत करने पर ध्यान दें। किसी भरोसेमंद व्यक्ति से मिलने वाली सलाह आज आपके लंबे समय के लक्ष्यों को सही दिशा देने में बहुत उपयोगी साबित हो सकती है। आज आप कार्यस्थल पर बिना किसी शोर-शराबे के चुपचाप अपने काम को निपटाने में ज्यादा रुचि रखेंगे।

### मीन
आज आपका पूरा ध्यान अपने बजट को सुधारने और आर्थिक स्थिति को सुरक्षित करने पर रहेगा। अपनी बचत और निवेश को लेकर आज किसी अनुभवी व्यक्ति से बहुत अच्छी सलाह मिल सकती है। बिना सोचे-समझे बड़ी खरीदारी करने से बचें। आज की गई यह समझदारी भविष्य को मजबूत करेगी। आपकी सीधी और व्यावहारिक सोच कार्यस्थल की मुश्किलों को बहुत आसानी से हल कर देगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



# सह-मेजबान कनाडा का सफर समाप्त

● लगातार दूसरी बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को

**ह्यूस्टन।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में मोरक्को ने सह-मेजबान कनाडा को 3-0 से हराकर लगातार दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। स्टार मिडफील्डर अज़्ज़ेदीन औनाही ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे, जबकि इंजरी टाइम में सुफियान रहीमी ने तीसरा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। अब मोरक्को का सामना 9 जुलाई को बोस्टन में होने वाले क्वार्टर फाइनल में फ्रांस और पराग्वे के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा।

### पहले हाफ में कनाडा का दबदबा, लेकिन गोल नहीं

मुकाबले की शुरुआत में कनाडा ने शानदार खेल दिखाया और लगातार आक्रमण करते हुए मोरक्को की रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया। मैच का पहला बड़ा मौका कनाडा को मिला, जब अली अहमद के पास पर तानी ओलुवासेयी गोलकीपर के सामने पहुंच गए। हालांकि, मोरक्को के कनाडा में जन्मे गोलकीपर यासीन बूनू ने शानदार बचाव कर अपनी टीम को शुरुआती झटका लगने से बचा लिया। पहले हाफ में मोरक्को को उस समय बड़ा झटका लगा, जब टूर्नामेंट के उनके शीर्ष स्कोरर इस्माइल साइबारी मांसपेशियों में चोट के कारण 22वें मिनट में मैदान छोड़ने पर मजबूर हो गए। उनकी जगह सुफियान रहीमी को उतारा गया।

### दूसरे हाफ में औनाही का जलवा

ब्रेक के बाद मोरक्को ने पूरी तरह मैच का रुख बदल दिया। 50वें मिनट में अशरफ हाकिमी के शानदार सेट-पीस पास पर अज़्ज़ेदीन औनाही ने बॉक्स के बाहर से बेहतरीन पहली टाइमिंग वाला शॉट लगाकर गेंद को नेट में पहुंचा दिया और मोरक्को को 1-0 की बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद मोरक्को का आत्मविश्वास बढ़ गया, जबकि कनाडा की टीम दबाव में आ गई। 82वें मिनट में तेज जवाबी हमले के दौरान ब्राहिम डियाज के पास पर औनाही ने अपना दूसरा गोल दागते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

### रहीमी ने जीत पर लगाई मुहर

इंजरी टाइम (90+8वें मिनट) में ब्राहिम डियाज के शानदार थ्रू पास पर सुफियान रहीमी ने गोल दागकर मोरक्को की 3-0 की शानदार जीत सुनिश्चित कर दी। रहीमी इससे पहले एक हेडर में क्रॉसबार से भी टकराए थे, लेकिन आखिरकार उन्होंने अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज करा ही लिया।

# रांची में 6 जुलाई से अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप की होगी शुरुआत

**देशभर के 438 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा**

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रही है. 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 6 से 12 जुलाई तक सरला बिरला विश्वविद्यालय, महिलौंग परिसर में होगा. सात दिनों तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 438 बाल शतरंज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपनी रणनीति, एकाग्रता तथा बौद्धिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

**पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित** – प्रतियोगिता का आयोजन ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन द्वारा रांची जिला चेस एसोसिएशन के सहयोग से तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को विश्व शतरंज महासंघ की मान्यता भी प्राप्त है. खास बात यह है कि करीब आठ वर्षों के अंतराल के बाद रांची को फिर से इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है. प्रतियोगिता में कुल पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी नवजोत अलंग ने कहा कि रांची के लिए यह बेहद गौरव का अवसर है. प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. हमारा प्रयास है कि खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का माहौल मिले. हमें विश्वास है कि यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप झारखंड के खेल इतिहास में एक नई पहचान बनाएगी और यहां से कई भविष्य के चैंपियन निकलकर सामने आएंगे।



# ईशान बोले-हमने परफेक्ट टीम चुनी थी

**दूसरे टी-20 मुकाबले में हार के बाद ईशान किशन ने टीम चयन पर उठ रहे सवालों का दिया जवाब**

**लंदन(एजेंसी)।** मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में हार के बाद ईशान किशन ने टीम चयन पर उठ रहे सवालों का जवाब दिया। ऑफ स्पिनर की कमी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने साफ कहा कि टीम प्रबंधन ने सर्वश्रेष्ठ संयोजन के साथ मैदान में उतरने का फैसला किया था।ईशान ने कहा, 'नहीं, मेरा मानना है कि हमने परफेक्ट टीम चुनी थी। जब आप मैच नहीं जीतते हैं तो बहुत सारे सवाल और अगर-मगर सामने आने लगते हैं। लेकिन हमारे सभी गेंदबाज बेहतरीन हैं। उन्होंने पहले भी अलग-अलग परिस्थितियों में टीम को जीत दिलाई है। सपाट विकेटों पर भी विकेट निकाले हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि टीम चयन के लिहाज से हम कुछ अलग कर सकते थे।'

### विदेशी परिस्थितियों को बेहतर समझना होगा

हालांकि ईशान ने माना कि भारतीय टीम को इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुसार खुद को बेहतर ढंग से ढालने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमें यह समझना होगा कि परिस्थितियां कैसी हैं और हम उनमें कैसे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। हम भारत के बाहर खेल रहे हैं, इसलिए बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को यह समझना होगा कि यहां की पिच हमसे क्या मांगती है। सिर्फ एक बल्लेबाज या एक गेंदबाज अंतर नहीं ला सकता। पूरी टीम को मिलकर यह समझना होगा कि हम कहां सुधार कर सकते हैं।'

### हमें 20 रन और जोड़ने होंगे

ईशान किशन का मानना है कि भारत लगातार अपनी पारियों के आखिरी ओवरों में गति खो रहा है, जिससे टीम 15-20 रन पीछे रह जा रही है। उन्होंने कहा, 'हमें यह देखना होगा कि हम अतिरिक्त 20 रन कहां से बना सकते हैं। चाहे चौके-छक्कों से या बड़े मैदानों में गैप्स का बेहतर इस्तेमाल करके। इंग्लैंड के बल्लेबाज यहां की परिस्थितियों को हमसे बेहतर समझते हैं।

### इंग्लैंड ने बनाई सीरीज में बढ़त

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन (49), अभिषेक शर्मा (43) और कप्तान श्रेयस अय्यर (37) की पारियों की मदद से 190/7 का स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड ने जैकब बेथेल की नाबाद 76 रन की शानदार पारी के दम पर 19 ओवर में 191/6 बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। भारत की हार में 17वां ओवर निर्णायक साबित हुआ, जिसमें रवि बिश्नोई ने 29 रन खर्च किए।

# भारत-इंग्लैंड टी-20 मैच के दौरान दिखाए गए एडल्ट विज्ञापन

● कीर्ति आजाद ने बीसीसीआई को लिया आड़े हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टी-20 मैच के दौरान दिखाए गए कथित एडल्ट विज्ञापन पर सवाल उठाए हैं और बीसीसीआईसे इस मामले की जांच करने को कहा है। आजाद, जिन्होंने मैच के दौरान सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे के बारे में पोस्ट किया था, ने कहा कि लाखों बच्चों द्वारा देखे जाने वाले खेल के दौरान ऐसे विज्ञापनों का दिखना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो वह संसद में भी यह मुद्दा उठाएंगे। अपनी चिंता बताते हुए आजाद ने कहा कि क्रिकेट देखने वाले परिवारों की बड़ी संख्या इस मुद्दे को और भी अहम बनाती है। उनका तर्क था कि लाइव स्पोर्ट्स इवेंट के दौरान बच्चों को ऐसा कंटेंट नहीं दिखाया जाना चाहिए। आजाद ने आईएएनएस से ??कहा, यह एक एडल्ट विज्ञापन है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ मैच देखते हैं। वे 16 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। इस देश में क्रिकेट को धर्म माना जाता है। जब मैं मैच देख रहा था, तब 44 करोड़ लोग इसे देख रहे थे और मैच के दौरान एक एडल्ट विज्ञापन दिखाया गया। पूर्व ऑल-राउंडर ने कहा कि ऐसे विज्ञापन अक्सर माता-पिता को असहज स्थिति में डाल देते हैं ।

**विंबलडन 2026 में बड़ा उलटफेर**

# एलेक्जेंड्रा एला ने डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक को हराया



**फिलीपींस (एजेंसी)।** विंबलडन 2026 में सेंटर कोर्ट पर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर देखने को मिला। फिलीपींस की 21 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला ने डिफेंडिंग चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 7-6 (11-9), 6-2 से हराकर तीसरे दौर से बाहर कर दिया। पहला सेट 84 मिनट तक चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन टाई-ब्रेक में एला ने शानदार संयम दिखाते हुए बढ़त बनाई और दूसरे सेट में पूरी तरह मैच पर कब्जा जमा लिया।

### स्वियातेक की गलतियां पड़ीं भारी

मैच के दौरान इगा स्वियातेक अपनी लय में नजर नहीं आईं। उन्होंने कुल 44 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका एला ने पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के टाई-ब्रेक में स्वियातेक के पास दो सेट प्वाइंट थे, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सकीं। दूसरे सेट में एला ने 4-0 की बढ़त बना ली। स्वियातेक ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन लगातार गलतियों और दो डबल फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### भावुक अंदाज में खत्म हुआ मुकाबला

आखिरी गेम भी काफी रोमांचक रहा। एला ने चार ब्रेक प्वाइंट बचाए और तीसरे मैच प्वाइंट पर दमदार फोरहैंड विनर लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत के बाद वह खुशी से कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं, जबकि स्वियातेक बिना ज्यादा देर रुके कोर्ट से बाहर चली गईं। यह हार स्वियातेक की किसी ग्रैंड स्लैम में सबसे शुरुआती विदाई है, जब से वह दो साल पहले विंबलडन में तीसरे दौर में यूलिया पुतिन्त्सेवा से हारी थीं।

### एला ने रचा इतिहास

इस जीत के साथ एलेक्जेंड्रा एला ने अपने देश के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। दो दिन पहले ही वह ओपन एरा में किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पहली फिलीपीन खिलाड़ी बनी थीं और अब उन्होंने छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक को हराकर नया इतिहास रच दिया। यह स्वियातेक के खिलाफ एला की तीन मुकाबलों में दूसरी जीत भी रही। अब उनका सामना पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मिन पाओलिनी से होगा। अगर एला यह मुकाबला जीतती हैं तो 1953 फ्रेंच ओपन के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली फिलीपीन एकल खिलाड़ी बन जाएंगी।

# संजू सैमसन के समर्थन में उतरे अंबाती रायुडू

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का मौका मिला, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया। इस फैसले के बाद भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने संजू के समर्थन में सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा किया। रायुडू ने कहा कि सूर्यवंशी का डेब्यू जश्न मनाने लायक है, लेकिन संजू सैमसन के हालिया योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

रायुडू ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'आइए संजू सैमसन के बारे में भी एक पल सोचें। वैभव को डेब्यू करते देखना बेहद खुशी की बात है और इसका जश्न मनाया जाना चाहिए, लेकिन यह मत भूलिए कि सिर्फ तीन टी20 मैच पहले संजू टी20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' थे। मुझे उम्मीद है कि वह दमदार वापसी करेंगे। साथ ही मैं वैभव सूर्यवंशी के लंबे और रिकॉर्ड तोड़ने वाले करियर की भी शुभकामनाएं देता हूं।'संजू सैमसन पहले टी20 मुकाबले में सिर्फ सात गेंदों पर एक रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बाद टीम प्रबंधन ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुए युवा वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया।

# प्रज्ञानंद ब्लिट्स में पिछड़े, अलीरेजा ने बढ़त बनाई

**जागरेब(एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ग्रैंड चेस टूर के क्रोएशिया चरण में रैपिड वर्ग वाला अपना शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम रहे और ब्लिट्ज वर्ग के शुरुआती नौ दौर में सिर्फ 3.5 अंक ही हासिल कर पाए। इस बीच फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शानदार खेल दिखाते हुए एकल बढ़त बना ली है। प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दिन का खेल बाकी है।





### प्रज्ञानंद चौथे स्थान पर खिसके

अलीरेजा ने तेज खेल वाले प्रारूप में कमाल का खेल दिखाया और नौ में से आठ अंक हासिल किए। उन्होंने 20 अंक के साथ अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव पर तीन अंक की बड़ी बढ़त बना ली है। प्रज्ञानंद 15.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश का दिन भी औसत रहा और वे 14 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ग्रैंड चेस टूर के इतिहास में सबसे दमदार प्रदर्शन में से एक में अलीरेजा ने आधे खिलाड़ियों को कम से कम सात अंक पीछे छोड़ दिया है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर 13 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि रोमानिया के डीक बोगदान डैनियल के 11.5 अंक हैं। नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट उनसे दो अंक और पीछे हैं, जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक सिर्फ पांच अंक के साथ सबसे नीचे हैं।

### ब्लिट्ज वर्ग में नौ दौर का खेल शेष

रैपिड वर्ग के बाद अलीरेजा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे प्रज्ञानंद ब्लिट्ज वर्ग में अपनी लय खो बैठे। दिन की शुरुआत कीमर पर जीत के साथ करने के बाद प्रज्ञानंद ने गिरी के साथ अगली बाजी ड्रॉ खेली लेकिन फिर लगातार चार हार ने उनके आत्मविश्वास को कम कर दिया। टूर्नामेंट के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ी ने आठ में से 3.5 अंक जुटाए। गुकेश के लिए भी स्थिति काफी अलग नहीं थी लेकिन उन्होंने प्रज्ञानंद से आधा अंक अधिक हासिल किया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन ने चार बाजी गंवाई। ब्लिट्ज वर्ग में अब भी नौ दौर खेले जाने बाकी हैं लेकिन शीर्ष स्थान शायद पहले ही तय हो चुका है। अगर प्रज्ञानंद इस टूर्नामेंट के आखिरी दिन लय वापस पा लेते हैं तो उनके पास अब भी पोडियम पर जगह बनाने का मौका होगा।

# मेजबान कनाडा को हराकर मोरक्को क्वार्टरफाइनल में पहुंचा, फ्रांस से होगा अगला मुकाबला

**कनाडा (एजेंसी)।** सह मेजबान कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने वाला पहला मेजबान देश बन गया है. ह्यूस्टन में खेले गए टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के पहले मैच में मोरक्को ने दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाते हुए 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की। कनाडा ने मैच की शुरुआत में बेहतर खेल दिखाया, लेकिन वे गोल करने में असफल रहे. जैसे-जैसे पहला हाफ आगे बढ़ा, रेफरी ने सात खिलाड़ियों को येलो कार्ड दिखाया. 40वें मिनट में खेल का माहौल काफी गरमा गया, जब कप्तान अशरफ हकीमी ने रिची लारिया को धक्का दे दिया. दोनों खिलाड़ी एक लंबी बॉल का पीछा कर रहे थे।

दूसरे हाफ में मोरक्को की टीम बदली हुई रणनीति के साथ मैदान पर उतरी और ब्रेक के पांच मिनट बाद ही गोल कर दिया. हकीमी ने फ्री-किक से गेंद को खूबसूरती से अजेदीन ओनाही की तरफ बढ़ाया. ओनाही को बॉक्स के किनारे पर काफी जगह मिली और उन्होंने गोलकीपर मैक्सिम क्रेपो को छकाते हुए गेंद को नेट में डाल दिया. जिससे अफ्रीकी टीम को बढ़त मिल गई। उम्मीद के मुताबिक, कनाडा बराबरी का गोल करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मोरक्को का डिफेंस मजबूत था. उसके बाद ओनाही ने 82वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके जीत पक्की कर दी. इसके बाद स्टॉपेज-टाइम में सूफियान रहीमी ने तीसरा गोल करके जीत पर मुहर लगा दी. अब क्वार्टरफाइनल में मोरक्को का साम फ्रांस से होगा. जिन्होंने पैराग्वे को 1-0 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की है। दोनों टीमों के बीच क्वार्टरफाइनल भारतीय समय के अनुसार 10 जुलाई को रात में 1=30 बजे से खेला जाएगा।





### कनाडा का शनदार सफर खत्म

कनाडा का वर्ल्ड कप का सफर मोरक्को से 3-0 की हार के साथ खत्म हुआ, लेकिन को-होस्ट के तौर पर टीम ने अपने देश के लिए इतिहास रचा. कनाडा ने स्ढ्ढस्न वर्ल्ड कप में अपना पहला पॉइंट हासिल किया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला नॉकआउट मैच जीतकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई. कनाडा के डिफेंडर एलिस्टर जॉनस्टन ने कहा कि उन्हें अपनी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है।

जॉनस्टन ने कहा, मैं बस इस वर्ल्ड कप के बाद आईने में खुद को देखकर यह कहना चाहता हूं कि मैंने अपना सब कुछ मैदान पर झोंक दिया. मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है. भले ही हम ह्यूस्टन में हार गए हों, लेकिन हम जानते हैं कि घर पर हमारा कैसा सांस्कृतिक प्रभाव पड़ रहा है, और यह बात हमारे लिए मायने रखती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### धूमधाम से मना राजद का 30वां स्थापना दिवस

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को नगर भवन, औरंगाबाद में उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। समारोह में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अभय कुशवाहा, गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक सतीश कुमार दास, पूर्व विधायक ऋषि कुमार, पूर्व विधायक रविंद्र सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने केक काटकर किया। इस अवसर पर सांसद अभय कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा के लिए लोकतंत्र कोई मूल्य नहीं, बल्कि सत्ता तक पहुंचने का माध्यम बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनादेश का अनादर, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग और राजनीतिक मर्यादाओं को कमजोर करने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। साथ ही अंगवस्त्र भेंट कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। सांसद ने कहा कि जिस उद्देश्य और विचारधारा के साथ लालू प्रसाद यादव ने राजद की स्थापना की थी, उसे आगे बढ़ाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

# मिट्टी काटते समय ढहा गड्ढा किसान की मौत, बेटा घायल



- घर की लिपाई के लिए मिट्टी काटने के दौरान हुआ हादसा, परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था मृतक

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के ठेंगो ग्राम पंचायत अंतर्गत प्रहलाद बिगहा गांव के बधार में रविवार को मिट्टी काटने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गहरे गड्ढे से घर की लिपाई के लिए मिट्टी निकाल रहे किसान की मिट्टी धंसने से दबकर मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार प्रहलाद बिगहा निवासी जय कुमार चंद्रवंशी (47 वर्ष) अपने पुत्र गुलशन कुमार के साथ घर की लिपाई के लिए खेत में बने एक गहरे गड्ढे से मिट्टी काट रहे थे। दोनों गड्ढे के अंदर उतरकर नीचे की परत से मिट्टी निकाल रहे थे। इसी दौरान अचानक ऊपर की मिट्टी भरभराकर दोनों पर आ गिरी। जय कुमार पूरी तरह मिट्टी में दब गए, जबकि गुलशन कुमार किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा। हादसे में उसे भी चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को मिट्टी से बाहर निकाला और तत्काल नवीनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। रेफरल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. चंदन कुमार ने जांच के बाद जय कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल गुलशन कुमार का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

बताया जाता है कि जय कुमार परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण व रिश्तेदार पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे। घटना के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में घरों की लिपाई एवं अन्य कार्यों के लिए गहरे गड्ढों से मिट्टी निकालने के दौरान इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। उनका कहना है कि बिना सुरक्षा इंतजाम के गहरे गड्ढों में उतरकर मिट्टी काटना बेहद खतरनाक है। स्थानीय लोगों ने ऐसे कार्यों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा उपाय अपनाने और सावधानी बरतने की अपील की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं से बचा जा सके।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत चार महीने पहले हुई थी शादी


मनोज महतो, मृतक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। चार महीने पहले फरवरी में शादी हुई थी। मृतक की पहचान मनोज महतो के पुत्र सन्नी कुमार(21) के तौर पर हुई है। मृतक की भाभी प्रीति कुमारी ने बताया कि शनिवार की रात खाना खाने के बाद सन्नी अपने कमरे में सोने चला गया। पत्नी भी साथ थी। अचानक रात में बेड से नीचे गिर पड़ा। आनन-फानन में इलाज के लिए गोह सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि युवक के गले पर रस्सी के निशान पाए जाने से मामला संदेह के घेरे में है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या या गला घोंटकर हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

परिजन के अनुसार सन्नी की शादी 24 फरवरी 2026 को हसपुरा थाना क्षेत्र के कंचन नगर निवासी उमेश महतो की पुत्री पल्लवी कुमारी से हुई थी। शादी के महज चार महीने बाद हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की मां धनवंती देवी और पत्नी पल्लवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि परिजन की ओर से आवेदन मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की हर बिंदु पर जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# तीन कुर्की वारंटी गिरफ्तार एक की संपत्ति हुई कुर्क

- एक मामले में न्यायालय से रिकॉल आदेश मिलने पर कुर्की कार्रवाई स्थगित, वारंटियों के खिलाफ अभियान जारी

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में दाउदनगर थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर तीन कुर्की वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक फरार अभियुक्त की संपत्ति कुर्क की। वहीं, एक अन्य मामले में न्यायालय से कुर्की वारंट का रिकॉल आदेश प्राप्त होने के कारण कार्रवाई स्थगित कर दी गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दाउदनगर थाना कांड संख्या 06/2002 के कुर्की वारंटी काशी चौधरी एवं राजाराम चौधरी, दोनों निवासी नालबंद टोली, दाउदनगर को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा थाना कांड संख्या 150/22 के कुर्की वारंटी मुन्ना खान उर्फ छोटू खान, निवासी मुंशी मुहल्ला, दाउदनगर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दाउदनगर थाना कांड संख्या 147/10 के कुर्की वारंटी कल्याण जी, निवासी पुरानी शहर, दाउदनगर के मामले में न्यायालय से कुर्की वारंट का रिकॉल आदेश प्राप्त हो गया था। इसके कारण उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, दाउदनगर थाना कांड संख्या 192/19 के कुर्की वारंटी रंजन कुमार उर्फ राजू, निवासी गोसाई टोला, दाउदनगर की संपत्ति न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विधिवत कुर्क की गई। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कुर्की की कार्रवाई पूरी की।

थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा फरार वारंटियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आम लोगों से न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। इस विशेष अभियान में सब इंस्पेक्टर शबनम प्रवीण, नेहा कुमारी, अभिषेक कुमार सहित दाउदनगर थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## नीलगाय को बचाने में बाइक अनियंत्रित, युवक की मौत, दो गंभीर घायल

गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)। गोह थाना क्षेत्र के शिवगंज-बैदराबाद मुख्य सड़क पर रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा राजापुर मोड़ के समीप उस समय हुआ, जब बाइक सवार युवक अचानक सामने आई नीलगाय को बचाने का प्रयास कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब एक बजे बाइक पर सवार तीन युवक शिवगंज-बैदराबाद मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर नीलगाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पेमा गांव निवासी दिलीप राम के 20 वर्षीय पुत्र रविकिशन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पेमा गांव के ही राजेश दास के 22 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार तथा जितेंद्र चंद्रवंशी के 19 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि तीनों युवक घर से बिना बताए निकले थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर सड़क जाम कर आगजनी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहने से वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर गोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया गया है।

## घर से साढ़े तीन लाख की चोरी वेंटिलेटर के रास्ते घुसे चोर

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-25 स्थित मौलाबाग न्यू एरिया में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात सहित करीब साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मौलाबाग न्यू एरिया निवासी देवेंद्र राम के घर में शनिवार रात चोर वेंटिलेटर के रास्ते प्रवेश कर गए। उस समय परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद गहरी नींद में सो रहे थे। चोरों ने घर के कमरे में रखे जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी देवेंद्र राम ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे पूरा परिवार सो गया था। रविवार सुबह जब वे उठे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि घर से सोने का झुमका, मंगलसूत्र, कान का टॉप, चांदी के दो पायल, चांदी की दो चेन तथा 25 हजार रुपये नकद गायब हैं। चोरी गई संपत्ति का कुल मूल्य लगभग साढ़े तीन लाख रुपये बताया गया है। वारदात के दौरान चोर अपना एक शर्ट घटनास्थल पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने साक्ष्य के रूप में जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना के सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा अन्य तकनीकी और भौतिक साक्ष्य जुटाकर चोरों की पहचान में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने पर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के सदस्य एवं वार्ड पार्षद डॉ. केदारनाथ सिंह भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।

### नवबिहार टाइम्स का 37वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न, विभिन्न क्षेत्रों की दर्जनों विभूतियां हुईं सम्मानित

# जनसरोकार की पत्रकारिता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. प्रेम कुमार

- लोकतंत्र की मजबूती के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : श्रवण कुमार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जनसरोकार और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए अपनी अलग पहचान बना चुके नवबिहार टाइम्स का 37वां स्थापना दिवस शनिवार को यहां के एएन कॉलेज सभागार में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह में राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, न्याय, चिकित्सा, साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता की भूमिका, लोकतंत्र की मजबूती तथा समाज के प्रति मीडिया की जिम्मेदारियों पर गंभीर चर्चा हुई। समारोह के मुख्य अतिथि तथा उद्घाटनकर्ता बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार , बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार और लोजपा विधायक दल के उप नेता डॉ प्रकाश चन्द्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और सरकार तथा जनता के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता, सत्य और सामाजिक उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। डॉ कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में सूचना के अनेक माध्यम उपलब्ध हैं, लेकिन विश्वसनीय पत्रकारिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। ऐसे समय में नवबिहार टाइम्स जैसे समाचार पत्र अपनी विश्वसनीयता और जनसरोकारों के कारण अलग पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने अखबार की पूरी टीम को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि क्षेत्रीय समाचार पत्र लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि गांव, किसान, गरीब और आम लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने में स्थानीय और क्षेत्रीय मीडिया की भूमिका सबसे प्रभावी होती है। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ उनकी समस्याओं को भी सरकार के समक्ष रखने का कार्य मीडिया लगातार करता रहा है। उन्होंने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने तीन दशकों से अधिक समय तक समाज और सरकार के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य किया है। जनहित के मुद्दों को लगातार उठाकर अखबार ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब मीडिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और जनपक्षधर रहेगा।

नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि नवबिहार टाइम्स ने अपने 37 वर्षों के सफर में हमेशा समाज की आवाज को महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि अखबार ने ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर आम लोगों का विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में पत्रकारिता के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन नवबिहार टाइम्स निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित की अपनी मूल भावना के साथ आगे भी कार्य करता रहेगा। समारोह के दौरान पत्रकारिता, शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, साहित्य, समाज सेवा, उद्योग, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सम्मानित व्यक्तियों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ,भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी , भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार, एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक विश्वनाथ चंदन, सोनवर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट समेत सैकड़ों जानी - मानी हस्तियां उपस्थित थी । कार्यक्रम में देव एंड फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के नेतृत्व में मुंबई , कोलकाता तथा पटना के कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित .जनसमूह का मन मोह लिया । कार्यक्रम का संचालन शंकर कैमूरी ने किया ।

## आद्रा मेले के अंतिम रविवार को सत्यचंडी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

- सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं ने की विशेष पूजा-अर्चना, शक्तिपीठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की उठी मांग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थस्थल सत्यचंडी धाम, रायपुरा में आयोजित आद्रा मेले के अंतिम रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु माता सत्यचंडी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर पहुंचने लगे। दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे धाम में भक्तिमय वातावरण बना रहा। वेद मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीति-रिवाजों के बीच योग्य आचार्यों के सान्निध्य में माता सत्यचंडी की षोडशोपचार विधि से विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। आचार्य चंदन मिश्रा ने बताया कि शक्ति उपासना के लिए आद्रा नक्षत्र का विशेष महत्व माना गया है। इस नक्षत्र में शक्तिपीठ पर पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्य एवं शुभ फल की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष आद्रा मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

आद्रा मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह, सचिव राजेंद्र सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य लगातार सक्रिय रहे। वहीं, सत्यचंडी युवा क्लब के सदस्यों ने दिन-रात सेवा कार्य में जुटकर श्रद्धालुओं की सुविधा, व्यवस्था और सहयोग सुनिश्चित किया। मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सत्यचंडी धाम जिला मुख्यालय के काफी निकट स्थित है तथा प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित पुण्यदायिनी बटाने नदी के पावन संगम तट पर अवस्थित होने के कारण इसका धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन इस स्थल के समुचित विकास पर ध्यान दे, तो सत्यचंडी धाम को एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे क्षेत्र के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिलेगी।

## इंस्पायर मानक योजना में पांच छात्र राष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए चयनित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर मानक योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस बार औरंगाबाद जिले के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि से जिले के शिक्षा जगत में खुशी की लहर है। जानकारी के अनुसार, चयन प्रक्रिया के तहत पहले जिला स्तरीय और उसके बाद राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। राज्य स्तरीय मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जिले के पांच विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए किया गया है।

सत्र 2023-24 के लिए उच्च विद्यालय, अरई (दाउदनगर) की शालिनी कुमारी तथा अनुग्रह इंटर विद्यालय, औरंगाबाद के नीतीश कुमार का चयन हुआ है। वहीं सत्र 2024-25 के लिए मध्य विद्यालय कर्मा पाण्डेय, रफीगंज के अंकित कुमार, डीएवी, नवीनगर के अश्विनी कुमार तथा उच्च विद्यालय, ओरा (औरंगाबाद) की तृप्ति कुमारी राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने जिला तकनीकी टीम के सदस्य मृदुला सिन्हा, मुकुल पाण्डेय और शोभा तिवारी के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी जिले के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता जिले में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति बढ़ती रुचि का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य छात्रों को भी विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि इंस्पायर मानक योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को अपने नवाचार मॉडल के विकास के लिए 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि औरंगाबाद जिला पिछले कई वर्षों से इंस्पायर मानक योजना में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आ रहा है। इसके पीछे जिला तकनीकी टीम की सतत मेहनत और विद्यालयों में नवाचार को बढ़ावा देने की पहल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिला तकनीकी टीम में मृदुला सिन्हा, मुकुल पाण्डेय और शोभा तिवारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जबकि श्वेता कुमारी, प्रियतमा भारती और भावना कुमारी सहयोगी के रूप में इस अभियान को सफल बनाने में निरंतर योगदान दे रही हैं।

## 90 लीटर महुआ शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 90 लीटर देसी महुआ शराब बरामद करते हुए चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अधौरा सोन दियारा और महदेवां सोन दियारा क्षेत्रों में की गई। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अधौरा बालू घाट के रास्ते सोन दियारा टीला में छापेमारी के दौरान 60 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। मौके से रोहतास जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र के परुहार गांव निवासी जीतू चौधरी और रमेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।

इसके बाद महदेवां गांव स्थित सोन टीला में की गई कार्रवाई में 30 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो अन्य शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान तेजपुरा गांव निवासी संतोष कुमार और विकास कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## जगन्नाथ साहू की पुण्यतिथि पर जरुरतमंदों के बीच मौसमी वस्त्र वितरित

निज संवाददाता | बरूण (औरंगाबाद)



बारुण प्रखंड के पिपरा मोड़ स्थित गुलजार विगहा गांव में स्वर्गीय जगन्नाथ साहू की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों ने जरूरतमंद लोगों के बीच मौसमी वस्त्रों का वितरण किया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने गांव और टोले में घूम-घूमकर जरूरतमंदों तक पहुंचकर उन्हें वस्त्र उपलब्ध कराए। जगन्नाथ साहू के पौत्र चिकू के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में परिवार के अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से मिलकर उन्हें मौसमी वस्त्र भेंट किए और सामाजिक सेवा का संदेश दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि स्वर्गीय जगन्नाथ साहू की पुण्यतिथि पर पिछले कई वर्षों से उनके परिजन इसी प्रकार सेवा कार्य करते आ रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता की यह परंपरा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। लोगों ने कहा कि आज के समय में, जब लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या में सामाजिक दायित्वों को भूलते जा रहे हैं, ऐसे में जरूरतमंदों की सहायता करना अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय पहल है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए, तो एक संवेदनशील, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। इस अवसर पर सरजू कुमार, रवि कुमार, विशाल कुमार, पिंटू कुमार, कौशल राजवंशी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पद्मविभूषण रामविलास पासवान की मनाई गई जयंती

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)




लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से हसपुरा प्रखंड में पद्मविभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। आयोजित समारोह में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए लोजपा (रामविलास) के प्रदेश सचिव एवं वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने कहा कि रामविलास पासवान देश के उन चुनिंदा नेताओं में थे, जिन्होंने लंबे समय तक केंद्र सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई। उन्होंने रेलवे, दूरसंचार, खाद्य एवं उपभोक्ता आपूर्ति तथा कोयला मंत्रालय जैसे अहम विभागों में रहते हुए जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि पासवान ने अपने राजनीतिक जीवन में स्वच्छ और पारदर्शी कार्यशैली की मिसाल कायम की।